GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 07-06-2022

# फरियादियों से जानी जाम की वजह, भेजा थानेदारों को

## एसएसपी ने प्रार्थनापत्र लेकर आए लोगों से फीडबैक लिया, कई ने सराहना भी की

अमर उजाला ब्यूरो



सोमवार को शहरवासी एक बार फिर दिनभर जाम से जूझते रहे। छात्र संघ समेत कई अन्य चाराहों पर लोग परेशान रहे। संवाद

**गोरखपुर।** एसएसपी डॉ. विपिन ताडा ने सोमवार को फरियादियों से ही जिले में जाम की वजह जानी। प्रार्थनापत्र लेकर आए अलग-अलग क्षेत्र के फरियादी से जाम की जगह और वजह जानने के बाद प्वाइंट बनाकर थानेदारों को भेजा।

इन्हीं फरियादियों से फिर सुधार हुआ या नहीं यह भी एसएसपी ने जानने के लिए पीआरओ को जिम्मेदारी सौंपी है। इस दौरान यूनिवर्सिटी-मोहद्दीपुर रोड पर अवैध बस, ऑटो स्टैंड की शिकायत पर सख्त कार्रवाई के लिए एसपी सिटी से कहा। एसपी सिटी खुद इस समस्या का समाधान कराएंगे।

जानकारी के मुताबिक, एसएसपी सोमवार को अपने दफ्तर में फरियाद सुन रहे थे। इस दौरान शस्त्र अपने नाम कराने आए फरियादियों से उन्होंने जाम पर वार्ता की। अलग-अलग इलाकों से आए 10 लोगों से जाम की जगह और वजह पूछा, उसे नोट कर तत्काल थानेदारों को निर्देशित भी किया। पुलिस के कार्य व्यवहार की भी चर्चा की।

### इन जगहों की समस्याएं आईं सामने

- यूनिवर्सिटी से मोहद्दीपुर रोड पर अवैध बस, ऑटो स्टैंड
- सहजनवां थाना चौराहा पर जाम और हादसे का खतरा
- कालेसर मोड़ के पास ट्रकों और बसों के खड़े होने से दिक्कत होती है
- मेडिकल कॉलेज के सामने ऑटो बेतरतीब खड़ी होने से जाम लगता है

### ऑपरेशन क्लीन में इन पर है इस चौराहे की जिम्मेदारी

- यूनिवर्सिटी चौराहा से मोहद्दीपुर तक : एसपी सिटी
- शास्त्री चौक से बेतियाहाता तक : एसपी ट्रैफिक
- पैडलेगंज : सीओ कैंट
- मोहद्दीपुर से कूड़ाघाट तक : सीओ ट्रैफिक
- फलमंडी से टीपी नगर तक : सीओ कोतवाली
- नौसड़ : एसपी नार्थ
- कौड़ीराम : सीओ बांसगांव
- असुरन चौराहा से मेडिकल चौराहा : सीओ गोरखनाथ
- रेलवे स्टेशन से यातायात तिरहा : एसपी सिटी
- पर्यटन विभाग कार्यालय और आसपास : एसपी ट्रैफिक

ऑपरेशन क्लीन को प्रभावी बनाने को फीडबैक लिया गया है। समाधान के लिए संबंधित थानेदार और अफसरों को निर्देश दिया गया है। लापरवाही सामने आने पर कार्रवाई होगी। - **डॉ. विपिन ताडा,** एसएसपी

# शहर के अब नौ और चौराहे होंगे आईटीएमएस से लैस

## नगर निगम इनके संचालन पर पांच साल में खर्च करेगा 2.90 लाख

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। शहर के नौ और चौराहे ट्रैफिक इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) से लैस होंगे। नगर निगम द्वारा चौराहों को चिह्नित कर लिया गया है। इनमें गोरखनाथ मंदिर तिराहा, एमपी पॉलीटेक्निक, हार्वर्ट बंधा तिराहा, फलमंडी चौराहा, स्पोर्ट्स कॉलेज चौराहा, एचएन सिंह चौराहा, कौवाबाग तिराहा, रोडवेज तिराहा और हरिओम नगर तिराहा शामिल हैं। इसके साथ ही शहर में कुल 30 चौराहे आईटीएमएस से संचालित होने लगेंगे।

शहर में 21 चौराहों पर ट्रैफिक पहले से ही आईटीएमएस के जरिये कंट्रोल हो रही है। चौराहों को हाईटेक करने का काम स्मार्ट सिटी मिशन के तहत हो रहा है। इस पर नगर निगम 50.25 करोड़ रुपये खर्च कर रहा है। अब नगर निगम नौ और चौराहों को आईटीएमएस से लैस किया जाएगा। वहीं, ट्रैफिक कंट्रोल के लिए नगर निगम में एक अतिरिक्त कंट्रोल रूम बनाया जा रहा है।

**तीन स्थानों पर मिलेगी फ्री वाईफाई की सुविधा :** आईटीएमएस योजना में ही गोरखनाथ मंदिर, रामगढ़ताल झील, नगर निगम समेत गोलघर में फ्री वाईफाई की भी सुविधा मिलेगी। नगर निगम द्वारा रोडवेज पर फ्री वाईफाई की सुविधा मुहैया कराई जा रही है।



### पब्लिक एड्रेस सिस्टम से भी लैस होंगे चौराहे

**सभी** नौ चौराहों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम लगाया जाएगा। सभी चौराहों पर हाईटेक पैन टिफ्ट जूम कैमरे के साथ ही विभिन्न कोण पर 43 कैमरे लगाए जाएंगे। नगर निगम पांच साल तक आईटीएमएस के संचालन के लिए 2.90 करोड़ रुपये देगा। यह रकम अवस्थापना निधि से दी जाएगी।

### सफाई, अतिक्रमण से लेकर छुट्टा पशुओं की शिकायतें कंट्रोल रूम में दर्ज होंगी

**नगर** निगम में स्थित कंट्रोल रूम को पूरी तरह हाईटेक बनाया जा रहा है। ट्रैफिक कंट्रोल के साथ ही यहां कूड़ा निस्तारण, सफाई व्यवस्था, अतिक्रमण, सड़क मरम्मत, छुट्टा पशु, नामांतरण, स्ट्रीट लाइट, सीवरेज समस्या, हाउस टैक्स संबंधी शिकायतें भी दर्ज होंगी। नगर निगम का दावा है कि इन सभी समस्याओं का निस्तारण सिटीजन चार्टर के मानकों पर किया जाएगा।

शहर के 21 चौराहों पर ट्रैफिक आईटीएमएस से कंट्रोल हो रही है। अच्छी सफलता को देखते हुए नौ और चौराहों को इस सुविधा से लैस किया जा रहा है। नगर निगम परिसर में एक और कंट्रोल रूम स्थापित हो रहा है। यहां नौ चौराहे की ट्रैफिक को कंट्रोल करने की व्यवस्था तो होगी ही, इसमें नगर निगम से जुड़ी सभी समस्याएं पंजीकृत होंगी और तय समय में उन्हें दूर किया जाएगा। – **अविनाश सिंह,** नगर आयुक्त



# वाहनों का धड़ाधड़ काट रहे चालान, बिजली बिल जमा करने की चिंता नहीं

## आईटीएमएस संचालन के लिए 14 चौराहों पर लिया कनेक्शन, करीब चार लाख रुपये की बकाएदारी

रोहित सिंह

गोरखपुर। इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) की मदद से वाहनों के धड़ाधड़ चालान काटे जा रहे हैं, लेकिन इसके संचालन का बिजली बिल नहीं जमा किया जा रहा है। चौदह चौराहों पर सिस्टम लगा है। चार महीने में ही करीब चार लाख बिजली बिल आ चुका है। इसके बावजूद चिंता नहीं की जा रही है।

**यहां लगे आईटीएमएस** ट्रांसपोर्ट नगर, नैसड़, रुस्तमपुर, शास्त्री चौक, अंबेडकर, कचहरी चौराहा, बेतियाहाता चौराहा, छात्रसंघ चौराहा, विश्वविद्यालय चौराहा, असुरन तिराहा, मोहद्दीपुर चौराहा, काली मंदिर चौराहा, बरगदवा तिराहा, पैडलेगंज चौराहा।

नगर निगम के अधिशासी अभियंता ने गत फरवरी शहर के 14 चौराहों पर ट्रैफिक सिग्नल संचालन के लिए बिजली कनेक्शन लिया था, लेकिन संचालन का जिम्मा निजी कंपनी को दिया गया। इसका कंट्रोल रूम नगर निगम मुख्यालय में बनाया गया।

कंट्रोल रूम से ही सभी चौराहों की निगरानी की जाती है। जो वाहक चालक यातायात नियमों का उल्लंघन करते हैं, उनका चालान ऑनलाइन किया जाता है। बिजली निगम से मिली जानकारी के मुताबिक खंड द्वितीय के बक्शीपुर क्षेत्र में यातायात संचालन के लिए अभी तक बिजली कनेक्शन नहीं लिया गया है। तृतीय खंड के मोहद्दीपुर और कूड़ाघाट चौराहे पर आईटीएमएस लगे हैं।

लाइटों से ही यातायात का संचालन किया जा रहा है, लेकिन दोनों चौराहों के कनेक्शन का बिल नहीं जमा किया गया। इसी तरह खंड चतुर्थ के राप्ती नगर में पिछले महीने ही दो चौराहों के लिए कनेक्शन लिया गया, पर बिल नहीं जमा हुआ। अधीक्षण अभियंता शहरी यूसी वर्मा ने बताया कि फरवरी में कनेक्शन जारी किया गया था, लेकिन अभी बिजली बिल का भुगतान नहीं हुआ है। समय से भुगतान होते रहे तो व्यवस्था और प्रभावी तरीके से चलती रहेगी।

बिजली निगम पर नगर निगम की बड़ी बकाएदारी है। 9 करोड़ रुपये नहीं जमा कराए गए हैं। अगर जरूरी सेवाएं नहीं होतीं तो बिजली निगम का दफ्तर सील कर दिया जाता। आईटीएमएस का बिल वसूलने से पहले बिजली निगम के अफसरों को नगर निगम की देनदारी खत्म करनी चाहिए। नगर निगम प्रबंधन, नियमानुसार काम करता है।

**- अविनाश सिंह,** नगर आयुक्त

नगर निगम को चाहिए जैसे, बिजली निगम संबंधी बिलों को केंद्रीय स्तर पर भुगतान करवाया जाता है, वैसे ही नगर निगम भी अपने गृहकर को लेकर केंद्रीय स्तर पर डिमांड भेजकर उसे जमा करवाने का प्रयास करे। नगर निगम की तरफ से गृहकर के संबंध में बकाए को लेकर पत्र लिखा गया था। गृहकर कब से है? किस किस भवन का कब भुगतान किया गया था? इसकी जानकारी नहीं है।

**- यूसी वर्मा,** अधीक्षण अभियंता शहर

**निजी कंपनी की बता रहे जिम्मेदारी :** बिजली निगम ने नगर निगम के अधिशासी अभियंता के नाम पर कनेक्शन दिया है। इसके बावजूद नगर निगम बिल जमा करने से कतरा रहा है। प्रबंधन का कहना है कि यातायात व्यवस्था का संचालन निजी कंपनी के पास है। लिहाजा, बिल का भुगतान भी निजी कंपनी करेगी। इसी फेर में बिल का भुगतान लटका है। संवाद

# चोरी की बाइक के साथ आरोपी गिरफ्तार

चौरीचौरा। पुलिस ने सोमवार दोपहर फुलवरिया मोड़ के पास से एक युवक को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान डुमरी खुर्द निवासी सोनू पासवान के लिए रूप में हुई। इंस्पेक्टर मनोज पांडेय ने बताया कि आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेजवा दिया गया। ब्यूरो

# पति की हत्यारोपी महिला की जमानत अर्जी खारिज

अमर उजाला ब्यूरो

## अपराध की गंभीरता को देखते हुए कोर्ट ने नहीं दी जमानत

गोरखपुर। पति की हत्या के आरोपित पिपराइच थाना क्षेत्र के बैलो टोला सबहिया निवासी संगीता व उसकी बेटी रेनू उर्फ मधु की जमानत अर्जी अपर सत्र न्यायाधीश ओम प्रकाश मिश्र ने अपराध की गंभीरता को देखते हुए खारिज कर दी है।

अभियोजन पक्ष की ओर से अपर जिला शासकीय अधिवक्ता सौरभ श्रीवास्तव एवं विशेष लोक अभियोजक धीरेंद्र जायसवाल का कहना था कि वादिनी संगीता का पति नारद मुनि 15 फरवरी 2022 को सुबह आठ बजे शहर में पेंटिंग का काम करने गया था।

वादिनी जब उसके सेठ से फोन से जानकारी की तो उसने बताया कि उसका भतीजा मुराली व भतीजी संगीता भटहट जा रहे थे तो चकिया नहर के पास भीड़ भाड़ देख कर रुके तो देखा कि एक आदमी को मारकर गाड़ दिया गया था। जो वादिनी के पति की लाश थी।

वादिनी ने अपने पति की हत्या का आरोप गांव के ही रामआसरे व उसके लड़कों बाबूराम, दयाराम, हरिराम पर लगाया। दौरान विवेचना पता चला की वादिनी ने ही अपनी बेटी के प्रेमी सरफुद्दीन और बेटी रेनू उर्फ मधु के साथ मिलकर योजनाबद्ध तरीके से अपने पति की हत्या की है।

# कूड़े में पिस्टल व तमंचा मिला जांच में खिलौना निकला

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। चिलुआताल इलाके के कोईलहवां में बसंतकुंज अपार्टमेंट के पास सोमवार सुबह पिस्टल और तमंचा मिलने की सूचना से हड़कंप मच गया। पुलिस मौके पर पहुंच गई। जांच की तो पता चला कि खिलौना है। एक पालीथिन में रखकर नाली में फेंका गया था, जिसे नगर निगम की महिला सफाईकर्मी ने देखकर पुलिस को सूचना दी थी।

जानकारी के मुताबिक, अपार्टमेंट के पास कूड़ा एकत्र किया जाता है। सोमवार सुबह नगर निगम की महिला सफाईकर्मी पहुंची थी। इसी दौरान उसे पिस्टल और तमंचा दिखा। अपने सुपरवाइजर को बताने के साथ ही पुलिस को सूचना दी। डायल 112 की पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच गई। चौकी इंचार्ज भी पहुंच गए और फिर जांच के दौरान खिलौना पाया गया। मामले में

## महिला सफाईकर्मी ने दी थी पुलिस को सूचना



पिस्टल मिलने की सूचना पर क्षेत्र में हड़कंप मच गया था। अमर उजाला

इंस्पेक्टर चिलुआताल विनोद अग्निहोत्री ने बताया कि महिला सफाईकर्मी ने कूड़े में पिस्टल और तमंचा देखकर सूचना दी थी। जांच में वह खिलौना निकला।

# हत्यारोपित पत्नी व बेटी की जमानत अर्जी खारिज

गोरखपुर (एसएनबी)। पति के हत्या के आरोप में पिपराइच थाना क्षेत्र के बेलो टोला सबहिया निवासी संगीता देवी व उसकी बेटी रेनू उर्फ मधु की सोमवार को जमानत अर्जी अपर सत्र न्यायाधीश ओम प्रकाश मिश्र ने अपराध की गंभीरता को देखते हुए खारिज कर दी है।

**संगीता, बेटी मधु व उसके प्रेमी सरफुद्दीन ने मिलकर की थी नारदमुनि की हत्या**

अभियोजन पक्ष की ओर से अपर जिला शासकीय अधिवक्ता सौरभ श्रीवास्तव एवं विशेष लोक अभियोजक धीरेंद्र जायसवाल का कहना था, कि वादिनी संगीता पिपराइच थाना क्षेत्र के वैलों टोला सवाहिया की रहने वाली है। उसका पति नारद मुनि 15 फरवरी 2022 को सुबह 8 बजे गोरखपुर शहर में पेंटिंग का काम करने गया था। वादिनी ने जब उसके सेठ से फोन से जानकारी की तो उसने बताया कि उसका भतीजा मुराली व भतीजी संगीता भटहट जा रहे थे, तो चकिया नहर के पास भीड़ भाड़ देख कर रुक गए तो देखा कि एक आदमी को मार कर गाड़ दिया गया था। जो कि वादिनी के पति की लाश थी। वादिनी ने अपने पति की हत्या का आरोप गांव के ही रामआसरे व उसके लड़कों बाबूराम, दयाराम, हरिराम पर लगाया। इस दौरान विवेचना से पता चला कि वादिनी ने ही अपनी बेटी के प्रेमी सरफुद्दीन और बेटी रेनू उर्फ मधु के साथ मिलकर योजनाबद्ध तरीके से अपने पति की हत्या की है।

# अतिक्रमणकारियों के खिलाफ गरजा गीडा का बुलडोजर

पिपरौली (एसएनबी)। गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) के औद्योगिक सेक्टर 13 व 15 में किए गए अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध गीडा प्रशासन ने वुलडोजर चला कर अवैध निर्माण ध्वस्त कर दिया है। गीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी पवन अग्रवाल के निर्देश पर 2 दिवसीय यानि 6 और 7 जून को अतिक्रमण हटाओ अभियान का समय नियत किया गया है। अभियान के पहले दिन ही दर्जनों स्थान पर से अवैध अतिक्रमण हटाया गया है। कुछ पक्के निर्माण भी ध्वस्त कर दिए गए हैं। अवैध अतिक्रमण हटाने के अभियान टीम का नेतृत्व गीडा के तहसीलदार वृजमोहन शुक्ला कर रहे थे। तहसीलदार ने वताया कि अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान लगातार चलता रहेगा। जो लोग अवैध अतिक्रमण किए हैं वह अति शीघ्र अपना स्वता अपना अतिक्रमण हटा लें अन्यथा जिला प्रशासन उनका अवैध अतिक्रमण ध्वस्त कर देगा। इस दौरान तहसीलदार केशव प्रसाद, अवैध अतिक्रमण प्रभारी एनके जयसवाल, प्रवंधक विद्युत सुरेश यादव, प्रभारी प्रवंधक वृजेश अग्रहरी, सहायक प्रवंधक विवेक वर्मा, अमीन इंदल प्रसाद, थाना प्रभारी गीडा राहुल सिंह के साथ पुलिस वल मौजूद रहा।



# महिला जनसुनवाई कार्यक्रम कल

गोरखपुर (एसएनबी)। जनपद में मिशन शक्ति 4.0 के अन्तर्गत महिलाओं सें सम्वंधित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं विषयक जागरूकता चौपाल तथा महिला जनसुनवाई कार्यक्रम उप्र महिला आयोग की सदस्य श्रीमती निर्मला द्विवेदी की अध्यक्षता में 8 जून को व्लाक सभागार गगहा में आयोजित किया गया है।

## जानलेवा हमले की कोशिश करने का आरोपी गिरफ्तार

**झंगहा (एसएनबी)।** झंगहा पुलिस ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर देने के दो आरोपितों को सोमवार दोपहर में बरही तिराहे से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। आरोपितों की पहचान बरही निवासी राम भरत गुप्ता और दिलीप कुमार के रूप में हुई। पुलिस उनके खिलाफ धारा 147, 148, 323, 324, 325, 504, 506, 308 के तहत मुकदमा दर्ज कर तलाश कर रही थी।

## सामूहिक दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

**खजनी (एसएनबी)।** खजनी पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म के एक और आरोपित को सोमवार की दोपहर में कस्बे के एसबीआई तिराहा से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसको कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। आरोपित की पहचान क्षेत्र के रामपुर मलौली निवासी राहुल यादव के रूप में हुई। पुलिस उसके खिलाफ धारा 376डी, 5/6 पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश कर रही थी।

## अपहरण कर दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

**झंगहा (एसएनबी)।** नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने के आरोपित को झंगहा पुलिस ने सोमवार दोपहर में करही मोड़ बरही बाजार से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनको कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। आरोपित की पहचान झंगहा महुआरी टोला निवासी विनोद कुमार यादव उर्फ गोलू के रूप में हुई।

# चोरी की बाइक के साथ एक गिरफ्तार

फुटहवा ईनार (एसएनबी)। चौरीचौरा पुलिस ने सोमवार दोपहर में फुलवरिया मोड़ के पास एक युवक को चोरी की वाइक के साथ गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया गया।

प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार पांडेय ने वताया कि सव इंस्पेक्टर विनय कुमार को जानकारी मिली कि एक युवक चोरी की वाइक के साथ कहीं जा रहा है। पुलिस ने चेकिंग शुरू कर दी।

फुलवरिया मोड़ के पास इसी थाना क्षेत्र के ग्राम डुमरी खुर्द निवासी सोनू पासवान पुत्र रामचन्द्र पासवान को पकड़ लिया। उसके पास से चोरी की हीरो सीडी डिलक्स वाइक वरामद किया गया।

पुलिस उसके विरुद्ध 41, 411, 414 आईपीसी के तहत केस दर्ज कर न्यायालय में पेश किया।

# कूड़े के ढेर में मिला पिस्टल व तमंचा

> नगर निगम की महिला सफाईकर्मी ने देखा
>
> पुलिस की जांच में निकला खिलौना

गोरखपुर (एसएनबी)। चिलुआताल इलाके के कोईलहवां में बसंत अपार्टमेंट के पास कूड़े के ढ़ेर में एक पिस्टल और तमंचा मिलने से सनसनी फैल गयी। देखते ही देखते आसपास के लोग जुट गए। सूचना पर डयल 112 और थाने की पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस ने पिस्टल और तमंचे को कब्जे में लेकर जांच शुरू की तो पता चला कि वह नकली है। हालांकि लोगों का कहना है कि देखने में पिस्टल और तमंचा असली की तरह लग रहा था।

कूड़ा उठाते समय देखा पिस्टल और तमंचा पुलिस के अनुसार बसंत अपार्टमेंट के पास कूड़ा डंप किया जाता है। सोमवार की सुबह करीब 11 बजे नगर निगम की महिला सफाईकर्मी जो अपार्टमेंट में झाडू भी लगाती है वह कूड़ा उठा रही थी। तभी उसे कूड़े में एक पिस्टल और तमंचा मिला। उसने शोर मचाया तो आसपास के लोग जुट गए। इस दौरान किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद तुरंत पुलिस मौके पर पहुंच गयी। पुलिस ने पिस्टल और तमंचे को कब्जे में ले लिया। जांच में पता चला कि वह नकली है और बच्चों के खेलने का खिलौना है। जो बिल्कुल असली की तरह दिख रहा था। जिससे महिला सफाईकर्मी धोखा खा गयी।

मामले में इंस्पेक्टर चिलुआताल विनोद अग्निहोत्री ने बताया कि महिला सफाईकर्मी ने कूड़ें में सफाई के दौरान पिस्टल और तमंचा देख सूचना दी थी। जांच में वह खिलौना निकला।

# आईटीएमएस से कंट्रोल होगी अब 30 चौराहों की ट्रैफिक

## 21 चौराहों पर पहले से लग चुका है आईटीएमएम, नौ और चौराहों का चयन

गोरखपुर (एसएनबी)। स्मार्ट सिटी मिशन में अब महानगर के 30 चौराहे शामिल हो गए हैं। 09 नए चौराहों पर यातायात का नियंत्रण इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) से होगा। गोरखनाथ मंदिर तिराहा, एमपी पालीटेक्निक, हरवर्ट बंधा तिराहा, फलमंडी चौराहा, स्पोर्टस कालेज चौराहा, एचएन सिंह चौराहा,कौवा बाग तिराहा, रोजवेज तिराहा, हरिओमनगर तिराहा का नए चौराहों के तौर पर चयन किया गया है। आईटीएमएस पर नगर निगम 50.25 करोड़ की धनराशि खर्च करेगा।

महानगर में नौ और चौराहे पर ट्रैफिक इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) से संचालित होगी। नगर निगम द्वारा चौराहों को चिन्हित कर लिया गया है। इन चौराहों पर निगरानी और कूड़ा से लेकर अतिक्रमण की शिकायतों के निस्तारण के लिए नगर निगम परिसर में एक और कंट्रोल रूम बनाया जा रहा है।

महानगर के 21 चौराहों पर पहले से ही ट्रैफिक का नियंत्रण आईटीएमएस के जरिये किया जा रहा है। नौ नए चौराहों पर ट्रैफिक कंट्रोल के लिए नगर निगम में एक अतिरिक्त कंट्रोल रूम बनाया जा रहा है। सिविल कार्य तेजी से चल रहा है। सभी नौ चौराहों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम लगाया जाएगा। इसके अलावा हाइटेक पैन टिल्ट जूम कैमरे के साथ ही अलग-अलग एंगल पर 43 कैमरे लगाए जाएंगे। नगर निगम पांच साल तक आईटीएमएस के संचालन के लिए 2.90 करोड़ रुपए देगा। अवस्थापना निधि से इस धनराशि की व्यवस्था की जाएगी।

**कंट्रोल एंड कमांड रूम में होगी निगम से जुड़ी शिकायत :** नगर निगम में के नए सदन भवन में कंट्रोल एंड कंट्रोल रूम बनाया जा रहा है। इस हाइटेक रूम निगम से जुड़ी शिकायतें दर्ज कराई जा सकेंगी। यहां कूड़ा निस्तारण, सफाई व्यवस्था, अतिक्रमण, सड़क मरम्मत, छुट्टा पशु, नामांतरण, स्ट्रीट लाइट, सीवरेज समस्या, हाउस टैक्स संबंधी शिकायतें दर्ज होंगी। नगर निगम का दावा है कि इन सभी समस्याओं का निस्तारण सिटीजन चार्टर के मानकों पर किया जाएगा।

**मिलेगी फ्री वाइफाइ की सुविधा :** आईटीएमएस योजना में ही गोरखनाथ मंदिर, रामगढ़ताल, नगर निगम समेत गोलघर में फ्री वाइफाइ की भी सुविधा मिलेगी। नगर निगम की ओर से रेलवे बस स्टेशन पर फ्री वाइफाइ की सुविधा दी जा रही है।

### समस्याओं का होगा तय समय में निस्तारण : नगर आयुक्त

नगर आयुक्त अविनाश सिंह ने कहा कि अब महानगर के 30 चौराहों पर ट्रैफिक का नियंत्रण आईटीएमएस से होगा। 21 चौराहों के अलावा नौ नए चौराहों को आईटीएमस में शामिल किया गया है। नगर निगम परिसर में एक और कंट्रोल रूम बनाया जा रहा है। नए कंट्रोल रूम से नौ चौराहे की ट्रैफिक को कंट्रोल करने के साथ ही नगर निगम से जुड़ी सभी समस्याएं भी दर्ज की जाएंगी। समस्याओं का समाधान निर्धारित समय में किया जाएगा।



# अपहरण, रेप का आरोपित अरेस्ट

**JHANGHA:** पुलिस ने सोमवार की दोपहर साढ़े 12 बजे करही मोड़, बरही बाजार के पास से पाक्सो एक्ट में फरार आरोपित विनोद कुमार यादव उर्फ गोलू यादव को अरेस्ट किया. उसके खिलाफ 27 अप्रैल को किशोरी का अपहरण करके उसके साथ रेप कर मामला दर्ज कराया गया था. वह पुलिस को झांसा देकर कहीं भागने की कोशिश में जुटा था.

# बाइक के साथ पकड़ा गया शातिर

**CHAURI CHAURA:** पुलिस गश्त के दौरान एसआई विनय कुमार और कांस्टेबल प्रिंस कुमार राय ने फुलवरिया तिराहे के पास से चोरी की बाइक संग युवक को अरेस्ट किया. उसकी पहचान डुमरी खुर्द निवासी सोनू पासवान के रूप में हुई. उससे पूछताछ करके पुलिस बाइक चोरी की जानकारी जुटा रही है.

# मारपीट के अभियुक्त अरेस्ट

**JHANGHA:** झंगहा पुलिस ने सोमवार की दोपहर पौने एक बजे बरही तिराहे के पास से रामभरत गुप्ता और दिलीप कुमार को पकड़कर जेल भेजा. उनके खिलाफ झंगहा थाना में मारपीट, बलवा, जानलेवा हमला करने का मामला दर्ज था. कई दिनों से पुलिस उनकी तलाश में जुटी थी.

# तमंचे के साथ जेल भेजा गया शातिर

**BELGHAT:** बेलघाट एरिया के बेईली खुर्द के रतनपुरा मोड़ के पास से पुलिस ने तमंचा और कारतूस के साथ युवक को अरेस्ट किया. उसकी पहचान बेलघाट, कटया निवासी प्रद्युम्न के रूप में हुई. एसओ गौरव कुमार कन्नौजिया ने बताया कि सोमवार की दोपहर पौने दो बजे टीम गश्त पर निकली थी. तभी पुलिस टीम ने युवक को दबोच लिया.

# चौराहों पर निगाह, सुविधाओं का रखेंगे ख्याल

### महानगर के नौ और चौराहों पर आईटीएमएस के तहत लगेंगे ट्रैफिक सिग्नल

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (6 June):** मूलभूत सुविधाओं के लिए नागरिकों को नगर निगम का चक्कर नहीं काटना पड़ेगा. नागरिकों की सहूलियत के लिए नगर निगम महानगर में अपनी सुविधाओं का विस्तार कर रहा है. महानगर के 21 चौराहों के अलावा नौ नये चौराहों पर इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) के तहत ट्रैफिक सिग्नल व कैमरे लगाये जाएंगे. साथ ही दो कमांड एंड कंट्रोल रूम बनाये जा रहे हैं. इनमें मूलभूत सुविधाओं के साथ ही कर के लिए पंजीकरण और कर से जुड़ी समस्याओं के निराकरण की सुविधा दी जाएगी. एक कंट्रोल रूम पुलिस लाइन में बनेगा.



## लगाए जाएंगे 52 कैमरे

नगर निगम में आईटीएमएस के कंट्रोल रूम के बगल में सफाई के लिए कमांड एंड कंट्रोल रूम का काम चल रहा है. इसके साथ ही एक और कंट्रोल रूम बनाया जाएगा. पुलिस लाइन में तीसरा कंट्रोल रूम बनाया जाएगा. यहां से भी चौराहों पर नजर रखी जाएगी. चौराहों पर 52 कैमरे लगाये जाएंगे. नौ चौराहों पर निगाह रखने के लिए पुलिस लाइन में कंट्रोल रूम बनाया जाएगा.

## 50 करोड़ से ज्यादा खर्च

आईटीएमएस के तहत महानगर के चौराहों पर अत्याधुनिक ट्रैफिक सिग्नल के साथ ही पब्लिक एड्रेस सिस्टम और इमरजेंसी बाक्स लगाये जा चुके हैं. ट्रैफिक सिग्नल की व्यवस्था शुरू होने के बाद लोगों को लगातार जागरूक किया जा रहा है. तेज गति पर लगाम के लिए रामगढ़ताल रोड और पैडलेगंज से मोहद्दीपुर रोड के बीच में कैमरे लगाये गए हैं. 60 किलोमीटर प्रति घंटा से ज्यादा गति होने पर आटोमेटिक चालान की शुरुआत हो चुकी है.

## कमांड कंट्रोल रूम से रखेंगे नजर

नगर निगम के नये सदन भवन में बन रहे कमांड एंड कंट्रोल रूम से नगर निगम के वाहनों पर नजर रखी जाएगी. जीपीएस सिस्टम से वाहनों की लोकेशन देखी जाएगी. साथ ही चालकों से संपर्क कर सीधे निर्देश दिये जाएंगे.

## बेसहारा पशुओं की भी कर सकते हैं शिकायत

नगर निगम के कमांड एंड कंट्रोल रूम में कूड़ा निस्तारण, प्रकाश व्यवस्था, जलापूर्ति, सीवरेज सिस्टम, सड़क मरम्मत, भवन कर, सीवर व जल कर, नामांतरण, अतिक्रमण, नये भवनों के पंजीकरण, कर संबंधी विवादों के निस्तारण के साथ ही बेसहारा पशुओं के संबंध में भी शिकायत की जा सकेगी.

## इनको किया गया शामिल

गोरखनाथ मंदिर तिराहा, एमपी पालिटेक्निक, हार्बर्ट बंधा तिराहा, फलमंडी चौराहा, स्पोर्ट्स कालेज चौराहा, एचएन सिंह चौराहा, कौवाबाग तिराहा, रोडवेज तिराहा, हरिओम नगर

## निशुल्क वाईफाई सुविधा

गोरखनाथ मंदिर, रामगढ़ताल, नगर निगम

**“ मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप महानगर में नागरिकों की सहूलियत के लिए सुविधाओं को विस्तारित किया जा रहा है. अब घर बैठे नागरिक अपनी समस्या का समाधान करा सकेंगे. नगर निगम में दो कमांड एंड कंट्रोल रूम बनाये जा रहे हैं. यहां से पूरे महानगर की समस्या का समाधान कराया जाएगा. पुलिस लाइन में कंट्रोल रूम बनाकर नौ और चौराहों पर नजर रखी जाएगी.**



**अविनाश सिंह**, नगर आयुक्त

# कूड़े के ढेर में असलहे देख चौंके लोग, निकला नकली

**चिलुआताल एरिया में कोईलहवां के बसंतकुंज अपार्टमेंट की घटना**

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (6 June): चिलुआताल एरिया में बसंतकुंज अपार्टमेंट के पास कूड़े के ढेर में सोमवार की सुबह असलहे देखकर लोग चौंक गए. कुछ ही देर में वहां भारी भीड़ जमा हो गई. पब्लिक की सूचना पर पुलिस पहुंची तो असलियत सामने आई. जांच में असलहे खिलौना निकले. इससे काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही.

## महिला सफाई कर्मचारी ने देखा असलहा

बसंतकुंज अपार्टमेंट के पास कूड़ा डंप किया जाता है. सोमवार की सुबह करीब 11 बजे नगर निगम की महिला सफाई कर्मचारी कूड़ा उठा रही थी. तभी उसने देखा कि कूड़े में एक पिस्टल और तमंचा पड़ा हुआ है. उसने शोर मचाया तो आसपास के लोग जुट गए. इस दौरान किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दी. जिसके बाद तुरंत पुलिस मौके पर पहुंच गई.

## जांच में निकला नकली लोगों ने ली राहत

पुलिस ने पिस्टल और तमंचे को कब्जे में ले लिया. जांच में पता चला कि वह नकली है और बच्चों के खेलने का खिलौना है. लेकिन देखने में यह बिल्कुल असली जैसा ही है. इस वजह से महिला सफाई कर्मचारी परेशान हो गई. पुलिस इस बात की जांच में जुटी है कि खिलौने वाला असलहा किसने कूड़े में फेंका था.



**"जांच-पड़ताल में असलहे नकली निकले हैं. किसी ने उसे कूड़े में फेंक दिया था. इस बात की छानबीन जारी है.**

**विनोद अग्निहोत्री,**
एसएचओ, चिलुआताल

# एडीजी के पोल में खुली गोरखपुर पुलिस की पोल...

# अनसुनी भी SOCIAL

**डिजिटल कंप्लेन में पुलिस पर कार्रवाई न करने के आरोप**

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (6 June):** जोन के जिलों में चल रहे डिजिटल सर्वे में गोरखपुर पुलिस की रैंकिंग में सुधार दिखने लगा है. एडीजी जोन की ओर से कराए गए सर्वे में 45 परसेंट लोगों ने गोरखपुर पुलिस की कार्यप्रणाली को अति उत्तम बताया है. वैसे तो सर्वे 7 जून (मंगलवार) को पूरा होना है, लेकिन इससे पहले ही गोरखपुराइट्स ने गोरखपुर पुलिस की ओर से की जा रही लापरवाही और अनसुनी को सार्वजनिक कर दिया है. पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पुलिस के कार्य व्यवहार में सुधार के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं. लापरवाही बरतने, मनमानी करने और अनुशासनहीन पुलिस कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई भी होती है.

## 45% ने बताया अति उत्तम

गोरखपुर पुलिस के एक जून से चल रहे सर्वे में छह जून तक कुल 607 लोगों ने पार्टिसिपेट किया. इस सर्वे में 45 परसेंट लोगों ने पुलिस की कार्यप्रणाली को अति उत्तम बताया. जबकि 12 परसेंट ने उत्तम, 18 परसेंट लोगों ने साधारण और 26 परसेंट ने खराब बताते हुए पोल किया. हालांकि, इस बार सर्वे में गोरखपुर पुलिस की हालत पब्लिक की नजर में सुधरी है. जबकि शुरुआती अप्रैल और मई में गोरखपुर का रिजल्ट ठीक नहीं था. पुलिस से जुड़े लोगों का कहना है कि ट्विटर के अलावा आईजीआरएस, एफआईआर की कार्रवाई, फीडबैक लेने सहित अन्य माध्यमों से सर्वे हुआ.

**i SHOCKING**



## शिकायतों पर इंट्रेस्ट नहीं

डिजिटल सर्वे में पुलिस की रैंकिंग भले सुधर रही है. लेकिन शिकायतों का अंबार भी लगा है. सर्वे के ट्विट पर लोगों ने अपनी समस्याएं गिनाई हैं. लोगों ने कहा है कि उनकी शिकायतों के निस्तारण में कोई इंटरेस्ट नहीं लिया जा रहा है. उनकी शिकायतों पर जांच करके आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए लिखकर फॉरवर्ड कर दिया जाता है.



**"ट्विटर पर आने वाली शिकायतों पर कार्रवाई होती है. इसकी नियमित समीक्षा की जाती है. लापरवाही मिलने पर संबंधित लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई होती है.**

**डॉ. विपिन ताडा,**
एसएसपी गोरखपुर

**@Girijes72795410**

बिना हेलमेट के पुलिस वाले गाड़ी चलाएं तो उनका नही, लेकिन आम जनमानस का चालान कट जा रहा है क्यों, यह यक्ष प्रश्न है. दूसरा शास्त्री चौक पर सब्जी वालों द्वारा जाम की समस्या का निराकरण अभी सुचारू रूप से नही हो पा रहा है. क्यों.

**@AjayKum20532352**

माताजी की हत्या को लगभग चार साल होने को है. परंतु अपराध संख्या 92/18 धारा 302 अभियुक्त व्यास मुनि शुक्ला आदि तीन नफर हरपुर बुदहट में अभी तक अपराध शाखा गोरखपुर की ओर से विवेचना का ना ही निस्तारण हुआ. ना ही अभियुक्तों की गिरफ्तारी कराकर मुझ प्रार्थी को न्याय मिल पाया.

**@Rajnesh1996**

महोदय भाजपा नेता और कार्यकर्ता ही न्याय से वंचित. बीजेपी महामंत्री मनोज तिवारी का मुकदमा दर्ज न होना. एफआईआर नंबर 0162/22 में अब तक गिरफ्तारी नही, ऐसे अनेक मामलों हैं महोदय, पैसा बोल रहा है.

**@deveshvaishbjpl**

अपराधियों को संरक्षण थाना प्रभारी और सीओ कोतवाली दे रहे हैं. लगातार उच्चाधिकारियों के संज्ञान में लाने के बाद शिकायत करने के बावजूद कोई कार्रवाई नही कर रहे हैं. बल्कि अपराधियों को सम्मानित करने का काम कोतवाली पुलिस कर रही है.

**@KumarVi20677162**

हर बार चालान सिर्फ पुरुषों का होता है. जबकि महिलाओं का चालान नही काटा जाता है. क्यों, नियम और कानून सबके लिए एक समान है. चाहे वह महिला हो या फिर पुरुष.

# सामूहिक दुष्कर्म के आरोपित को भेजा जेल

सामूहिक दुष्कर्म के एक आरोपित को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया. आरोपित राहुल यादव खजनी थाने के ग्राम मलौली का रहने वाला है. आरोपितों को पहले ही गिरफ्तार करके जेल भेजा जा चुका है.

# नदी में डूबे दोनों भाइयों का शव मिला

**GORAKHPUR:** सरयू नदी में डूबे दोनों सगे भाइयों का शव सोमवार को मिला है. दोनों भाई रविवार सुबह गोला थाना क्षेत्र में सरयू नदी के बारानगर घाट के पास नदी में नहाते समय डूब गए थे. नेवादा गांव के पूर्व ग्राम प्रधान वंशबहादुर यादव का परिवार रविवार सुबह बारानगर में सरयू नदी के तट पर स्थित काली माता के मंदिर पर कढ़ाई चढ़ाने गया था. एसडीआरएफ की टीम ने सोमवार की सुबह घटनास्थल से करीब पांच किलोमीटर दूर देवईपार घाट पर नदी में दोनों भाइयों का शव प्राप्त कियां था.

# चोरी की बाइक के साथ युवक गिरफ्तार

**CHAURICHAURA:** चोरी की बाइक के साथ चौरी चौरा पुलिस ने सोमवार की दोपहर में फुलवरिया मोड़ से एक युवक को गिरफ्तार किया है. आरोपित की पहचान चौरी चौरा थाना क्षेत्र के ग्राम डुमरी खुर्द के सोनू पासवान के रूप में हुई है. पुलिस को काफी दिनों ने इनकी तलाश थी.

# मनबढ़ों ने ईंट से महिला का सिर फोड़ा

बच्चों के विवाद में मनबढ़ों ने ईंट से एक महिला का सिर फोड़ दिया है. मामला हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के अतरौला गांव का है. गांव की प्रभावती देवी ने थाने में तहरीर देकर कहा है कि रविवार की शाम छह बजे के करीब गांव पर बच्चे खेल रहे थे. इस दौरान बच्चों ने आपस में विवाद कर लिया. इसे लेकर गांव के कुछ मनबढ़ों ने ईंट से उनका सिर फोड़ दिया. सोनबरसा बाबू चौकी प्रभारी नवनीत नागर ने बताया कि तहरीर मिली है. आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है.

# ऑपरेशन क्लीन: पब्लिक के फीडबैक पर ट्रैफिक सुधार

PIC: DAINIK JAGRAN I NEXT



छात्रसंघ चौक से पैडलेगंज तक लगा जाम.

**मेरी सड़क खाली करो**

**ऑफिस में पहुंचने वाले लोगों से एसएसपी ने जाना, कहां लग रहा जाम**

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (6 June):** जिले में ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए एसएसपी का ऑपरेशन शुरू किया है. सोमवार को एसएसपी ने पब्लिक का फीड बैक लेकर तत्काल थानेदारों को कार्रवाई का निर्देश दिया. इस दौरान कैंट एरिया में ज्यादा शिकायतें सामने आईं जहां जाम लग रहा है. मोहद्दीपुर में एक मॉल के सामने डिवाइडर को जबरन काटने के मामले में कार्रवाई का निर्देश भी दिए गए हैं.

## फरियादियों से फीडबैक

सोमवार को एसएसपी अपने दफ्तर में पब्लिक की फरियाद सुन रहे थे. इस दौरान आर्म्स लाइसेंस का वरासत कराने के लिए भी करीब 10 आवेदक पहुंचे थे. शस्त्र लाइसेंस के वरासत के लिए सभी का वेरीफिकेशन करते हुए उनसे क्षेत्र की समस्याओं के बारे में भी एसएसपी ने जानकारी ली. उन्होंने पुलिस के कार्यव्यवहार की चर्चा की. थानेदार और चौकी प्रभारियों का फीडबैक लेने के साथ किन-किन जगहों पर ज्यादा जाम लगता है. जाम की वजह क्या है सहित अन्य बिंदुओं पर जानकारी लेकर उसे नोट किया. फिर एक-एक करके संबंधित थानेदारों से बात करते हुए समस्या के समाधान का निर्देश दिया. इस दौरान मौजूद लोगों से एसएसपी ने कहा कि आगे भी यदि कोई दिक्कत आती है तो वह तत्काल अवगत कराएंगे जिससे पब्लिक के हित में कार्रवाई हो सके.

## गांधी गली में लगता जाम

एसएसपी के सामने पेश हुए दो लोगों ने बताया कि गांधी गली में सड़क पर ही फोर व्हीलर खड़े होते हैं. इससे वहां पर जाम लग जाता है. गली में जाम लगने पर गोलघर, बैंक रोड और सिनेमा रोड पर इसका असर पड़ता है. इसके अलावा मोहद्दीपुर में एक मॉल के सामने बंद हुए कट को जबरन खोल दिया गया है. कट को खोलने वालों की तस्वीर कैंट इंस्पेक्टर को भेजकर उन्होंने मुकदमा दर्ज कराने को कहा. इसके अलावा रामगढ़ताल पुल के पास एक कार एजेंसी की गाड़ियों से जाम लगने की शिकायत भी सामने आई. इस पर उन्होंने कैंट इंस्पेक्टर को कॉल करके पांच मिनट तक ब्रीफ किया. एसएसपी ने कहा कि तत्काल इसको अमल में लाते हुए कार्रवाई की जाए.

**10 आवेदक पहुंचे थे. शस्त्र लाइसेंस के वरासत के लिए सभी का वेरीफिकेशन करते हुए उनसे क्षेत्र की समस्याओं के बारे में भी एसएसपी ने जानकारी ली.**

## बसों की शिकायत

यूनिवर्सिटी चौराहे से लेकर मोहद्दीपुर तक प्राइवेट बसों की वजह से भी जाम लगता है. एक पीड़ित ने एसएसपी को बताया कि यूनिवर्सिटी चौराहे के पास खड़ी होने वाली बसें सवारी भरने के चक्कर में जाम लगाती है. देवरिया और कुशीनगर से बसों के आने पर सवारियों के लिए टेंपो और बैट्री रिक्शा वाले दौड़ पड़ते हैं. इससे भी प्रॉब्लम होती है. इस मामले में एसएसपी ने एसपी सिटी को प्रभावी कार्रवाई का निर्देश दिया.

## इन जगहों की समस्याएं आईं सामने

- सहजनवां थाना चौराहा पर भी एक्सीडेंट का खतरा रहता है. वहां जाम लगता है.
- कालेसर मोड़ के पास ट्रक और बसों के खड़ी होने से सड़क पर प्रॉब्लम आती है.
- सिकरीगंज में बड़े वाहनों के गुजरने पर जाम लग जाता है. इससे आवागमन में परेशानी होती है.
- मेडिकल कॉलेज के सामने टेंपो बेतरतीब खड़े होने की समस्या के समाधान की मांग की गई.
- असुरन चौराहे से लेकर मेडिकल कॉलेज तक सड़क चौड़ी होने के बावजूद व्हीकल खड़े होते हैं. इससे जाम की नौबत आ जाती है. गाड़ियों को किनारे खड़े करने की बात की गई.

- यूनिवर्सिटी चौराहा से मोहद्दीपुर तक- एसपी सिटी
- शास्त्री चौक से बेतियाहाता तक- एसपी ट्रैफिक
- पैडलेगंज- सीओ कैंट
- मोहद्दीपुर से कूड़ाघाट तक- सीओ ट्रैफिक
- फलमंडी से टीपी नगर तक- सीओ कोतवाली
- नौसड़- एसपी नार्थ
- कौड़ीराम-सीओ बांसगांव
- असुरन चौराहा से मेडिकल चौराहा- सीओ गोरखनाथ
- रेलवे स्टेशन से यातायात तिरहा-एसपी सिटी
- पर्यटन विभाग कार्यालय और आसपास- एसपी ट्रैफिक

## हर चौराहे के लिए तैनात किए गए है नोडल अफसर

सभी चौराहों के एक-एक अधिकारी को नोडल अफसर बनाया गया है. ऑपरेशन क्लीन के तहत अभियान चलाकर अतिक्रमण, अवैध पार्किंग, होर्डिंग, रेहड़ी ठेले वाले हटाने का निर्देश दिया गया है. इस अभियान के दौरान पुलिस की टीम सभी लोगों से मिलकर सीसीटीवी लगवाने की अपील कर रही है. इस अभियान में एसपी सिटी को यूनिवर्सिटी चौराहे की जिम्मेदारी दी गई है.

**ऑपरेशन क्लीन को प्रभावी बनाने के लिए पब्लिक का फीडबैक लिया जा रहा है. समाधान का निर्देश संबंधित लोगों को दिया गया है. किसी तरह की लापरवाही पाए जाने पर थानेदार जिम्मेदार होंगे.**

**डॉ. विपिन ताडा,** एसएसपी

# साइबर पुलिस ने वापस कराए 7.65 लाख रुपए

शेयर मार्केट में सुझाव के लिए जालसाज ने लिए थे रुपए

**नवंबर में पीड़ित से हुई थी ठगी, जून में वापस हुए रुपए**



**GORAKHPUR (6 June):** सहजनवां के एक युवक से हुई 7.65 लाख रुपए की जालसाजी मामले में साइबर थाने की पुलिस ने रुपए बरामद कर लिए हैं. पुलिस ने युवक को रुपए सौंप दिया है. युवक ने सोमवार को डीआइजी जे रविन्दर गौड को पुष्पगुच्छ देकर साइबर थाने की टीम की सराहना की है.

## पहली बार मिला लाभ

सहजनवां के अभिजीत शेयर मार्केटिंग के कार्य से जुड़े हुए हैं. नवंबर में उनके पास एक अंजान नंबर से फोन आया और उसने बताया कि वह एक सुझाव एजेंसी से जुड़ा हुआ है. उसने बताया कि वह यदि उनके सुझाव पर शेयर खरीदें तो उन्हें लाभ भी मिल सकता है. पहले उन्हें लाभ हुआ तो उन्होंने कॉलर को 10500 रुपए का आनलाइन भुगतान भी किया. दूसरी बार में उन्होंने जालसाज को 50 हजार रुपए का भुगतान किया. उस समय भी उन्हें शेयर मार्केट से लाभ हुआ.

## बड़े अमाउंट में फंस गए

उसके बाद जालसाज ने उन्हें कहा कि वह ऐसे टुकड़ों में काम नहीं करेगा. उसने काम के लिए पांच लाख रुपए मांगे. अभिजीत ने उसे पांच लाख का भुगतान किया, लेकिन जालसाज की तरफ से उन्हें कोई सुझाव नहीं मिला. बाद में वह जालसाज से रकम वापस मांगने लगे तो उसने दो लाख रुपए की और मांग की. इस तरह तीन किस्तों में जालसाज ने उनसे 7.65 लाख ठग लिए. रुपए नहीं लौटाने पर अभिजीत ने इसकी जानकारी साइबर थाने को दी. साइबर थाने की टीम सक्रिय हुई तो चार जून तक कई किस्तों में पीड़ित के रुपए उसे वापस मिल गए. अपनी धनराशि वापस पाने के बाद अभिजीत ने डीआइजी को पुष्पगुच्छ देकर पुलिस के प्रति आभार जताया है.

# करप्शन के आरोपित क्लर्क को 5 साल जेल

**GORAKHPUR (6 June):** विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम तनू भटनागर ने छपिया, गोंडा के रानीबेल मसथनवा बाजार निवासी व स्वास्थ्य एवं परिवार विभाग मुजफ्फरनगर के तत्कालीन कनिष्ठ क्लर्क अभियुक्त इंद्रदेव पांडेय को पांच साल के कठोर कारावास एवं दो लाख रुपया अर्थदंड से दण्डित किया है. अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को एक साल का कारावास अलग से भुगतना होगा. भ्रष्टाचार का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर सजा सुनाई गई है. अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक परमानंद राम त्रिपाठी का कहना था कि चिकित्सा एवं परिवार कल्याण मंत्री रमापति शास्त्री की शिकायत पर पांच मई 2001 को भ्रष्टाचार निवारण संगठन फैजाबाद इकाई द्वारा जांच की गई. जांच में पाया गया कि अभियुक्त एक अप्रैल 1975 को कनिष्ठ क्लर्क के पद पर नौकरी में आया था. अभियुक्त ने वर्ष 1976 से 2001 के मध्य विभिन्न ज्ञात स्रोतों से कुल आठ लाख 52 हजार 834 रुपया आय प्राप्त किया और समय समय पर विभिन्न संपत्तियों के अर्जन पर कुल 13 लाख 12 हजार 216 रुपया व्यय किया. उसने आय की तुलना में 4 लाख 59 हजार 382 रुपया अधिक व्यय किया.

**सुरक्षा** चेन स्नेचर, लुटेरों सहित अन्य बदमाशों पर कसेगा शिकंजा

# गुड मार्निंग गोरखपुर बोलेगी पुलिस

**UPDATE**

### मार्निंग वॉक करने वाले लोगों से लेंगे जानकारी

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (6 June):** शहर में सुबह के समय लूटपाट और छिनैती की वारदातों को रोकने के लिए पुलिस एक बार फिर गुड मार्निंग गोरखपुर कैंपेन शुरू कर रही है. मार्निंग वॉक पर निकले लोगों की सुरक्षा के लिए जगह-जगह कैंपेन चलाया जाएगा. इसके लिए बाकायदा पुलिस कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी. एसपी सिटी ने बताया कि इसके लिए पुलिस कर्मचारियों को प्रॉपर ट्रेनिंग दी गई है. पुलिस कर्मचारी अपनी ड्यूटी पर मौजूद हैं या नहीं, इसकी जांच की जाएगी.

### मार्निंग वॉक पर होते क्राइम

शहर में आए दिन मार्निंग वॉक पर निकले लोगों के साथ छिनैती और लूटपाट की वारदातें होती हैं. पार्क और रोड पर टहलने वाले लोगों को बदमाश निशाना बनाते हैं. कई बार महिलाओं के साथ ईव टीजिंग की शिकायतें भी आती हैं. पूर्व में कैंट और कोतवाली एरिया में हुई घटनाओं में शामिल एक बदमाश को पुलिस ने वही पार्क के पास एनकाउंटर में घायल किया था. वह अपने साथियों संग मिलकर लगातार चेन लूट रहा था. मुंशी प्रेम चंद पार्क के पास उसने महिला की चेन लूट ली. साथ ही कोतवाली एरिया में कोचिंग पढ़ने जा रही छात्रा का मोबाइल लूटकर भाग गए. छानबीन में सीसीटीवी कैमरों की मदद से पुलिस ने उसकी पहचान कर ली. वह दोबारा वारदात को अंजाम देने वही पार्क के पास पहुंचा. तभी पुलिस ने उसे घेरकर घायल कर दिया.

PIC: DAINIK JAGRAN I NEXT



### यह कदम उठाएगी पुलिस

- पुलिस की टीमें पब्लिक प्लेस पर मार्निंग वॉक पर निकलेंगी.
- लोगों से बातचीत करके मोहल्ले में चल रही गतिविधियों की जानकारी लेंगी.
- लूट, छिनैती सहित अन्य वारदातों को अंजाम देने वालों के बारे जानकारी देकर पब्लिक से मदद मांगेंगे.
- मार्निंग वॉक के दौरान होने वाली वारदातों की रोकथाम के लिए पुलिस की टीमें सबकी गतिविधियों पर नजर रखेंगी.
- सीनियर सिटीजन से बात करके उनकी प्रॉब्लम को सॉल्व करने की कोशिश होगी.

**"गुड मार्निंग कैंपेन शुरू किया जा रहा है. इसके जरिए पब्लिक से पुलिस को कनेक्ट किया जाएगा. मार्निंग वाक पर निकलने वाले लोगों की सुरक्षा को देखते हुए यह कार्रवाई की जा रही है.**

**कृष्ण कुमार विश्नोई,**
एसपी सिटी

# कूड़े के ढेर में मिला पिस्टल और तमंचा

चिलुआताल। चिलुआताल इलाके के कोईलहवां में बसंत अपार्टमेंट के पास कूड़े के ढेर में एक पिस्टल और तमंचा मिलने से सनसनी फैल गई। देखते ही देखते आसपास के लोग जुट गए। सूचना पर डॉयल 112 और थाने की पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस ने पिस्टल और तमंचे को कब्जे में लेकर जांच शुरू की तो पता चला कि वह नकली है। हालांकि लोगों का कहना है कि देखने में पिस्टल और तमंचा असली की तरह लग रहा था।

बसंत अपार्टमेंट के पास कूड़ा डंप किया जाता है। सोमवार पूर्वाह्न 11 बजे नगर निगम की महिला सफाईकर्मी जो अपार्टमेंट में झाड़ू भी लगाती है वह कूड़ा उठा रही थी। तभी उसे कूड़े में एक पिस्टल और तमंचा मिला। पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने पिस्टल और तमंचे को कब्जे में ले लिया। इंस्पेक्टर चिलुआताल विनोद अग्निहोत्री ने बताया कि महिला सफाईकर्मी ने कूड़ें में सफाई के दौरान पिस्टल और तमंचा देख सूचना दी थी। जांच में वह खिलौना निकला।

# आर्केस्ट्रा में इनाम देने को लेकर हुआ विवाद

- गुलरिहा थाना के परसौना गांव के टोला जंगल मोहम्मद बरवां का मामला
- बारात की गाड़ियों में मनबढ़ों ने की तोड़फोड़, तमंचा लहरा फैलाई दहशत

भटहट, हिन्दुस्तान संवाद। गुलरिहा थाना क्षेत्र के परसौना गांव के टोला जंगल मोहम्मद बरवां निवासी गणेश के पुत्री की शादी रविवार को थी। इस दौरान आर्केस्ट्रा में डांसर को पैसा देने को लेकर हुए मारपीट में मनबढ़ों ने बारात में आई गाड़ियों में तोड़फोड़ करने के साथ ही तमंचा लहराते हुए दहशत फैला दिया।

सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने एक युवक को हिरासत में ले लिया है, जबकि अन्य मौके से भागने में सफल रहे। मनबढ़ों के तमंचा लहराने का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पीड़ित गणेश का कहना है कि बारात महराजगंज के श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के नन्हा सोहवल से आई थी। द्वारपूजा के बाद घर से थोड़ी दूर पर बारातियों के ठहरने की व्यवस्था की गई थी, वहीं आर्केस्ट्रा पार्टी द्वारा डांस चल रहा था। रात लगभग 12 बजे गांव के कुछ युवकों के साथ ही पड़ोसी गांव के मनबढ़ आर्केस्ट्रा में नाच रही डांसरों के साथ छेड़छाड़ करने लगे। बारातियों द्वारा इसका विरोध करने पर मनबढ़ युवक गाड़ियों का शीशा तोड़ने के साथ ही कुर्सी आदि में तोड़फोड़ करने लगे।

बताया जा रहा है जवरह कि समीप के गांव का एक युवक तमंचा लहराते हुए गोली मारने की धमकी भी देने लगा। लोगों का कहना है कि गांव के ही धर्मेंद्र जो बीच बचाव कर रहे थे, दो दर्जन मनबढ़ जान से मारने की धमकी भी देने लगे। सूचना पर मौके पर पहुंचे भटहट चौकी प्रभारी ज्योति नारायण ने एक आरोपी युवक को हिरासत में लिया गया है।

# गीडा में अधिग्रहीत जमीन में हुए निर्माण को किया गया ध्वस्त

## कार्रवाई

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। गीडा सेक्टर 13 एवं 15 में अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया गया। इस दौरान अवैध अतिक्रमण एवं निर्माण हटाया गया। गीडा प्रशासन द्वारा अधिग्रहित जमीन पर हुए निर्माण को लेकर लगातार कार्रवाई की जाएगी।

गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी की ओर से सोमवार और मंगलवार को अतिक्रमण हटाने की तिथि निर्धारित की गई थी। इसी क्रम में सोमवार को तहसीलदार गीडा बृजमोहन शुक्ला की अध्यक्षता में गीडा थाना पुलिस प्रशासन के साथ गीडा सेक्टर-13 में अवैध अतिक्रमण एवं अवैध निर्माण को हटाने की कार्रवाई की गई। गीडा सेक्टर-13 की पिपरौली पुलिस चौकी मार्ग पर हुए अवैध अतिक्रमण एवं अवैध निर्माण को अभियान चला कर हटाया गया। मंगलवार सात जून को भी अवैध निर्माण एवं अतिक्रमण अभियान चला कर हटाया जाएगा। इस दौरान प्रभारी अवैध निर्माण एनके जायसवाल, प्रबंधक विद्युत सुरेश यादव, प्रबंधक सिविल बृजेश अग्रहरी, प्रबंधक सिविल राम कुमार, सहायक प्रबंधक सिविल विवेक वर्मा, इंदल प्रसाद अमीन उपस्थित रहे।

# हत्या आरोपित मां-बेटी की जमानत खारिज

गोरखपुर। पति की हत्या के आरोपित पिपराइच थाना क्षेत्र के बेलो टोला सबहिया निवासी संगीता देवी व उसकी बेटी रेनू उर्फ मधु की जमानत अर्जी अपर सत्र न्यायाधीश ओम प्रकाश मिश्र ने अपराध की गंभीरता को देखते हुए खारिज कर दी है। अभियोजन पक्ष की ओर से अपर जिला शासकीय अधिवक्ता सौरभ एवं विशेष लोक अभियोजक धीरेंद्र जायसवाल का कहना था कि वादिनी संगीता पिपराइच थाना क्षेत्र के बैलो टोला सबाहिया की रहने वाली है। वादिनी ने अपने पति की हत्या का आरोप गांव के ही रामआसरे व उसके लड़को बाबूराम, दयाराम, हरिराम पर लगाया। दौरान विवेचना पता चला की वादिनी ने ही अपनी बेटी के प्रेमी सरफुद्दीन और बेटी रेनू उर्फ मधु के साथ अपने पति की हत्या की है।

# भ्रष्टाचार के जुर्म में लिपिक को पांच साल कारावास की सजा

- मुजफ्फरनगर जिले में स्वास्थ्य एवं परिवार विभाग में था तैनात
- गोण्डा जिले के रानीबेल मसथनवा बाजार का निवासी है इंद्रदेव पाण्डेय

गोरखपुर, निज संवाददाता। भ्रष्टाचार का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम कोर्ट तनू भटनागर ने गोंडा जिले के छपिया थाना क्षेत्र के रानीबेल मसथनवा बाजार निवासी व स्वास्थ्य एवं परिवार विभाग मुजफ्फरनगर के तत्कालीन कनिष्ठ लिपिक अभियुक्त इंद्रदेव पांडेय को पांच साल के कठोर कारावास एवं दो लाख रुपये अर्थदंड से दण्डित किया है। अर्थदंड न देने पर एक साल का कारावास अलग से भुगतना होगा।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक परमानंद राम त्रिपाठी का कहना था कि चिकित्सा एवं परिवार कल्याण मंत्री रमापति शास्त्री की शिकायत पर 5 मई 2001 को भ्रष्टाचार निवारण संगठन फैजाबाद इकाई द्वारा जांच की गई। जांच में पाया गया कि अभियुक्त 1 अप्रैल 1975 को कनिष्ठ लिपिक के पद पर नौकरी में आया था। संपूर्ण जांच की अवधि में उपलब्ध आकड़ों से विभिन्न कटौतियों के बाद शुद्ध वेतन के रूप में उसे छह लाख 72 हजार 834 रुपया प्राप्त हुआ था।

# फरियाद सुनने के साथ ट्रैफिक जाम पर लिया फीडबैक

## रायशुमारी

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। शहर की ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए एसएसपी डा. विपिन ताडा ने सोमवार को दफ्तर में आए फरियादियों से भी फीडबैक लिया। लोगों ने जो समस्या बताई उसे नोट किया और संबंधित इलाके के थानेदारों को कार्रवाई का निर्देश दिया। फरियादियों ने कैंट इलाके में सबसे ज्यादा ट्रैफिक समस्या गिनाई जिसकी वजह से उन्हें जाम का सामना करना पड़ता है।

सोमवार को अपनी फरियाद लेकर आए लोगों से एसएसपी ने पुलिस के कार्य व्यवहार और ट्रैफिक को लेकर चर्चा की। असलहा लाइसेंस का वरासत कराने के लिए आए करीब 10 आवेदकों से एसएसपी उनके क्षेत्र की समस्याओं के बारे में भी जानकारी ली। उनके थानेदार और चौकी प्रभारियों का फीडबैक लिया और किन-किन जगहों पर ज्यादा जाम की समस्या सामने आती है यह पूछा।

एसएसपी के सामने पेश हुए दो लोगों ने बताया कि गांधी गली में सडक़ पर ही चार पहिया गाड़ी खड़ी होने से वहां पर जाम लगता है।

गोलघर, बैंक रोड और सिनेमा रोड पर भी इसका असर पड़ता है। इसके अलावा मोहद्दीपुर में एक मॉल के सामने बंद हुए कट को जबरन खोल दिया गया है उससे भी जाम को लेकर दिक्कत आ रही है।

एसएसपी ने कट को खोलने वालों पर मुकदमा दर्ज कराने के लिए इंस्पेक्टर कैंट से कहा। वहीं रामगढ़ताल पुल के पास एक कार एजेंसी की गाडियों से भी जाम लगने की लोगों ने शिकायत की। जिसका ट्रैफिक पुलिस ने संज्ञान लिया।

एक पीड़ित ने बताया कि विश्वविद्यालय चौराहे के पास खड़ी होने वाली बसें सवारी भरने के चक्कर में जाम लगाती हैं। देवरिया और कुशीनगर से बसों के आने पर सवारियों के लिए टेंपो और बैट्री रिक्शा वाले दौड़ पड़ते हैं। इससे भी समस्या होती है। इस मामले में एसएसपी ने एसपी सिटी को प्रभावी कार्रवाई का निर्देश दिया।

### इन इलाकों में भी होती है दिक्कत

• सहजनवां थाना चौराहा पर भी जाम लगने के साथ दुर्घटना का खतरा रहता है। • कालेसर मोड़ के पास ट्रक और बसों के खड़े होने से सडक़ पर समस्या आती है। • सिकरीगंज से बडे वाहनों के गुजरने पर यहां भी जाम लग जाता है। • मेडिकल कॉलेज के सामने टेंपो बेतरतीब खड़े होने से समस्या होती है। • असुरन चौराहे से लेकर मेडिकल कॉलेज तक सडक़ पर गाड़ियां खड़ी होने से जाम की समस्या।

### इन चौराहों पर अधिकारी

• विश्वविद्यालय चौराहा से मोहद्दीपुर तक: एसपी सिटी • शास्त्री चौक से बेतियाहाता तक: एसपी ट्रैफिक • पैडलेगंज- सीओ कैंट • मोहद्दीपुर से कूड़ाघाट तक: सीओ ट्रैफिक • फलमंडी से टीपी नगर तक: सीओ कोतवाली• नौसड़: एसपी नार्थ

# छात्र की सूझबूझ से बड़ा हादसा टला

## छात्रसंघ चौराहा

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। महानगर के छात्रसंघ चौराहे से पैडलेगंज की तरफ जाने वाले सड़क पर सोमवार दोपहर एचटी लाइन का तार टूटकर गिर गया। उधर से गुजर रहे छात्र नागेन्द्र ने बिजली तार देखकर खुद को सम्भालते हुए मोर्चा सम्भाला। दूसरों को भी सड़क पर खड़ा होकर सचेत करने लगा। नागेंद्र के हौसले और तत्परता को देख राहगीरों ने भी उसकी तारीफ की।

दरअसल, छात्रसंघ चौराहे से पैडलेगंज के बीच में दोपहर के वक्त अचानक तार टूटकर बीच सड़क पर गिर गया। तार के बगल में खड़ा होकर एक लड़का सभी को तार से दूरी बनाने की सलाह दे रहा था। गनीमत थी कि कोई राहगीर इस बीच टूटे तार के संपर्क में नहीं आ सका। इसी बीच बिजली निगम की टीम उसी रास्ते से गुजरी। तार टूटा देख, उपखंड अधिकारी ऐश्वर्य सिंह को सूचना देने के साथ लोगों को दूर से दूरी बनाकर रहने की सलाह दी।

पैडलेगंज चौकी पर पहुंच, चौकी इंचार्ज को मामले की जानकारी दी। चौकी इंचार्ज ने तत्काल चौकी के सिपाही रोहित को मौके पर भेजा। इस तत्परता से बड़ी घटना होने से टल गई। उपखंड अधिकारी ने बताया कि हालांकि, तार के टूटने व सड़क पर गिरकर संपर्क में आते ही आपूर्ति अपने आप बंद हो गई। ऐहतियात के तौर पर बिजली घर से आपूर्ति को भी बंद कर दी गई। करीब 40 मिनट की मशक्कत के बाद टूटे तार को दुरुस्त कर आपूर्ति शुरू की।



छात्रसंघ चौराहे से पैडलेगंज को जाने वाली सड़क पर टूट कर लटका एचटी लाइन तार (लाल घेरे में)।

वर्तमान में 21 चौराहों पर आईटीएमएस से नियंत्रित किया जा रहा है ट्रैफिक, नगर निगम में एक और हाईटेक कंट्रोल रूम बन रहा

# शहर के नौ और चौराहे आईटीएमएस से जुड़ेंगे

**व्यवस्था**

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। महानगर में नौ और चौराहे पर यातायात व्यवस्था इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम ( आईटीएमएस ) से संचालित होगी। नगर निगम द्वारा चौराहों को चिन्हित कर लिया गया है। इन चौराहों कूड़ा से लेकर अतिक्रमण की शिकायतों के निस्तारण के लिए नगर निगम परिसर में एक और कंट्रोल रूम बनाया जा रहा है। शहर में 21 चौराहों पर ट्रैफिक पहले से ही आईटीएमएस के जरिये कंट्रोल हो रहा है।

चौराहों को हाइटेक करने का काम स्मार्ट सिटी मिशन के तहत हो रहा है। आईटीएमएस को लेकर नगर निगम 50 करोड़ रुपये से अधिक की राशि खर्च कर रहा है। नौ चौराहों पर ट्रैफिक कंट्रोल के लिए नगर निगम में एक अतिरिक्त कंट्रोल रूम की स्थापना की जा रही है। कंट्रोल रूम के लिए सिविल का काम तेजी से चल रहा है। सभी नौ चौराहों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम लगाया जाएगा। सभी चौराहों पर हाइटेक पैन टिल्ट जूम कैमरे के साथ ही विभिन्न कोण पर 43 कैमरे लगाए जाएंगे। कंट्रोल रूम के संचालन पर करोड़ों रुपये खर्च हो रहे हैं। नगर निगम पांच साल तक आईटीएमएस के संचालन के लिए 2.90 करोड़ रुपये देगा। यह रकम अवस्थापना निधि से दी जाएगी।

**इन चौराहों पर बढ़ेगी निगरानी:** कौआ बाग, हरिओम तिराहा, एचएन सिंह चौराहा, फल मंडी तिराहा, गोरखनाथ मंदिर तिराहा, रोडवेज तिराहा, हार्बर्ट बंधा तिराहा, एमपी पॉलीटेक्निक और स्पोर्ट्स कॉलेज चौराहा भी आईटीएमएस से जोड़कर निगरानी तेज की जाएगी।

सफाई, अतिक्रमण से लेकर



### इन स्थानों पर मुफ्त वाईफाई सुविधा

आईटीएमएस योजना में ही गोरखनाथ मंदिर, रामगढ़झील, नगर निगम परिसर समेत गोलघर में फ्री वाईफाई की भी सुविधा मिलेगी। नगर निगम द्वारा रोडवेज पर फ्री वाईफाई की सुविधा मुहैया कराई जा रही है।

"महानगर के 21 चौराहों पर यातायात व्यवस्था आईटीएमएस से कंट्रोल हो रही है। इसकी सफलता को देखते हुए 9 अन्य चौराहों पर भी आईटीएमएस की सुविधा दी जा रही है। नगर निगम परिसर में एक और कंट्रोल रूम स्थापित हो रहा है। यहां नौ चौराहे की ट्रैफिक को कंट्रोल करने की व्यवस्था तो होगी ही, इसमें नगर निगम से जुड़ी सभी समस्याएं पंजीकृत होंगी और तय समय में उन्हें दूर किया जाएगा।

अविनाश सिंह, नगर आयुक्त

**50** करोड़ ट्रैफिक कंट्रोल पर किया जा रहा खर्च

- नये कंट्रोल रूम में कूड़ा, सफाई व अतिक्रमण की शिकायत होगी दर्ज
- कंट्रोल रूम के संचालन के लिए तीन करोड़ रुपये देगा निगम

**छुट्टा पशुओं की शिकायतें दर्ज होंगी:** नगर निगम में स्थित कंट्रोल रूम को पूरी तरह हाइटेक बनाया जा रहा है। ट्रैफिक कंट्रोल के साथ ही यहां कूड़ा निस्तारण, सफाई व्यवस्था, अतिक्रमण, सड़क मरम्मत, छुट्टा पशु, नामांतरण, स्ट्रीट लाइट, सीवेज समस्या, हाउस टैक्स संबंधी शिकायतें भी दर्ज होंगी। नगर निगम का दावा है कि इन सभी समस्याओं का निस्तारण सिटीजन चार्टर के मानकों पर होगा।

**ये चौराहे जुड़े हैं आईटीएमएस से:** नौसड़, ट्रांसपोर्ट नगर, रुस्तमपुर, अमर उजाला तिराहा, पैडलेगंज, मोहद्दीपुर, कूड़ाघाट, विश्वविद्यालय चौराहा, गोलघर चौराहा, कचहरी चौराहा, शास्त्री चौक, बेतियाहाता चौक, आंबेडकर चौक, छात्रसंघ चौराहा, यातायात चौराहा, पादरी बाजार चौक, असुरन चौराहा, बरगदवा चौराहा, अग्रसेन चौराहा व खजांची चौराहा।

## रेड सिग्नल पर गाड़ी बंद कर रोकें वायु प्रदूषण

गोरखपुर। यातायात जागरूकता अभियान के साथ ही ट्रैफिक पुलिस ने सोमवार को वायु प्रदूषण को कम करने के लिए भी लोगों को जागरूक किया। ईंजन ऑफ इनिसीएटिव के तहत ट्रैफिक पुलिस ने मोहद्दीपुर चौराहे पर इसका अभियान चलाया। लोगों से अपील की गई कि रेड सिग्नल पर गाड़ी बंद कर वायु प्रदूषण रोकने में मदद करें।

मोहद्दीपुर चौराहे पर उपस्थित चालकों को पुलिस अधीक्षक यातायात डॉ. एमपी सिंह ने बताया कि यात्रा करते समय जब आप स्टाप लाइन यानी रेड सिग्नल पर रुकें तो अपने वाहन के इंजन को ऑफ कर लें, बेवजह इंजन के आन रहने से धुंआ होगा, जिससे वायु प्रदूषण बढ़ेगा, इंजन बंद करने से वायु प्रदूषण को कुछ हद तक कम किया जा सकता है।

उन्होंने बताया कि एक सर्वे के अनुसार भारत में प्रत्येक वर्ष वायु प्रदूषण से सत्तर लाख लोगों के मृत्यु होती है। कार्यक्रम में यातायात निरीक्षक मनोज राय, चौकी प्रभारी मोहद्दीपुर, एचडीएफसी बैंक के सर्किल हेड अजय गुप्ता, क्लस्टर हेड शिप्रा श्रीवास्तव, तरुण गुप्ता नितिन गेडिया तथा अन्य पुलिसकर्मी व एचडीएफसी बैंक के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खटारा सरकारी वाहन भी भरेंगे 10,000 जुर्माना

गोरखपुर, मुख्य संवाददाता। ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने और वाहनों की फिटनेस ठीक न रहने पर आम-अवाम से जुर्माना वसूलने वाले विभाग आरटीओ में शासन की एक चिट्ठी ने हड़कम्प मचा दी है। अब सड़कों पर फर्राटा भर रहे सरकारी वाहनों को भी प्रदूषण मुक्त प्रमाणपत्र जमा करना होगा। ऐसा न किए जाने पर वाहनों पर 10-10 हजार रुपये जुर्माना लगेगा। सूत्रों का कहना है कि 75 फीसदी से अधिक सरकारी वाहनों का प्रदूषण मुक्त प्रमाणपत्र नहीं जमा किया गया है।

मंडल में आए दिनों सैकड़ों वाहनों का चालान हो रहा है। यातायात पुलिस जिन वाहनों का चालान कर रही है उनके मालिकों से जुर्माना वसूल किया जा रहा है। आरटीओ कार्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा भी वाहनों की फिटनेस ठीक न होने पर कार्रवाई की जा रही है। उनके मालिकों से भारी जुर्माना वसूल किया जा रहा है।

आम अवाम पर हो रही ऐसी ही सख्ती अब सरकारी वाहनों को लेकर भी बरती जाएगी। ऐसा शासन से आई एक चिट्ठी के बाद हो रहा है। परिवहन आयुक्त ने सभी सरकारी विभागों से साफ तौर पर कहा है कि उनके विभाग में चल रहे वाहनों का पर्यावरण मुक्त प्रमाण पत्र होना जरूरी है। अन्यथा उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। परिवहन आयुक्त ने नगरीय परिवहन निदेशालय को पत्र भेजने के लिए साथ जिलाधिकारियों को भी अवगत कराया है। शासन ने स्पष्ट तौर पर कहा है कि सरकारी विभागों में चलने वाले सरकारी वाहनों का भी प्रदूषण मुक्त प्रमाण पत्र हरहाल में बनवाया जाए।

**केंद्रीय मोटरयान नियमावली के तहत होगी कार्रवाई:** आयुक्त परिवहन द्वारा भेजे गए पत्र में स्पष्ट तौर पर कहा है कि वाहनों का प्रदूष मुक्त प्रमाणपत्र न होने पर केंद्रीय मोटरयान नियमावली के तहत कार्रवाई की जाए। इसी नियमावली में दिए गए प्रावधानों के तहत जुर्माना भी वसूल किया जाए।

**सख्ती**

- प्रदूषण मुक्त प्रमाण पत्र न जमा करने वाले शासकीय वाहन निशाने पर
- मंडल में 75 फीसदी से अधिक वाहनों का प्रदूषण प्रमाणपत्र जमा नहीं

### गोरखपुर में अफसरों के बीच बढ़ी सक्रियता

सूत्रों का कहना है कि आयुक्त परिवहन के निर्देश के बाद गोरखपुर जिले के तकरीबन सभी सरकारी विभागों में वाहनों को लेकर सक्रियता बढ़ गई है। एक तरफ जहां वाहन चालकों द्वारा फिटनेस और प्रदूषण मुक्त प्रमाणपत्र बनवाने के लिए प्रक्रिया शुरू करा दी गई है वहीं दूसरी तरफ विभागों के जिम्मेदारों द्वारा इसे लेकर सख्ती बरती जा रही है।

# कूड़े में असलहे मिलने की सूचना से सनसनी, जांच में निकला खिलौना

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : कोईलहवां स्थित बसंतकुंज अपार्टमेंट के पास सोमवार की सुबह कूड़े के ढेर में एक पिस्टल और तमंचा मिलने की सूचना से सनसनी फैल गयी। देखते ही देखते आसपास के लोग जुट गए। सूचना पर डायल 112 और चिलुआताल थाने की पुलिस पहुंच गयी। जांच में पता चला कि कूड़ादान में मिली पिस्टल व तमंचा नकली है।

नगर निगम की महिला सफाईकर्मी सुबह आठ बजे झाड़ू लगाने पहुंची तो उसे कूड़े में एक पिस्टल और तमंचा मिला। उसने शोर मचाया तो आसपास के लोग जुट गए। प्रभारी निरीक्षक चिलुआताल विनोद अग्निहोत्री ने बताया कि कूड़ादान में पिस्टल व तमंचा को कब्जे में लेकर जांच की गई तो पता चला कि वह बच्चों का खिलौना है, जो बिल्कुल असली की तरह दिख रहा था।



कूड़े में मिले असलहे की तरह दिखने वाले खिलौने • जागरण

# साइबर टीम ने वापस कराए 7 .65 लाख रुपये

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** सहजनवां के एक युवक से हुई 7.65 लाख रुपये की जालसाजी मामले में साइबर थाने की पुलिस ने रुपये बरामद कर लिए हैं। पुलिस ने युवक को रुपये सौंप दिया है। युवक ने सोमवार को डीआइजी जे रविन्दर गौड को पुष्पगुच्छ देकर साइबर थाने की टीम की सराहना की है।

सहजनवां कस्बे के अभिजीत शेयर मार्केटिंग के कार्य से जुड़े हुए हैं। नवंबर में उनके पास एक अंजान नंबर से फोन आया और उसने बताया कि वह एक सुझाव एजेंसी से जुड़ा हुआ है। उसने बताया कि वह यदि उनके सुझाव पर शेयर खरीदें तो उन्हें लाभ भी मिल सकता है। पहले उन्हें लाभ हुआ तो उन्होंने कालर को 10500 रुपये का आनलाइन भुगतान भी किया। दूसरी बार में उन्होंने जालसाज को 50 हजार रुपये का भुगतान किया। उस समय भी उन्हें शेयर मार्केट से लाभ हुआ। उसके बाद जालसाज ने उन्हें कहा कि वह ऐसे टुकड़ों में काम नहीं करेगा। उसने काम के लिए पांच लाख रुपये मांगे। अभिजीत ने उसे पांच लाख रुपये का भुगतान किया, लेकिन जालसाज की तरफ से उन्हें कोई सुझाव नहीं मिला। बाद में वह जालसाज से रकम वापस मांगने लगे तो उसने दो लाख रुपये की और मांग की। इस तरह तीन किस्तों में जालसाज ने उनसे 7.65 लाख रुपये ठग लिए। रुपये नहीं लौटाने पर अभिजीत ने इसकी जानकारी साइबर थाने को दी। साइबर थाने की टीम सक्रिय हुई तो चार जून तक कई किस्तों में पीड़ित के रुपये उसे वापस मिल गए। अपनी धनराशि वापस पाने के बाद अभिजीत ने डीआइजी को पुष्पगुच्छ देकर पुलिस के प्रति आभार जताया है।



पुष्प गुच्छ देकर डीआइजी जे रविन्द्र गौड को धन्यवाद देते अभिजीत • जागरण

## ग्राम प्रधान ने मारने-पीटने का लगाया आरोप

जासं, ककरही : गोला थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत धौरहरा के ग्राम प्रधान रामेश्वर दूबे ने तहरीर देकर अपने ही गांव के कुछ लोगों पर मारपीट का आरोप लगाया है।

तहरीर में लिखा है कि उपजिलाधिकारी के आदेश पर चकमार्ग का सीमांकन लेखपाल द्वारा किया गया। मौके पर कई ग्रामवासी उपस्थित थे। चकमार्ग के बगल के काश्तकार, उनके परिवार और अज्ञात लोगों ने धावा बोलकर मुझ पर और हमारे छोटे भाई तारकेश्वर दुबे के ऊपर हमला कर मेरे गले की चेन और पर्स छीन लिया।

अपने घर से असलहा लाकर जान से मारने की कोशिश की, हम दोनों भाई अपनी चार पहिया गाड़ी से भागकर अपना जान बचाया लेकिन उन लोगों ने पत्थर मारकर हमारी गाड़ी का शीशा तोड़ दिया। कोतवाल जयंत कुमार सिंह का कहना है कि जांचकर मुकदमा पंजीकृत किया जाएगा।

## हत्यारोपित पत्नी व बेटी का जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त

गोरखपुर: पति की हत्या के आरोपित पिपराइच थाना क्षेत्र के बेलो टोला सबहिया निवासी संगीता देवी व उसकी बेटी रेनू उर्फ मधु का जमानत प्रार्थना पत्र अपर सत्र न्यायाधीश ओम प्रकाश मिश्र ने अपराध की गंभीरता को देखते हुए निरस्त कर दी है।

वादिनी ने पति की हत्या का आरोप गांव के लोगों पर लगाया था। विवेचना में पता चला की वादिनी ने ही बेटी के प्रेमी सरफुद्दीन और बेटी रेनू उर्फ मधु के साथ मिलकर योजनाबद्ध तरीके से अपने पति की हत्या की है।

# बदमाशों पर शिकंजा कसने को शहर के हर चौराहे पर लगेंगे सीसी कैमरे

सतीश कुमार पांडेय • गोरखपुर

- एडीजी ने शुरु किया त्रिनेत्र अभियान मांगी सार्वजनिक स्थान की सूची
- कैमरा लगवाने के लिए जनप्रतिनिधि व व्यापारियों की लेंगे मदद

अपराधियों पर नकेल कसने के लिए पुलिस सीसी कैमरे की मदद लेगी। शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्र के सभी थानाक्षेत्र में सार्वजनिक स्थान पर कैमरे लगाए जाएंगे। ताकि कोई वारदात होने पर अपराधियों को चिन्हित कर उन पर शिकंजा कसा जा सके। एडीजी जोन अखिल कुमार ने इसकी कार्ययोजना तैयार कर जोन के पुलिस कप्तान से सार्वजनिक स्थान व वहां लगे सीसी कैमरे की सूची मांगी है।

आमजन की सुरक्षा व आपराधिक घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए

> गोरखपुर जोन में आपरेशन त्रिनेत्र शुरु किया गया है। जिसके तहत अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए सार्वजनिक स्थानों पर आमजन के सहयोग से पुलिस सीसी कैमरे लगवाएगी। ताकि आपराधिक घटना या किसी प्रकार की अप्रिय गतिविधि होने पर सीसी कैमरे के फुटेज के आधार पर कार्रवाई की जा सके।
>
> **अखिल कुमार**, एडीजी जोन



एडीजी जोन ने त्रिनेत्र अभियान शुरु किया है। जिसके तहत जोन के 11 जिलों में स्थित 196 थानाक्षेत्र में चिह्नित किए गए सार्वजनिक स्थान पर ग्राम प्रधान, पार्षद व व्यापारियों की मदद से सीसी कैमरे लगवाएं जाएंगे। थाना व चौकी प्रभारी इसको लेकर बैठक करने के साथ ही चौराहा गोद लेने के लिए प्रेरित करेंगे। अभियान के प्रथम चरण में शहर के प्रवेश द्वार, शहर के मुख्य चौराहा, भीड़ वाले जगह पर कैमरे लगेंगे। दूसरे चरण में शहर के वार्डों के गली-मुहल्ला में कैमरा लगेगा।

### डा. अमित गोयल ने गोद लिया बेतियाहाता चौराहा

त्रिनेत्र अभियान के तहत सबसे पहले शहर के बेतियाहाता चौराहा पर सीसी कैमरा लगेगा। लाइफ पैथोलाजी के संचालक डा. अमित गोयल ने इस चौराहा को गोद लिया है।आमजन की सुरक्षा-व्यवस्था को चाक चौबंद बनाए रखने के लिए वह बेतियाहाता में सीसी कैमरा लगवाएंगे।

# महिलाओं की समस्या सुनने को कल लगेगी चौपाल

**जासं, गोरखपुर :** राज्य महिला आयोग की सदस्य निर्मला द्विवेदी की अध्यक्षता में आठ जून को गगहा के ब्लाक सभागार में चौपाल लगाई जाएगी। मिशन शक्ति चार के अंतर्गत महिलाओं से जुड़ी योजनाओं की जानकारी देने एवं उनकी समस्याएं सुनने के लिए यह आयोजन किया गया है। पहले यह जागरूकता चौपाल एवं महिला जनसुनवाई कार्यक्रम एक जून को आयोजित होना था, लेकिन अपरिहार्य कारणों से इसे स्थगित कर दिया गया था।


**यह और अन्य खबरें देखें-**

https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# सामूहिक दुष्कर्म के आरोपित को पुलिस ने भेजा जेल

उनवल : सामूहिक दुष्कर्म के एक आरोपित को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। आरोपित राहुल यादव खजनी थाने के ग्राम मलौली का रहने वाला है। आरोपितों को पहले ही गिरफ्तार करके जेल भेजा जा चुका है। (जासं)

# चोरी की बाइक के साथ युवक गिरफ्तार

मुंडेरा बाजार : चोरी की बाइक के साथ चौरी चौरा पुलिस ने सोमवार की दोपहर में फुलवरिया मोड़ से एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान चौरी चौरा थाना क्षेत्र के ग्राम डुमरी खुर्द के सोनू पासवान के रूप में हुई है। (जासं)

# बदमाशों पर शिकंजा कसने के लिए सुबह टहल रही पुलिस

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : बदमाशों पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस अब सुबह टहल रही है। शहर क्षेत्र के पार्क व सार्वजनिक स्थान जहां लोग टहलने पहुंचते हैं, वहां थानेदार व चौकी प्रभारी पहुंच रहे हैं। बुजुर्ग व महिलाओं का हालचाल लेने के साथ ही संदिग्ध स्थिति में घूमने वालों से पूछताछ की जा रही है। एसएसपी ने बताया कि इसके लिए पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षित किया गया है। निर्धारित ड्यूटी प्वाइंट पर पुलिसकर्मी मौजूद हैं या नहीं अधिकारी इसकी जांच करेंगे।

हाल के दिनों शहर में सुबह टहलने निकले लोगों के साथ छितैनी की कई वारदात हुई, जिसमें ज्यादातर घटना पार्क में व सड़क पर टहलने निकली महिलाओं के साथ हुई। कई बार महिलाएं के साथ ईव टीजिंग की शिकायत भी आती हैं। इसको देखते हुए एसएसपी ने रोजाना सुबह पांच से सात बजे तक नौकायन, विंध्यवासिनी पार्क, पंत पार्क, रेलवे स्टेडियम, क्षेत्रीय क्रीडांगन के साथ ही उन स्थानों पर पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई है जहां लोग टहलते हैं। एसएसपी डा. विपिन ताडा ने बताया कि शहर में सुबह के समय होने वाली वारदात को रोकने के लिए गुड मार्निंग अभियान शुरु किया है। सोमवार को सुबह टहलने निकले लोगों से पुलिस ने बातचीत की।

इस अभियान से पुलिस जहां आमजन से जुड़ेगी वहीं बदमाशों पर शिकंजा भी कसा जाएगा।

- शुरू हुआ गुड मार्निंग अभियान, बुजुर्ग व महिलाओं से जान रहे हाल
- ड्यूटी प्वाइंट पर पुलिसकर्मी मौजूद हैं या नहीं इसकी हो रही जांच

## यह कदम उठा रही पुलिस

- पुलिस की टीम सार्वजनिक स्थान पर टहलने निकलेगी।
- लोगों से बातचीत करके मोहल्ले में चल रही गतिविधियों की जानकारी लेंगी।
- लूट, छिनैती करने वाले बदमाशों पर शिकंजा सकेगी।
- बेवजह भटकते मिले संदिग्ध लोगों से पूछताछ होगी।
- घर में अकेले रहने वालों का हालचाल लेने के साथ मोबाइल नंबर लेगी।

# मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की तैयारी में जुटा नगर निगम

जासं, गोरखपुर : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के रानीडीहा में कार्यक्रम की तैयारी में नगर निगम जुट गया है। मुख्यमंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा क्षेत्रीय कार्यालय भवन का लोकार्पण करने 10 जून को आ रहे हैं।

सोमवार को कार्यालय के चारों तरफ के गड्ढों को भरा गया। मलबा, सिल्ट डालने के बाद मिट्टी डाली गई। दोपहर में नगर आयुक्त अविनाश सिंह रानीडीहा पहुंचे। उन्होंने कार्यक्रम से जुड़ी व्यवस्था देखी और सफाई व सैनिटाइजेशन लगातार कराने के निर्देश दिये।



योगी आदित्यनाथ ●जागरण आर्काइव

कार्यक्रम स्थल के आसपास लोगों ने गिट्टी, बालू, मौरंग, ईंट आदि रख लिया है। नगर आयुक्त ने निर्माण सामग्री हटाने के लिए नागरिकों को एक दिन की मोहलत दी। नगर आयुक्त ने रानीडीहा चौराहा से कार्यक्रम स्थल तक सड़क के दोनों तरफ से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये। इस दौरान प्रभारी अधिशासी अभियंता एनडी पांडेय, सफाई निरीक्षक सुनील सिंह आदि मौजूद रहे।

# भ्रष्टाचार के आरोपित लिपिक को पांच साल कठोर कारावास

जासं, गोरखपुर : विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम तनू भटनागर ने छपिया, गोंडा के रानीबेल मसथनवा बाजार निवासी व स्वास्थ्य एवं परिवार विभाग मुजफ्फरनगर के तत्कालीन कनिष्ठ लिपिक अभियुक्त इंद्रदेव पांडेय को पांच साल के कठोर कारावास एवं दो लाख रुपया अर्थदंड से दण्डित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को एक साल का कारावास अलग से भुगतना होगा। भ्रष्टाचार का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर सजा सुनाई गई है।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक परमानंद राम त्रिपाठी का कहना था कि चिकित्सा एवं परिवार कल्याण मंत्री रमापति शास्त्री की शिकायत पर पांच मई 2001 को भ्रष्टाचार निवारण संगठन फैजाबाद इकाई द्वारा जांच की गई। जांच में पाया गया कि अभियुक्त एक अप्रैल 1975 को कनिष्ठ लिपिक के पद पर नौकरी में आया था। अभियुक्त ने वर्ष 1976 से 2001 के मध्य विभिन्न ज्ञात स्रोतों से कुल आठ लाख 52 हजार 834 रुपया आय प्राप्त किया और समय समय पर विभिन्न संपत्तियों के अर्जन पर कुल 13 लाख 12 हजार 216 रुपया व्यय किया। उसने आय की तुलना में 4 लाख 59 हजार 382 रुपया अधिक व्यय किया जो अभियुक्त की आय से अधिक सम्पत्ति को दर्शाता है।

## जानलेवा हमला के आरोप में दो गिरफ्तार

झंगहा : जानलेवा हमला के आरोप में झंगहा थाना पुलिस ने दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। आरोपित रामभरत गुप्ता व दिलीप कुमार झंगहा थाने के बरही गांव के रहने वाले हैं। गांव के सूर्य नारायण जायसवाल ने आरोप लगाया था कि दोनों ने बीते 30 अप्रैल अपने साथियों के साथ उन पर जानलेवा हमला किया था। पुलिस ने आरोपितों पर बलवा, मारपीट व धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया था। विवेचना के दौरान आरोपितों पर जानलेवा हमला करने की धारा बढ़ाई गई। एक अन्य खबर के अनुसार झंगहा थाना पुलिस ने महुआरी निवासी विनोद कुमार यादव उर्फ गोलू को सोमवार को दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार करके जेल भेजा

# चौराहों पर कैमरे से रखेंगे निगाह

## नौ और चौराहों पर आइटीएमएस के तहत लगेंगे ट्रैफिक सिग्नल

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर:** मूलभूत सुविधाओं के लिए नागरिकों को नगर निगम का चक्कर नहीं काटना पड़ेगा। नागरिकों की सहूलियत के लिए नगर निगम महानगर में अपनी सुविधाओं का विस्तार कर रहा है। महानगर के 21 चौराहों के अलावा नौ नये चौराहों पर इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आइटीएमएस) के तहत ट्रैफिक सिग्नल व कैमरे लगाये जाएंगे। साथ ही दो कमांड एंड कंट्रोल रूम बनाये जा रहे हैं। इनमें मूलभूत सुविधाओं के साथ ही कर के लिए पंजीकरण और कर से जुड़ी समस्याओं के निराकरण की सुविधा दी जाएगी।

नगर निगम में आइटीएमएस के कंट्रोल रूम के बगल में सफाई के लिए कमांड एंड कंट्रोल रूम का काम चल रहा है। इसके साथ ही एक और कंट्रोल रूम बनाया जाएगा। पुलिस लाइन में तीसरा कंट्रोल रूम बनाया जाएगा। चौराहों पर 52 कैमरे लगाये जाएंगे। नौ चौराहों पर निगाह रखने के लिए पुलिस लाइन में कंट्रोल रूम बनाया जाएगा।

**50 करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च:** अत्याधुनिक ट्रैफिक सिग्नल के साथ ही पब्लिक एड्रेस सिस्टम और इमरजेंसी बाक्स लगाये जा चुके हैं। ट्रैफिक सिग्नल की व्यवस्था शुरू होने के बाद लोगों को लगातार जागरूक किया जा रहा है। तेज गति पर लगाम के लिए रामगढ़ताल रोड और पैडलेगंज से मोहद्दीपुर रोड के बीच में कैमरे लगाये गए हैं। 60 किलोमीटर प्रति घंटा से ज्यादा गति होने पर आटोमेटिक चालान की शुरुआत हो चुकी है।



नगर निगम का निर्माणाधीन कंट्रोल रूम ● जागरण

**इन चौराहों को किया गया शामिल:** गोरखनाथ मंदिर तिराहा, एमपी पालिटेक्निक, हार्बर्ट बंधा तिराहा, फलमंडी चौराहा, स्पोर्ट्स कालेज चौराहा, एचएन सिंह चौराहा, कौवाबाग तिराहा, रोडवेज तिराहा, हरिओम नगर तिराहा।

**कमांड कंट्रोल रूम से रखेंगे नजर:** नगर निगम के नये सदन भवन में बन रहे कमांड एंड कंट्रोल रूम से नगर निगम के वाहनों पर नजर रखी जाएगी। जीपीएस सिस्टम से वाहनों की लोकेशन देखी जाएगी। साथ ही चालकों से संपर्क कर सीधे निर्देश दिये जाएंगे।

**बेसहारा पशुओं की भी कर सकते हैं शिकायत:** नगर निगम के कमांड एंड कंट्रोल रूम में कूड़ा निस्तारण, प्रकाश व्यवस्था, जलापूर्ति, सीवरेज सिस्टम, सड़क मरम्मत, भवन कर, सीवर व जल कर, नामांतरण, अतिक्रमण, नये भवनों के पंजीकरण, कर संबंधी विवादों के निस्तारण के साथ ही बेसहारा पशुओं के संबंध में भी शिकायत की जा सकेगी।

**इन स्थानों पर निशुल्क वाईफाई की सुविधा:** गोरखनाथ मंदिर, रामगढ़ताल, नगर निगम।

> मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप महानगर में नागरिकों की सहूलियत के लिए सुविधाओं को विस्तारित किया जा रहा है। अब घर बैठे नागरिक अपनी समस्या का समाधान करा सकेंगे। नगर निगम में दो कमांड एंड कंट्रोल रूम बनाये जा रहे हैं। यहां से पूरे महानगर की समस्या का समाधान कराया जाएगा। पुलिस लाइन में कंट्रोल रूम बनाकर नौ और चौराहों पर नजर रखी जाएगी।
>
> **अविनाश सिंह**, नगर आयुक्त।

# तमंचे के साथ युवक गिरफ्तार

बेलघाट। ऑपरेशन पाताल के तहत बेलघाट पुलिस ने तमंचे के साथ एक



युवक को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान कटया निवासी प्रदुम यादव के रूप में हुई है। आरोपी पहले भी जेल जा चुका है। ब्यूरो

# दुष्कर्म के दो आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। पुलिस ने दुष्कर्म के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेजवा दिया। खजनी पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में रामपुर मतौली निवासी युवक को गिरफ्तार कर लिया। उधर, झंगहा प्रतिनिधि के मुताबिक, दुष्कर्म में वांछित महुआरी निवासी युवक को पुलिस ने जेल भेजवा दिया। ब्यूरो

# भ्रष्टाचार के अभियुक्त कनिष्ठ लिपिक को पांच साल की सजा

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** भ्रष्टाचार का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम कोर्ट तनू भटनागर ने गोंडा जिले के छपिया थाना क्षेत्र के रानीबेल मसथनवा बाजार निवासी व स्वास्थ्य एवं परिवार विभाग मुजफ्फरनगर के तत्कालीन कनिष्ठ लिपिक अभियुक्त इंद्रदेव पांडेय को पांच साल के कठोर कारावास एवं दो लाख रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को एक साल का कारावास अलग से भुगतना होगा।

## कोर्ट ने साक्ष्यों के आधार पर सुनाया फैसला

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक परमानंद राम त्रिपाठी का कहना था कि चिकित्सा एवं परिवार कल्याण मंत्री रमापति शास्त्री की शिकायत पर पांच मई 2001 को भ्रष्टाचार निवारण संगठन फैजाबाद इकाई द्वारा जांच की गई। जांच में पाया गया कि अभियुक्त एक अप्रैल 1975 को कनिष्ठ लिपिक के पद पर नौकरी में आया था। संपूर्ण जांच की अवधि में उपलब्ध आंकड़ों से विभिन्न कटौतियों के बाद शुद्ध वेतन के रूप में उसे छह लाख 72 हजार 834 रुपया प्राप्त हुआ था। परंतु अभियुक्त ने वर्ष 1976 से 2001 के मध्य विभिन्न ज्ञात स्रोतों से कुल आठ लाख 52 हजार 834 रुपये आय प्राप्त किया और समय-समय पर विभिन्न संपत्तियों के अर्जन पर कुल 13 लाख 12 हजार 216 रुपये व्यय किया। जो आय की तुलना में चार लाख 59 हजार 382 रुपये व्यय अधिक है और अभियुक्त की आय से अधिक संपत्ति को दर्शाता है।

# इंजन ऑफ इनिशिएटिव अभियान का शुभारंभ

**गोरखपुर।** गोरखपुर की ट्रैफिक पुलिस ने सोमवार को नया अभियान शुरू किया। एसपी ट्रैफिक डॉ. एमपी सिंह ने मोहद्दीपुर में इंजन ऑफ इनिशिएटिव अभियान का शुभारंभ किया। इसके तहत सोमवार को ट्रैफिक पुलिस, एचडीएफसी बैंक एवं रेडियो चैनल के सहयोग से लोगों को जागरूक किया गया।

एसपी ट्रैफिक ने कहा कि यात्रा करते समय जब लोग स्टाप लाइन/रेड सिग्नल पर रुकें तो अपने वाहन के इंजन को ऑफ कर लें। बेवजह इंजन के ऑन रहने से धूआं होगा जिससे वायु प्रदूषण बढ़ेगा। यह भी बताया गया कि एक सर्वे के अनुसार भारत में प्रत्येक वर्ष वायु प्रदूषण से 70 लाख लोगों के मृत्यु होती है जो कि एक गंभीर समस्या है। कार्यक्रम में यातायात निरीक्षक मनोज राय, चौकी प्रभारी मोहद्दीपुर, एचडीएफसी बैंक के सर्किल हेड अजय गुप्ता, कलस्टर हेड शिप्रा श्रीवास्तव, तरुण गुप्ता, नितिन केडिया मौजूद रहें। संवाद



एसपी ट्रैफिक डॉ. एमपी सिंह ने मोहद्दीपुर में अभियान का शुभारंभ किया। चौराहे पर गाड़ी का इंजन बंद करने वालों को गुलाब भेंट किया। अमर उजाला

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 07-06-2022

राष्ट्रीय सहारा दि. 07/06/22

# चिह्नित टाप-10 अपराधियों व माफिया पर करें कार्रवाई : एसपी



अपराध गोष्ठी को संबोधित करते पुलिस अधीक्षक।

देवरिया(एसएनबी)। पुलिस लाइन देवरिया में अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया।

गोष्ठी में एसपी संकल्प शर्मा ने थानेदारों से कहा कि अवैध कच्ची शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन, बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण लगाएं। अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत अभियान चलाकर कार्यवाही करें। चोरी व लूट की घटनाओं की रोकथाम हेतु रात्रि गस्त व क्षेत्र में भ्रमण करें। लम्बित जनशिकायत एवं आईजीआरएस प्रार्थना पत्रों की गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण करें। बैंकों पर विशेष सतर्कता बरतें। संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की सघन चेकिंग करें। प्रतिदिन बैंक ड्यूटी में जाने वाले कर्मचारियों को ड्यूटी के सम्बन्ध में ब्रीफ करें।

उन्होंने कहा कि साम्प्रदायिक भावना भड़काने वालों/असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करें। छोटी से छोटी बातों का संज्ञान लें। सोशल मीडिया पर निगरानी रखें। साथ ही साथ डिजिटल वालेंटियर ग्रुप को अपडेट कर उनके साथ नियमित मीटिंग कर उनका सहयोग लें। 6 माह से लम्बित विवेचनाओं के निस्तारण अविलम्ब करें। वांछित अभियुक्तों, इनामिया, जिलाबदर, एनबीडब्ल्यू के विरुद्ध अभियान चलाकर गिरफ्तारी करें। शातिर अपराधियों के विरुद्ध गुण्डा, गैंगेस्टर आदि की कार्रवाई करें। जनपद में चिन्हित माफियाओं के विरुद्ध गैंगेस्टर, गैंगेस्टर एक्ट की धारा 14(1) तथा एच.एस. जैसी कठोर कार्रवाई करें। समस्त थानों पर चिन्हित टाप-10 अभियुक्तों के विरुद्ध कार्रवाई करें।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पिछले 10 वर्ष में लूट, डकैती, नकबजनी, हत्या जैसे गम्भीर धाराओं के अभियुक्तों का सत्यापन समस्त थाना प्रभारी करें। अभियुक्त किसी अन्य थाने में अपराध किया हो किन्तु वह जिस थाने का रहने वाला है उक्त थाना प्रभारी द्वारा उसका सत्यापन किये जाने की पूर्ण जिम्मेदारी होगी। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकें। यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करें। अतिक्रमण हटवाएं। बालिकाओं एवं महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों पर प्रभावी कार्यवाही करें। मिशन शक्ति के अन्तर्गत समस्त थानों पर एंटी रोमियो टीम द्वारा अभियान को निरंतर जारी रखें। वाहन चेकिंग के दौरान आम जनता से अच्छा बर्ताव करें। आम जनमानस में सुरक्षा की भावना को बढ़ाने हेतु पैदल गश्त को और अधिक प्रभावी बनाएं। भूमि विवाद से सम्बन्धित प्रकरणों में प्राप्त प्रार्थना-पत्रों में राजस्व टीम के साथ समन्वय स्थापित कर मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच कर निस्तारण करायें तथा उसका इन्द्राज भूमि विवाद रजिस्टर में करते हुए प्राथमिक कार्यवाही अवश्य पूर्ण कर ली जाये जिससे शान्ति व कानून व्यवस्था बने रहने में कोई अवरोध उत्पन्न न हो। थानों पर लंबित माल मुकदमातो वाहनों/मालों के निस्तारण कराएं। इसके पूर्व जनपद से आये पुलिस कर्मियों का सम्मेलन किया गया। सम्मेलन के दौरान उपस्थित किसी भी पुलिस अधिकारी/कर्मी द्वारा कोई समस्या नहीं बतायी गयी। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सोनकर, क्षेत्राधिकारी नगर श्रीयश त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी रुद्रपुर जिलाजीत, क्षेत्राधिकारी भाटपार रानी पंचमलाल, क्षेत्राधिकारी बरहज देवानन्द, प्रतिसार निरीक्षक पंकज सिंह, प्रधान लिपिक भुनेश राय, प्रभारी आंकिक सुनील श्रीवास्तव, आशुलिपिक पुलिस अधीक्षक उ.नि. अफजल खां आदि उपस्थित रहे।

# युवती से युवक ने किया दुष्कर्म, आरोपी की धुनाई

**तरकुलवा(एसएनबी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव में रविवार की रात में घर में घुसकर युवती से गांव के ही एक युवक ने दुष्कर्म किया। आरोपी को पकड़कर परिजनों ने उसकी जमकर धुनाई की। इसको लेकर सोमवार को पूरे दिन गांव मे तनाव की स्थिति बनी रही। कुछ लोग आरोपी युवक को आर्थिक दंड देकर सुलह-समझौते की बात कर रहे तो वहीं कुछ ग्रामीण आरोपी के खिलाफ पुलिस को तहरीर सौंप कर कार्रवाई की बात पर अड़े रहे। जानकारी के अनुसार तरकुलवा थाना क्षेत्र के एक गांव में युवती अपने घर में रविवार की रात में सोई हुई थी। तभी गांव का ही एक युवक घर में अंदर घुस गया और युवती को पकड़ कर उसके साथ जबरिया दुष्कर्म किया। इसकी सूचना जब परिवार के लोगों को हुई तो उन्होंने आरोपी युवक को पकड़कर उसकी जमकर धुनाई की। शोरगुल सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हो गये। घटना की जानकारी पर दोनों पक्षों के लोग इकट्ठा होकर मामले को रफा-दफा करने की कोशिश में जुट गए। सोमवार को पूरे दिन दोनों पक्षों में सुलह-समझौते को लेकर बातचीत होती रही। इस संबंध में थानाध्यक्ष टी जे सिंह ने बताया कि इस तरह के किसी घटना की जानकारी अभी मुझे नही है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

राष्ट्रीय सहारा 08/06/22

# चोरी के बोलोरो के साथ अभियुक्त गिरफतार

**भाटपाररानी(एसएनबी)**। खामपार पुलिस ने बड़ी सफलता हाशिल करते हुए संघन के चेकिंग के दौरान भिंगारी बाजार पुराना पेट्रोल पम्प के समीप से विहार प्रान्त के गोपालगंज, थाना भोरे निवासी हाता टोला सिसई चुनचुन मिश्र पुत्र महन्त मिश्र को चोरी की बोलेरों कें साथ रंगे हाथ गिरफ्तार कर सुसंगत धाराओ में चालान कर दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष वृजेश कुमार मिश्र अपने हमराहियो के साथ भ्रमण पर थे कि इसी दौरान मुखबीर द्वारा सूचना मिलने पर सघन जांच शुरू कर दिया जिसमें उक्त चोरी का बोलेरो बरामद हुआ जिसका नम्बर प्लेट बदला हुआ था। इस दौरान चेकिंग टीम में उपनिरीक्षण व चौकी प्रभारी श्यामलाल निषाद, का.चंदन चौहान, विजय कुमार आदि मौजूद रहें।

# ड्रोन कैमरे से गांवो का हुआ सर्वे

**बनकटा (एसएनबी)**। विकास खंड के बंजरिया, भुड़वार और इंगुरी सराय गांव का सोमवार को राजस्व विभाग की टीम ने ड्रोन कैमरे से सर्वे किया।स्वामित्व योजना के अंतर्गत गांवो में आबादी की भूमि का घरौनी तैयार करने के लिए सर्वे कार्य किया गया।सर्वे होने से गांवो में भूमि संबंधित-विवादो में कमी आयेगी।सर्वे द्वारा तैयार घरौनी में भूमि स्वामी का जिला,तहसील,विकास खंड,थाना,ग्राम पंचायत का नाम तथा प्रत्येक भूखंड का यूनिक आईडी नंबर दर्ज किया जायेगा।सर्वे में गांव के प्रत्येक मकान को ड्रोन कैमरे में कैद किया गया। ड्रोन कैमरे को देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ जुटी रही।वही गांव की महिलाए ड्रोन कैमरे को देखने के लिए अपने अपने घर के छत पर निकल आई। इस दौरान मुख्य रूप से ग्राम प्रधान बंजरिया विद्यासागर,इंगुरी सराय ग्राम प्रधान धर्मेंद्र कुशवाहा,लेखपाल शशि कुमार,विनोद पांडेय,लाममोहन यादव,दिलीप प्रजापति, जयविष्णु शर्मा,दुर्गेश गुप्ता,दिलीप पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

08/06/22

# वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़, चोरी की आठ बाइक बरामद, चार गिरफ्तार

**देवरिया(एसएनबी)**। महुआडीह पुलिस ने वाहन चोर गिरोह का भण्डाफोड़ किया है। चोरी की आठ बाइक बरामद कर चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। महुआडीह के थानाध्यक्ष मय पुलिस टीम मुखबिर की सूचना पर अवरही तिराहे के पास से आठ मोटरसाइकिल के साथ चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने अपना नाम व पता रवि सिंह पुत्र रामध्यान सिंह निवासी मुण्डेरा चंद थाना महुआडीह जनपद देवरिया, आकाश सिंह पुत्र मुन्ना सिंह निवासी साहबाजपुर थाना हाटा जनपद कुशीनगर, आकाश सिंह पुत्र रामचन्दर सिंह निवासी माधवापुर थाना कसया जनपद कुशीनगर एवं विवेक सिंह पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी लमरहिया टोला थाना रामपुर कारखाना जनपद देवरिया बताया। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि बरामद मोटरसाइकिल चोरी की है। जिन्हें आनलाइन ऐप के माध्यम से चेक किया गया तो रवि सिंह के पास से बरामद मोटरसाइकिल का सही नम्बर यूपी 53 बीजे-6449 जो परमेश्वर यादव पुत्र स्व. सीताराम यादव निवासी सुगहा थाना झंगहा जनपद गोरखपुर के नाम से पंजीकृत होना पाया गया। इस संबंध में कड़ाई से पूछने पर बताया कि हम सभी लोग ग्राम इटवा थाना गौरीबाजार तिलक समारोह से गत 17 अप्रैल 22 को चोरी किये थे। इसके बाद बरामद सभी मोटरसाइकिलें जांच में चोरी की पाई गयीं।

हिन्दुस्तान दि. 07/06/22



सोमवार को बरामद बाइकों के साथ वाहन लिफ्टर। • हिन्दुस्तान

# वाहन चोरी के चार मामलों का खुलासा, आठ बाइक बरामद

देवरिया, निज संवाददाता। महुआडीह पुलिस ने चोरी की आठ बाइक के साथ चार वाहन लिफ्टरों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने चारों वाहन लिफ्टरों के विरु। मुकदमा दर्ज सोमवार को चालान कर दिया। पुलिस ने छह लोगों को पूछताछ करने के बाद छोड़ दिया। नए एसपी के आने के बाद सबसे बड़ी गाड़ी की बरामदगी है।

महुआडीह के थानेदार प्रमोद सिंह क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी बीच मुखबिर ने सूचना दिया कि वाहन लिफ्टर गिरोह के सदस्य अवरही तिराहे के पास एकत्र हुए है। चोरी की बाइक को बेचने की योजना बना रहे हैं। थानेदार प्रमोद सिंह पुलिस फोर्स के साथ अवरही चौराहे पर घेराबंदी कर दिया। पुलिस ने चौराहे के पास से चार बाइक पर सवार चार युवकों को दबोचा। पुलिस की पूछताछ में युवकों ने अपना नाम रवि सिंह पुत्र रामध्यान सिंह निवासी मुण्डेरा चन्द थाना महुआडीह, आकाश सिंह पुत्र मुन्ना सिंह निवासी शाहबाजपुर थाना हाटा जिला कुशीनगर, आकाश सिंह पुत्र रामचन्द्र सिंह निवासी माधवापुर थाना कसया जिला कुशीनगर और विवेक सिंह पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी लमरहिया टोला थाना रामपुर कारखाना जिला देवरिया बताया। पुलिस की पूछताछ में चोरों ने बताया कि बरामद चारों बाइक चोरी है। बाइक की जांच की गई तो रवि सिंह के पास बरामद मोटर साइकिल गौरीबाजार थाना क्षेत्र के इटवा गांव में 17 अप्रैल 2022 को तिलक समारोह से चोरी किये थे। आकाश सिंह के पास से बरामद बाइक 12 मई को चोरी हुई थी।

हिन्दुस्तान दि. 07/06/22

# गबन के मामले में दो पूर्व प्रधानों से होगी वसूली

- जांच रिपोर्ट के बाद डीएम ने दिया आदेश
- 15 दिन की समयसीमा में जमा करनी होगी राशि

देवरिया, निज संवाददाता। जिले के दो पूर्व ग्राम प्रधानों से विभिन्न मामलों में गबन की गयी 15 लाख 57 हजार 126 रुपये की वसूली होगी। उन्हें यह धनराशि पन्द्रह दिनों के अंदर जमा करना है। ऐसा न करने पर इस धनराशि की वसूली भू राजस्व बकाए की तरह की जाएगी।

जंगल अकटहा, विकासखंड गौरी बाजार निवासी आशुतोष सिंह ने शौचालय निर्माण एवं अन्य विकास कार्यों में गबन की शिकायत की थी। इसकी जांच जिला क्रीड़ा अधिकारी एवं सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग से करायी गयी। जांच में 25 लाख 4 हजार 845 रुपये के शासकीय धन के दुरुपयोग की बात सामने आई। डीएम ने तत्कालीन प्रधान रामचंद्र निषाद से आधी धनराशि 12 लाख 52 हजार 422 रुपये की वसूली करने का निर्देश दिया है। एक अन्य मामले में इसी ब्लॉक के बभनौली निवासी संतोष पाण्डेय ग्राम सभा में कराए गए निर्माण कार्य में 14 बिंदुओं में अनियमितता की शिकायत की थी।

जिलाधिकारी ने आरईएस के अधिशासी अभियंता व पीडब्लूडी के सहायक अभियंता को प्रकरण की जांच सौंपी थी। जांच समिति ने अपनी रिपोर्ट में इंडिया मार्का हैंडपंप के रिबोर कार्य तथा प्राथमिक विद्यालय पर प्लास्टर एवं रंगाई कार्य में 4 लाख 9 हजार 408 रुपये के शासकीय धन के दुरुपयोग की रिपोर्ट दी। डीएम ने प्रधान नंदलाल पाण्डेय से आधी धनराशि वसूलने वसूलने का निर्देश दिया।



सोमवार को चोरी के बोलेरो के साथ गिरफ्तार अभियुक्त। ● हिन्दुस्तान

# चोरी की बोलेरो के साथ एक गिरफ्तार

भाटपाररानी। भिंगारी बाजार पुराना पेट्रोल पंप के निकट से मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने चोरी की बोलेरो के साथ एक युवक को दबोच लिया है। पुलिस वाहन को सीज कर अभियुक्त के विरुद्ध केस दर्ज की। थानाध्यक्ष ने बताया मुखबिर की सूचना पाकर पुलिस भिंगारी बाजार पुराना पेट्रोल पंप के पास पहुंची। वहां बोलेरो के साथ मौजूद एक युवक से पूछताछ करने लगी।

दैनिक जागरण दि. 07/06/22

# चोरी की आठ बाइक बरामद, चार गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, देवरिया: महुआडीह पुलिस ने सोमवार को बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने आठ बाइक बरामद किया है। चार चोरों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया। इनमें दो आरोपित कुशीनगर जनपद के रहने वाले हैं।

सीओ नगर श्रीयश त्रिपाठी ने बताया कि महुआडीह थाना की पुलिस ने अवरही तिराहे के पास रविवार की रात में चार बाइक के साथ चार चोरों को पकड़ा। पूछताछ में सभी बाइक चोरी की निकली। पकड़े गए चोरों में महुआडीह थानाक्षेत्र के मुंडेराचंद गांव का रवि सिंह पुत्र रामध्यान सिंह, रामपुर कारखाना के लमनहिया टोला का विवेक सिंह पुत्र महेंद्र सिंह, कुशीनगर जनपद के हाटा थानाक्षेत्र के शाहबाजपुर का आकाश सिंह पुत्र मुन्ना सिंह, कुशीनगर के कसया थानाक्षेत्र के मधवापुर का आकाश सिंह पुत्र रामचंद्र सिंह शामिल हैं। पुलिस ने सख्ती दिखाई तो चोरों ने बताया कि रवि सिंह के घर के पीछे झोपड़ी में अन्य बाइक छिपाकर रखी गई है।

पुलिस ने छापेमारी कर अन्य चार बाइक बरामद की। चोर बाइक का नंबर बदलकर सस्ते दामों में बेचते थे।टीम में थानाध्यक्ष महुआडीह प्रमोद सिंह, हेतिमपुर चौकी इंचार्ज अश्वनी प्रधान, दीवान अश्वनी राय, अरविंद कुशवाहा, संजय, धर्मेंद्र कुमार, संदीप उपाध्याय, आनंद यादव शामिल रहे।

**शादी समारोह से चुराई थी बाइक:** पुलिस ने आनलाइन एप के माध्यम से सभी बाइक के चेचिस की जांच की तो असल मालिकों का पता चला।गोरखपुर के झंगहा थानाक्षेत्र के सुगहा गांव के परमेश्वर यादव पुत्र स्व.सीताराम यादव की बाइक गौरीबाजार के इटवा गांव से 17 अप्रैल को तिलक समारोह से चुराई थी। रामपुर कारखाना के बरवामीर छापर गांव के भभूती कोहार पुत्र खेलावन की बाइक 12 मई को मुंडेरा लाला गांव में बरात से चोरी हुई थी। रामपुर कारखाना के मुंडेरा लाला के मुद्रिका चौहान की बाइक 31 मई को उनके घर के सामने से चुराई गई। उमानगर के दिनेश सिंह की बाइक जुलाई 2021 मे जिला अस्पताल से चुराया था।



बरामद बाइक के साथ गिरफ्तार चारों आरोपित व पुलिस टीम ● सौ. पुलिस

## चोरी की बोलेरो के साथ बदमाश गिरफ्तार

जासं, भाटपाररानी: वाहन चेकिंग के दौरान चोरी की बोलेरो के साथ पुलिस ने बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। न्यायालय में पेश किया, जहां से बदमाश को जेल भेज दिया गया।

खामपार क्षेत्र के भिंगारी बाजार में भोरे तिराहे पर पुलिस वाहन चेकिंग कर रही थी। इस बीच एक बोलेरो तेजी से आई। पुलिस ने रोकने का प्रयास किया तो वह तेजी से भागने लगा। पुलिस ने बोलेरो को घेर कर रोक लिया। पुलिस ने चालक की सीट पर बैठे बदमाश चुनचुन मिश्रा पुत्र महंथ मिश्रा निवासी टोला सिसई थाना भोरे जिला गोपालगंज बिहार को गिरफ्तार कर लिया। उसने बताया कि बोलेरो चोरी की है। गलत नंबर प्लेट भी लगा है। थानाध्यक्ष बृजेश मिश्र ने बताया कि बदमाश को जेल भेज दिया गया है।

दैनिक जागरण दि० 21.06.22

# 2.85 लाख रुपये हड़पने के लिए रची लूट की कहानी, गिरफ्तार

- पांच घंटे में ही लूट की कहानी में आया नया मोड़
- पुलिस ने दर्ज किया अमानत में खयानत का मुकदमा

जासं, देवरिया: युवक की 2.85 लाख रुपये देखकर नियत डोल गई, उसने लूट की झूठी कहानी रच दी। पुलिस ने पांच घंटे की मेहनत के बाद रुपये बरामद करने में सफलता हासिल कर ली। उसके विरुद्ध अमानत में खयानत का मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

महुआडीह थाना क्षेत्र के बलटिकरा गांव के रहने वाले कृष्ण कुमार पांडेय की रामपुर गौनरिया चौराहा पर देशी शराब की दुकान है। दुकान पर तीन दिन की बिक्री का करीब 2.85 लाख रुपये रखा था। उन्होंने सेखौना गांव निवासी वाहन चालक कृष्ण कुमार यादव को सोमवार को दोपहर में बाइक से शराब भट्ठी पर कैश लेने के लिए भेजा। चालक कैश लेकर बलटिकरा के लिए चल दिया। बलटिकरा पहुंचकर उसने दुकान मालिक कृष्ण कुमार पांडेय को लूट की कहानी सुनाई। चालक ने उन्हें बताया कि अमारी झांगा और हरैया बसंतपुर के बीच देवरिया-हाटा मार्ग पर चारपहिया सवार चार बदमाशों ने बाइक को अचानक ओवरटेक कर रोक लिया। उसके सिर पर पिस्टल लगा कर पास में रखा 2.85 लाख रुपये लूट लिए। उसका मोबाइल छीनकर तोड़ दिया। उसकी कहानी सुनकर सभी के होश उड़ गए। कृष्ण कुमार पांडेय ने महुआडीह पुलिस को मामले की जानकारी दी। सूचना पर पहुंचे सीओ नगर श्रीयश त्रिपाठी ने घटनास्थल का जायजा लिया। उसके बाद पुलिस टीम ने सभी सीसी कैमरों को खंगाला। कड़ाई से पूछताछ करने पर सच्चाई सामने आ गई। पुलिस की मानें तो चालक ने पूछताछ में बताया कि वह दुबई जाने की तैयारी कर रहा था। इसलिए उसे रुपये की आवश्यकता थी और रुपये के लालच में झूठी लूट की कहानी रच दी।

> चालक ने लूट की झूठी कहानी रची थी। रुपये बरामद हो गए हैं। शराब दुकानदार की तहरीर पर चालक के विरुद्ध अमानत में खयानत का मुकदमा दर्ज किया गया है। चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है।
>
> **प्रमोद सिंह, थानाध्यक्ष महुआडीह**

## कार की ठोकर से बाइक सवार घायल

**करौंदी बाजार:** कार की ठोकर से सोमवार को बाइक सवार संदीप कुशवाहा घायल हो गए। वह बरियारपुर क्षेत्र के सरौरा टोला हथियागढ़ के रहने वाले हैं। बैजनाथ चौराहा के पास तेज गति कार की चपेट में आ गए। जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**रिहायशी झोपड़ी जलाने का आरोप:** तरकुलवा: सिसवा राव गांव की रहने वाली मुन्नी देवी पत्नी हरिलाल गुप्ता ने पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात लोगों पर रिहायशी झोपड़ी में आग लगाने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि रविवार की रात झोपड़ी में भोजन किया। उसके बाद परिवार के साथ घर पर सोने चली गईं। इसी बीच अज्ञात लोगों ने रिहायशी झोपड़ी में आग लगा दी।

दैनिक जागरण दि० 07/06/22

# बच्चों के विवाद में चले ईंट पत्थर, 11 लोग घायल

**जागरण संवाददाता, करौंदी बाजार:** बच्चों के विवाद रविवार की रात दो पक्षों में मारपीट हो गई, जिसमें 11 लोग घायल हो गए। उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। इस मामले में पीड़ित पक्ष ने पुलिस को तहरीर दी है।

बरियारपुर क्षेत्र के बरइठा गांव में रविवार की शाम क्रिकेट खेलने को लेकर बच्चों में विवाद हो गया। उस समय तो मामला शांत हो गया।

लेकिन रात को विवाद बढ़ गया और स्वजन उनके आपस में भिड़ गए। जमकर ईंट-पत्थर चले।

इस मारपीट में विनय मिश्र, विनोद मिश्र, आदित्य मिश्र, गौरव, नीतिन कुमार, सुधांशु मिश्र, रमेश यादव, उपेंद्र यादव, चंद्रजीत यादव, ज्वाला यादव, संतोष घायल हो गए। थानाध्यक्ष मनोज प्रजापति ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच की जा रही है। जल्द ही आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

दैनिक जागरण दि. 07/06/22

# सक्रिय अपराधियों पर रखें नजर : एसपी

जागरण संवाददाता, देवरिया: एसपी संकल्प शर्मा ने कहा कि दस वर्षों से लूट, डकैती, सेंधमारी, हत्या जैसे अपराध में शामिल अपराधियों पर नजर रखें। इनके निवास क्षेत्र के थाना प्रभारी की जिम्मेदारी होगी कि वह उनका सत्यापन करें। वह सोमवार को पुलिस लाइन स्थित मनोरंजन कक्ष में पुलिस विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने, यातायात व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने व अतिक्रमण हटवाने का कार्य प्राथमिकता से करें। अपराध रोकने के लिए पैदल गश्त बढ़ाएं। एसपी ने कहा कि छह माह से लंबित विवेचनाओं के निस्तारण में तेजी लाएं। ईनामी, जिला बदर, गैर जमानती वारंट के आरोपितों को गिरफ्तार करें। अपराधियों के विरुद्ध गुंडा, गैंगस्टर की कार्रवाई करें। हिस्ट्रीशीट खोलें। थानों के चिह्नित टाप-10 अपराधियों के विरूद्ध कार्रवाई करें। बालिकाओं व महिलाओं के विरूद्ध होने वाले अपराधों पर रोक लगाएं। निरंतर अभियान चलाएं। वाहन चेकिंग के दौरान आम जनता से अच्छा बर्ताव करें। भूमि विवाद होने पर राजस्व विभाग से समन्वय स्थापित कर कार्य करें। कच्ची के निर्माण, भंडारण, परिवहन व बिक्री पर पूरी तरह रोक लगाएं। सांप्रदायिक भावना भड़काने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई होगी।



पुलिस लाइन में बैठक को संबोधित करते एसपी संकल्प शर्मा (बाएं) • सौ. पुलिस

इस अवसर पर एएसपी डा. राजेश सोनकर, सीओ नगर श्रीयश त्रिपाठी, सीओ रुद्रपुर जिलाजीत, सीओ भाटपाररानी पंचमलाल, क्षेत्राधिकारी बरहज देवानंद, प्रतिसार निरीक्षक पंकज सिंह, प्रधान लिपिक भुनेश राय आदि मौजूद रहे।

अमर उजाला दि. 07/06/22

# भाजपा नेता समेत दस पर एससी-एसटी का केस दर्ज

## एक सप्ताह पूर्व कपड़ा धोने के बकाए पैसे के लिए हुई थी मारपीट

संवाद न्यूज एजेंसी

लार। एक सप्ताह पूर्व कपड़ा धुलाई के बाकी पैसे की आरोप को लेकर हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने दूसरे पक्ष की तहरीर पर भाजपा नेता सहित दस पर बलवा और एससी एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

तहरीर में कोइरी टोला वार्ड निवासी बुधू कन्नौजिया ने बताया है कि वह राजेश सिंह के घर का कपड़े धोता था। पहले का धुलाई का पैसा बकाया था। इससे उनके घर से कपड़े लाना बंद कर दिया था। एक जून की शाम को बस स्टैंड के तरफ जा रहा था। उनकी दुकान के सामने पहुंचा तो वह अपशब्दों का प्रयोग करते हुए हमारी पिटाई करने लगे। मेरा बेटा मनीष कन्नौजिया, पोता जयसूर्या बीच बचाव करने आए। राजेश सिंह आदि लाठी डंडे से मारने पीटने लगे। पुलिस ने राजेश सिंह समेत दस अज्ञात पर मारपीट बलवा समेत एससी एसटी एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया है। पुलिस घटना की छानबीन कर रही है। प्रभारी निरीक्षक नवीन सिंह ने बताया कि बुधू कन्नौजिया की तहरीर पर चार नामजद सहित दस अज्ञात पर बलवा व एससी एसटी के तहत केस दर्ज किया गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### पुलिस की मौजूदगी में पिटाई का वीडियो हुआ वायरल, तब दर्ज किया केस

लार। पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा नेता राजेश सिंह व बुधू कन्नौजिया के बीच हुई मारपीट के आरोप में पुलिस ने घटना की अगली सुबह ही बुद्ध कन्नौजिया, मनीष रजक, रवीश कुमार, प्रीतम, जयसूर्या के खिलाफ मारपीट व बलवा का केस दर्ज कर लिया। आरोप है कि वहीं बुधू कन्नौजिया की तहरीर लेने से पुलिस ने मना कर दिया। जब बुधू के परिजनों के पुलिस की मौजूदगी में बेल्ट से होती पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो पुलिस की खूब किरकिरी हुई। इसके बाद भी पुलिस पिटाई करने वालों पर केस दर्ज करने से कतराती रही। जब वीडियो नवागत कप्तान तक पहुंचीं तो पुलिस ने आनन फानन केस दर्ज किया।

# पुलिस फोर्स के अभाव में नहीं हटा अतिक्रमण

## कटर मशीन लगाकर खुद ही दुकानदारों ने काटा एंगल, हटाया टिन शेड

संवाद न्यूज एजेंसी



बरहज थाना घाट पर अतिक्रमण खाली कराते नपा कर्मी और पुलिस । संवाद

**रामपुर कारखाना।** स्थानीय नगर पंचायत में सोमवार को सड़क के दोनों तरफ अतिक्रमण हटाना था। नगर पंचायत ने शनिवार को ही ध्वनि विस्तारक यंत्र के जरिए सभी लोगों को बता भी दिया था। अधिकतर दुकानदार सोमवार की सुबह से ही अपने दुकान के सामने से खुद ही अतिक्रमण हटाना शुरू कर दिए। हालांकि पुलिस फोर्स न मिलने के कारण नगर पंचायत ने अतिक्रमण के खिलाफ अभियान स्थगित कर दिया।

अतिक्रमण के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत रामपुर कारखाना में सोमवार को अतिक्रमण हटाया जाना था। शनिवार को नगर पंचायत के वाहन से दिनभर अतिक्रमण हटवाने की अपील की गई थी। सोमवार को सुबह दस बजे जेसीबी के साथ अतिक्रमण हटाया जाएगा।

इसके चलते रामपुर कारखाना मुख्य चौराहे से लेकर मेन रोड, गुदरी बाजार और प्रमुख चौराहों से अतिक्रमण हटने लगा। सुबह से ही दुकानदारों ने कटर मशीन से एंगल काटना शुरू किया। मजदूर लगाकर टिन शेड हटवाए गए। रामपुर कारखाना में सबसे अधिक दिक्कत गुदरी बाजार में होती है। दोनों तरफ से दुकानदारों के टिन शेड लगा देने से रास्ता संकरा हो चुका है। अधिशासी अधिकारी रोहित सिंह ने कहा कि सुबह रामपुर कारखाना थाने में फोर्स उपलब्ध नहीं थी। जबकि दोपहर में डीएम के साथ विजिट में जाने के चलते अतिक्रमण नहीं हटाया जा सका। अगली तिथि जल्द ही निर्धारित कर अतिक्रमण हटवाया जाएगा।

**थाना घाट से खाली कराया गया अतिक्रमण : बरहज।** नगर के सरयू स्थित थानाघाट पर सोमवार को अतिक्रमण के खिलाफ नगरपालिका और पुलिस प्रशासन ने भीड़भाड़ वाले क्षेत्र से दुकानों को हटावाया। कार्रवाई से छोटे दुकानदारों में हड़कंप रहा।

नदी घाट पर रोजाना पूजा-अर्चन के लिए दूर-दराज से आए लोगों की भीड़ जुटती है, जिससे घाट पर मेले जैसा माहौल रहता है। भीड़ को लेकर छोटे दुकानदार जगह-जगह तख्त आदि पर सौंदर्य प्रसाधन, पूजा सामग्री, प्रसाद और खाने-पीने की दुकान लगाते हैं। दुकानों के अतिक्रमण और उनसे होने वाली समस्याओं को लेकर दुकानदारों के खिलाफ अभियान चलाकर कब्जा खाली कराया गया। थानाध्यक्ष जयशंकर मिश्र ने बताया कि भीड़भाड़ वाली जगह से दुकानों को हटाया गया है।

उन्हें कुछ दूरी पर दुकान लगाने के निर्देश दिए गए हैं। मौके पर एसएसआई सुभाष चंद्र पांडेय, अखिलेश कुमार, मिथिलेश कुमार, अजय कुमार यादव, आशीष कुमार, मुन्ना खरवार आदि मौजूद रहे।

अमर उजाला दि० 07/06/22

# चोरी की आठ बाइक बरामद, चार गिरफ्तार

## पुलिस ने सोमवार को बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है

संवाद न्यूज एजेंसी

**देसही देवरिया।** महुआडीह पुलिस ने सोमवार को बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। चोरी की आठ बाइक के साथ चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जबकि गिरोह का मुख्य सरगना अभी पुलिस की पकड़ से दूर है।

महुआडीह पुलिस ने बाइक चोर गिरोह को पकड़ने के लिए क्षेत्र के कई गांवों में शनिवार को दबिश देने के बाद चोरी की आठ बाइक बरामद की है। पकड़े गए वाहन चोरों की पहचान रवि सिंह मुंडेराचंद, आकाश सिंह सहबाजपुर, हाटा कुशीनगर, आकाश सिंह मधवापुर कसया कुशीनगर, विवेक सिंह मुंडेरा चंद रुप में हुई है।

एसओ प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि चोरी की आठ बाइक बरामद कर ली गई है। इसमें पांच पर केस दर्ज कर चार बदमाशों पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।



महुआडीह पुलिस ने चोरी की आठ बाइक के साथ चार को पकड़ा। संवाद

### चोरी की बोलेरो के साथ एक गिरफ्तार

भाटपाररानी। खामपार थाना क्षेत्र के भिंगारी बाजार पुराना पेट्रोल पंप के पास सोमवार को पुलिस ने चोरी के बोलेरो के साथ एक आरोपी को पकड़ लिया। पुलिस उसे थाने लाकर पूछताछ में जुटी हुई है। खामपार थानाध्यक्ष बृजेश कुमार मिश्र के नेतृत्व में सुरक्षा कर्मी भिंगारी बाजार स्थित भोरे तिराहा पर वाहन चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच सूचना मिली कि एक व्यक्ति फर्जी बिहार के नंबर की एक बोलेरो के साथ भिंगारी बाजार पुराना पेट्रोल पंप के पास खड़ा है। पुलिस बोलेरो को बरामद की और एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर थाने ले लाई। पूछताछ के दौरान उसने चोरी की बोलेरो बताया। उसका असली नंबर यूपी के एक जनपद का बताया। आरोपी की पहचान चुनचुन मिश्रा निवासी हाटा टोला सिसई, थाना भोरे, जिला गोपालगंज बिहार के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष बृजेश कुमार मिश्र ने बताया कि बोलेरो चोरी की है।

अमर उजाला दि. 07/06/22

# दस माफिया पर होगी कार्रवाई : एसपी

## बदमाशों की दस वर्ष की कुंडली तैयार करेगी पुलिस

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने रविवार की देर शाम पुलिस लाइंस में क्राइम मीटिंग की। एसपी ने हर-हाल में अपराध रोकने कर हिदायत दी। जनपद के चिह्नित दस माफिया के खिलाफ कार्रवाई पर जोर दिया।

एसपी ने कहा कि थाने पहुंचने वाले सभी फरियादियों की बातों को गौर से सुनकर निराकरण किया जाना चाहिए। थानेवार समीक्षा के बाद कहा कि सभी थाना प्रभारी अवैध कच्ची शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन, बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण लगाए। अपने-अपने क्षेत्रा में अभियान चलाकर कार्रवाई करें। रात्रि गश्त में कोई लापरवाही न करें। एसपी ने लंबित जनशिकायत एवं आईजीआरएस प्रार्थना पत्रों की गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण करने का निर्देश दिया। बैंकों पर विशेष सतर्कता बरतने, संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की सघन चेकिंग करने को कहा। छह माह से लंबित विवेचनाओं को प्राथमिकता के आधार पूरा करें। थानों पर चिह्नित टॉप-10 बदमाशों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। 10 वर्ष में लूट, डकैती, नकबजनी, हत्या जैसे गंभीर धाराओं के अभियुक्तों का सत्यापन समस्त थाना प्रभारी कर देख लें कि अन्य थाने में कितने मुकदमे दर्ज है। इसका पूरा ब्योरा बनाएं। महिला अपराध के छोटे से छोटे मामलों में सख्त कार्रवाई किया जाए। भूमि विवाद के प्रकरणों में प्राप्त प्रार्थनापत्रों में राजस्व टीम के साथ समन्वय स्थापित कर मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई करें। इस अवसर पर एएसपी राजेश कुमार सोनकर, क्षेत्राधिकारी नगर श्रीयश त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी रूद्रपुर जिलाजित, क्षेत्राधिकारी भाटपार रानी पंचमलाल, क्षेत्राधिकारी बरहज देवानंद, प्रतिसार निरीक्षक पंकज सिंह, प्रधान लिपिक भुनेश राय आदि मौजूद रहे।



एसपी ने मातहतों के साथ की बैठक। संवाद

KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 07-06-2022

# चोरी के ठेले के साथ एक गिरफ्तार

**कुशीनगर।** पडरौना कोतवाली पुलिस ने खिरकिया चौराहे के पास से एक ठेला चोरी के आरोपी गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ खिरकिया के ही एक ठेला चालक ने केस दर्ज कराया था। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चोरी के आरोपी दीपक निवासी तिलक चौक, कोतवाली पडरौना को गिरफ्तार कर उसकी निशादेही पर चोरी किया गया एक लकडी का ठेला बरामद कर लिया।

# महिला को पुलिस ने दिलाया हक

**समउर बाजार।** सौतन की प्रताड़ना से घर छोड़कर भटकने को मजबूर महिला की शिकायत पर दल बल के साथ पहुंची पुलिस ने पीड़ित सौतन को फटकार लगाते हुए पीड़िता को उसके घर में दाखिल कराया। उसकी सौतन को पुनः प्रताड़ित न किये जाने की हिदायत दी। पुलिस के इस कार्य की ग्रामीण प्रसंशा कर रहे हैं।

पटहेरवा थाना क्षेत्र के परसौनी खुर्द गांव निवासी नंदलाल गुप्ता ने दो शादी कर रखी है। दूसरी पत्नी से भी कोई संतान नहीं हो सका। पहले के दिनों में दोनों महिलाओं में सब कुछ ठीक था। लेकिन इधर कुछ दिनों से दोनों एक दूसरे से लड़ने झगड़ने लगी थी। पुलिस के मुताबिक पिछले कुछ दिनों से नंदलाल की पहली पत्नी ने दूसरी पत्नी को प्रताड़ित कर घर से भगा दिया था।

# एक थानेदार व आठ दरोगाओं का तबादला

**कुशीनगर।** एसपी धवल जायसवाल ने विभाग में बदलाव करते हुए तीन निरीक्षक तथा आठ उप-निरीक्षकों का कार्यक्षेत्र बदल दिया। एसपी के पीआरओ रहे निरीक्षक पंकज कुमार गुप्ता को अहिरौली बाजार थाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

एसपी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार निरीक्षक व सर्विलांस सेल में तैनात राजेश कुमार पांडेय अब प्रभारी आईजीआरएस का कार्य देखेंगे। सुमन सिंह प्रभारी जन-शिकायत फीड बैक व प्रभारी परिवार परामर्श केंद्र बनाई गई हैं। नेबुआ नौरंगिया में तैनात दारोगा राघवेंद्र सिंह पीआरओ एसपी, खड्डा में तैनात दारोगा अवनीश कुमार सिंह चौकी प्रभारी बहादुरपुर तरयासुजान, विशुनपुरा में तैनात निरंजन कुमार राय चौकी प्रभारी तिनफेड़िया, बरवापट्टी में तैनात राम सहाय यादव चौकी प्रभारी तमकुहीराज तरयासुजान, तरयासुजान में तैनात दिग्विजय सिंह चौकी प्रभारी कुशीनगर कसया, सेवरही में तैनात शनि कुमार चौकी प्रभारी हाइवे कसया व कसया में तैनात राकेश यादव चौकी प्रभारी फाजिलनगर पटहेरवा बनाए गए हैं। एसपी ने बताया कि स्थानांतरण जनपद की कानून व्यवस्था को और भी मजबूत करने के लिए किए गए हैं।

# प्रतिबंधित पशुओं भरा कंटेनर पकड़ा, तीन तस्कर दबोचे



गिरफ्तार पशु तस्करों के साथ पटहेरवा पुलिस

**कुशीनगर, वरिष्ठ संवाददाता।** पटहेरवा थाना क्षेत्र में महुअवा कांटा के पास घेराबंदी कर पुलिस ने एक कंटेनर पकड़ा, जिसमें 35 प्रतिबंधित पशु लादे गए थे। क्रूरतापूर्वक लादे जाने से इनमें दस पशुओं की मौत हो गयी थी। पुलिस ने कंटनेर में सवार तीन पशु तस्करों को गिरफ्तार किया है। यह पशुओं को वध के लिए प. बंगाल ले जा रहे थे।

पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के निर्देशन में प्रतिबंधित पशुओं के तस्करी के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक थाना पटहेरवा व स्वाट टीम ने मुखबिर की सूचना पर महुअवा कांटा के पास से फोरलेन पर एक कन्टेनर को घेर कर रोका। 35 प्रतिबंधित पशु (25 राशि जिन्दा व 10 मृत ) की बरामदगी की गयी। इनकी पहचान पिन्टू शेख निवासी नगोराम, नालहटी बीरभूम पश्चिम बंगाल, नसीम निवासी भूलराताढा पलिया लखीमपुर खीरी यूपी तथा शाबिर हुसैन पुत्र गोथू निवीसी भूलराताढा पलिया लखीमपुर खीरी यूपी को गिरफ्तार किया गया। तस्करों से पूछताछ में जानकारी मिली है कि उन्होंने विभिन्न सहयोगियों के जरिए पशुओं को लखीमपुर खीरी में जुटाने के बाद कंटेनर में लादा था।

# सभी थाना क्षेत्रों में बैंकों की हुई जांच

कुशीनगर। पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के निर्देश पर सोमवार को जनपद कुशीनगर के समस्त थाना क्षेत्रों में प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष व चौकी प्रभारियों ने टीम के साथ अपने क्षेत्रों में बैंकों की चेकिंग की। बैंक परिसर व आसपा संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों को चेक किया गया।

# अपहृता बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**कुशीनगर।** कसया पुलिस ने सोमवार को बस स्टैण्ड के पास से किशोरी के अपहरण के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से अपहृता का बरामद कर लिया गया। पिछले दिनों कसया थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी का अपहरण का लिया गया। परिजनों ने कसया थाने में हुसैन पुत्र मो वसीम निवासी ग्राम व पोस्ट पाण्डेचौरा थाना कर्नलगंज, गोण्डा के खिलाफ केस दर्ज कराया था।

# सुसाइड करने गई प्रेमिका को बचाया

## सजगता

- हनुमानगंज क्षेत्र का मामला प्रेमी-प्रेमिका दोनों हैं नाबालिग
- किशोर व किशोरी के परिजनों को बुलाकर पुलिस ने सौंपा

पनियहवा, हिन्दुस्तान संवाद। हनुमानगंज थाना क्षेत्र की एक प्रेमिका प्रेमी द्वारा शादी से इनकार करने के बाद सोमवार को रेल लाइन पर सुसाइड करने पहुंच गई। अभी रेल ट्रैक पर ट्रेन आती कि तभी पुलिसकर्मियों की नजर किशोरी पर पड़ गई और उसे ट्रैक से हटाते हुए उसकी जान बचा ली। प्रेमी-प्रेमिका दोनों की उम्र नाबालिग है। पुलिस ने दोनों को कब्जे में लेकर उनके परिजनों को इसकी सूचना दी। सूचना पर पहुंचे परिजनों के हवाले दोनों को पुलिस ने कर दिया।

हनुमानगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 10वीं की छात्रा का थाना क्षेत्र के ही एक दूसरे गांव के कक्षा 9वीं के छात्र से दो वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा है। जब इसकी भनक किशोरी के घरवालों को लगी तो वह इसका विरोध करना शुरू कर दिए और कहीं दूसरी जगह शादी करने की तैयारी करने लगे।

किशोरी ने दूसरे जगह शादी की बात सुन शादी करने से मना कर सोमवार को अपने प्रेमी से मिलने पहुंची, जहां शादी करने की जिद पर वह अड़ गई। प्रेमी किशोर ने दोनों का कम उम्र बता शादी से इनकार कर दिया, जिससे नाराज होकर प्रेमिका जान देने की नियत सोमवार की दोपहर बाद गोरखपुर-नरकटियागंज रेलखंड पर पनियहवा चौराहे के समीप पटरी पर ट्रेन के इंतजार में खड़ी थी। अभी ट्रेन आने ही वाली थी कि हनुमानगंज थाने के कांस्टेबल शषिकेश गोस्वामी व सोनू यादव की नजर उस पर पड़ गई। ट्रैक पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने उसे समझाकर थाने ले आए और किशोर तथा किशोरी के परिजनों को बुलाकर उन्हें सौंप दिया। एसओ संतोष यादव ने बताया कि किशोरी व किशोर दोनों के परिजनों को बुलाकर सौंप दिया गया है।

# बन रही हाईवे से लगे थानों में तैनात पुलिसकर्मियों की सूची

- हटाए जाएंगे दो साल या इससे अधिक समय से तैनात
- अनैतिक कार्यों में लिप्त कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की तैयारी

**जागरण संवाददाता, पडरौना:** पुलिस व तस्कर गठजोड़ की बात सामने आने के बाद पुलिस महकमे में हलचल मची है। एसपी के निर्देश पर हाईवे से जुड़े थानों में कौन पुलिसकर्मी कब से तैनात है, और उसकी छवि कैसी है, इसकी सूची बन रही है। दो साल या इससे अधिक समय से तैनात पुलिसकर्मी हटाए जाएंगें।

जिले में भ्रष्टाचार में लिप्त पुलिसकर्मियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की तैयारी है। अनैतिक कार्यों में लिप्त पुलिसकर्मियों को चिह्नित करने की कवायद तेज हो गई है। पुलिस अफसरों के निर्देश पर हाईवे से जुड़े कोतवाली हाटा, कोतवाली पडरौना, कसया, पटहेरवा, तरयासुजान, सेवरही, नेबुआ-नौरंगिया, खड्डा, तुर्कपट्टी, विशुनपुरा थाने में तैनात पुलिसकर्मियों का इतिहास खंगाला जा रहा है। पता किया जा रहा कि किस पुलिसकर्मी ने कब आमद की, उसके कार्य क्षेत्र में कभी बदलाव हुआ या नहीं। इनकी छवि कैसी है, कार्य-प्रणाली संतोषजनक है या नहीं। थानेदार या बड़े अफसरों को कभी इनकी शिकायत तो नहीं मिली। शिकायत मिली तो किस बात की और इस पर क्या कार्रवाई हुई।

एसपी धवल जायसवाल ने बताया कि हाईवे से जुड़े थानों में तैनात पुलिसकर्मियों का रिकार्ड खंगाला जा रहा है। भ्रष्टाचार में लिप्त या दायित्वों के प्रति लापरवाह पुलिसकर्मियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई होगी। दो साल या इससे अधिक समय से जमे पुलिसकर्मी हटाए जाएंगे।

# चोरी का ठेला बरामद, एक गिरफ्तार

**पडरौना** : नगर की कोतवाली पुलिस ने तिलक चौक से चोरी गए ठेले को बरामद कर एक को गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान दीपक जायसवाल निवासी तिलक चौक थाना कोतवाली पडरौना के रूप में हुई। कोतवाल निर्भय कुमार सिंह ने बताया कि एक पखवारे पूर्व चोरी गए ठेले के संबंध में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही थी। आज सुबह खिरकिया चौराहे के पास से चोरी गए ठेले के साथ दीपक को गिरफ्तार कर लिया गया। उसने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। (जासं)

# तीन निरीक्षक व आठ उपनिरीक्षकों का एसपी ने बदला कार्यक्षेत्र

- अहिरौली बाजार के प्रभारी निरीक्षक बने पीआरओ पंकज कुमार गुप्ता
- विवेकानंद यादव को जन शिकायत प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी

**जागरण संवाददाता, पडरौना :** एसपी धवल जायसवाल ने रविवार की रात विभागीय फेरबदल करते हुए तीन निरीक्षक तथा आठ उपनिरीक्षकों का कार्यक्षेत्र बदल दिया। एसपी के पीआरओ रहे निरीक्षक पंकज कुमार गुप्ता को अहिरौली बाजार थाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जबकि वहां के थानेदार विवेकानंद यादव जनशिकायत प्रकोष्ठ के प्रभारी बनाए गए हैं।

सर्विलांस सेल में तैनात निरीक्षक राजेश कुमार पांडेय अब प्रभारी आइजीआरएस का कार्य देखेंगे। पुलिस लाइन में तैनात महिला निरीक्षक सुमन सिंह प्रभारी जनशिकायत फीड बैक व प्रभारी परिवार परामर्श केंद्र बनाई गई हैं। नेबुआ-नौरंगिया में तैनात दारोगा राघवेंद्र सिंह पीआरओ एसपी, खड्डा में तैनात दारोगा अवनीश कुमार सिंह चौकी प्रभारी बहादुरपुर तरयासुजान, विशुनपुरा में तैनात निरंजन कुमार राय चौकी प्रभारी तिनफेड़िया, बरवापट्टी में तैनात राम सहाय यादव चौकी प्रभारी तमकुहीराज, तरयासुजान में तैनात दिग्विजय सिंह चौकी प्रभारी कुशीनगर कसया, सेवरही में तैनात शनि कुमार चौकी प्रभारी हाइवे कसया व कसया में तैनात राकेश यादव चौकी प्रभारी फाजिलनगर बनाए गए हैं।

एसपी ने बताया कि यह स्थानांतरण कानून व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए किए गए हैं।

# पुलिस की मदद से महिला को मिला घर में प्रवेश

**जासं, सम्मउर बाजार :** पटहेरवा के परसौनी खुर्द की महिला को पुलिस की मदद से सोमवार को उसके घर में प्रवेश मिला। महिला ने थाने में न्याय की गुहार लगाई थी।

पुलिस को दी गई तहरीर में पीड़िता मीरा ने कहा है कि उसके पति की दो शादियां हैं। पहली पत्नी से पुत्र न होने पर उसने मुझसे शादी की। मुझे भी पुत्र न होने पर पति की पहली पत्नी ने एक माह पूर्व मारपीट कर मुझे घर से निकाल दिया। मायके के लोग जब भी मुझे लेकर आए वह घर में घुसने नहीं देतीं। रिश्तेदारों ने भी घर में रहने के लिए काफी प्रयास किया था।

शिकायत का संज्ञान लेते हुए पुलिस टीम सोमवार को महिला को लेकर उसके घर पहुंची। सभी को समझा-बुझाकर महिला को उसके घर में प्रवेश दिलाया।

# पुलिस की उपस्थिति में हुआ भूमि का सीमांकन

**जागरण संवाददाता, तरयासुजान :** सोमवार को तमकुही कस्बे के सहीमल बाबा के स्थान पर विवादित भूमि का सीमांकन हुआ। तहसीलदार की अगुआई में हुई पैमाइश के दौरान पुलिस भी उपस्थित रही। इस दौरान दोनों पक्षों को आने से प्रशासन ने मना किया था।

स्थान के समीप एक व्यक्ति ने भूमि का बैनामा लिया है। जिसमें वह भवन निर्माण शुरू करवा रहा था। सहीमल बाबा प्रबंध कमेटी ने आपत्ति दर्ज कराई की जिस भूखंड पर निर्माण करवाया जा रहा है, वह हमारी है। जबकि निर्माण कराने वाले पक्ष का दावा था कि वह खुद की भूमि



तमकुही में एनएच के किनारे स्थित सहीमल बाबा के स्थान पर विवादित भूमि का सीमांकन कराते तहसीलदार दीपक गुप्ता बाएं से तीसरे● जागरण

में निर्माण करा रहा है। दोनों पक्षों की बातें सुनने के बाद प्रशासन ने दोनों पक्षों की गैरमौजूदगी में सीमांकन कराया। तहसीलदार दीपक गुप्ता ने बताया कि कमेटी का आरोप निराधार है।

# पुलिस के हस्तक्षेप से घर में दाखिल हुई विवाहिता

गंगुआ बाजार। ससुराल से निकाली गई एक विवाहिता पुलिस के हस्तक्षेप के बाद सोमवार को घर में दाखिल हो पायी। आरोप था कि उसके पति और सौत ने घर से निकाल दिया था। पटहेरवा थाना क्षेत्र के परसौनी खुर्द गांव निवासी एक व्यक्ति की दो बीवियां हैं। पहली पत्नी ने दूसरी को घर से निकाल दिया था। संवाद

# किशोरियों के अपहरण के मामले में केस, एक मिली

**पटहेरवा।** थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों से तीन दिन पूर्व अपहृत दोनों किशोरियों के मामले में पुलिस ने उनके पिता की तहरीर पर नामजद मुकदमा दर्ज किया है। उनमें से एक को ढूंढकर पुलिस ने उसके पिता को सौंप दिया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के दो गांवों से तीन दिन पहले एक किशोरी और एक सप्ताह पहले एक अन्य किशोरी का अपहरण होने की सूचना उनके पिता की तरफ से दी गई थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया और एक को लबनिया के पास से खोज लिया। आरोपी वहां से भागने में सफल रहा। दूसरी किशोरी के अपहरण मामले में पुलिस उसे तथा आरोपी की तलाश में जुटी है। एसओ अखिलेश सिंह ने बताया कि एक किशोरी को खोजकर उसके परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है। संवाद

# तस्करों के खिलाफ मुकदमा दर्ज भेजे गए जेल

**पटहेरवा।** गोवंशीय पशुओं से लदे कंटेनर में पकड़े गए तीनों तस्करों के खिलाफ सोमवार को पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेज दिया। पटहेरवा थाने की पुलिस ने इन्हें रविवार को महुअवा गांव के पास 35 गोवंशीय पशुओं से लदा कंटेनर पकड़ा था।

तीन तस्कर भी पकड़े थे, जिनका नाम पिंटू शेख निवासी नगोराम नालहटी बीरभूम पश्चिम बंगाल, नसीम व साबिर निवासी भुलराताढा, पलिया, खीरी है। इनके खिलाफ गोवध निवारण अधिनियम और पशुक्रूरता अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। इसकी जानकारी एसओ अखिलेश सिंह ने दी। संवाद

# प्रशासन ने की जमीन की पैमाइश

## शहीमल बाबा की मजार के पास की जमीन का मामला

संवाद न्यूज एजेंसी

**तमकुहीराज।** कई दिनों से विवाद का केंद्र बने रहे नगर पंचायत स्थित शहीमल बाबा के मजार के पास की भूमि की तहसील प्रशासन ने पैमाइश कर उसकी नवैयत की जानकारी ली। तहसीलदार की निगरानी में हुई इस पैमाइश के दौरान लेखपाल, राजस्व निरीक्षक एंव भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। पैमाइश में किसी तरह की बाधा उत्पन्न न हो इसके लिए पक्षकारों एवं आम लोगों को वहां से दूर रखा गया।

शहीमल बाबा की मजार के पास बैनामा लिए भूमि पर एक व्यक्ति द्वारा पक्का निर्माण कराया जा रहा था। उसे एक वर्ग के लोग विवादित बताते हुए धार्मिक भावना को आहत करने वाला कार्य बताने लगे। इन लोगों ने एडीएम कुशीनगर, एसडीएम तमकुहीराज, एसओ तरयासुजान सहित अनेक सक्षम लोगों से मिलकर निर्माण रोकने की मांग की थी। मामला तूल पकड़ता देख प्रशासन हरकत में आया। सोमवार को उच्चाधिकारियों के निर्देश तहसीलदार ने मातहतो के साथ क्षेत्र की पैमाइश की। इस संबंध में तहसीलदार दीपक कुमार गुप्ता ने बताया कि इसकी रिपोर्ट बनाकर उच्चाधिकारियों को भेजी जा रही है। भूमि की वर्तमान स्थिति के बारे में अभी कुछ कहना उचित नहीं होगा।



पैमाइश कराते वक्त अधिकारियों को रिपोर्ट देते तहसीलदार । संवाद

# विवादित भूमि का प्रशासन ने कराया सीमांकन

**तमकुहीराज, हिन्दुस्तान संवाद।** नगर पंचायत तमकुहीराज के शहीमल बाबा मजार के पास की विवादित भूमि का तहसील प्रशासन ने सीमांकन करा उसकी नवैयत की जानकारी ली। तहसीलदार की निगरानी में हुए सीमांकन के दौरान तथस्त लेखपाल, राजस्व निरीक्षक व भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहे। वहीं, किसी तरह की बाधा उत्पन्न न हो, इसके लिए पक्षकारों एवं आम लोगों को वहां से दूर रखा गया।

तमकुहीराज स्थित शहीमल बाबा मजार के पास बैनामा लिए एक भूमि पर बैनामेदार भाजपा नेता द्वारा पक्का निर्माण कार्य कराया जा रहा था। कुछ लोग उक्त भूमि को विवादित बताते हुए निर्माण कार्य को धार्मिक भावना आहत करने वाला कार्य बताकर विरोध करना शुरू कर दिए। इन लोगों ने एडीएम, एसडीएम तमकुहीराज, एसओ तरयासुजान समेत अनेक सक्षम लोगों से मिलकर निर्माण कार्य रोकने की मांग की थी। मामला तूल पकड़ता देख प्रशासन हरकत में आ गया। उच्चाधिकारियों के निर्देश तहसीलदार ने अपने मातहतों के साथ पूरे विवादित क्षेत्र का सीमाकंन कराया। प्रशासन यह जानना चाहता था कि नक्शे के हिसाब से भूमि की क्या स्थिति है ।



सोमवार को विवादित भूमि की पैमाइश के दौरान तहसीलदार व प्रशासनिक टीम।

# MAHARAJ GANJ POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 07-06-2022

# 124 वाहनों का चालान

**महराजगंज (एसएनबी)**। जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में चिन्ह्ति स्थानों पर दो पहिया वाहनों, संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी। चेकिंग के दौरान यातायात नियमों का उल्लघंन करने पर 124 वाहनों का चालान किया गया। **शांतिभंग की आशंका में 37 गिरफ्तार** : जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में शांतिभंग की आशंका में कुल 37 व्यक्तियों को सीआरपीसी की धारा 151 के तहत गिरफ्तार किया गया साथ ही उन्हें चालान न्यायालय किया गया। **10 लीटर शराब बरामद** : जनपद में अवैध शराब के निष्कर्षण, बिक्री व परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण बनाये रखने के लिए 1व्यक्ति के कब्जे से 10 लीटर देशी व 121 शीशी नेपाली शराब बरामद किया गया साथ ही उसे 60 आबकारी एक्ट के तहत चालान न्यायालय किया गया।

# विशेष लोक अदालत की सफलता को लेकर बैठक

**महराजगंज (एसएनबी)।** उच्च न्यायालय इलाहाबाद तथा उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ केनिर्देशानुसार आगामी 3 जुलाई को आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालत को सफल बनाने केलिए आर्बीट्रेशन के निष्पादन वादों के अधिकाधिक निस्तारण के लिए जनपद न्यायाधीश जयप्रकाश तिवारी की अध्यक्षता मेंप्री ट्रायल बैठक की गयी। इस दौ रान जनपद न्यायाधीश ने सभी अधिकारियों/अधिवक्ताओं से अपेक्षा की कि वे अपने-अपने स्तर से आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालत में आर्बीट्रेशन के निष्पादन वादों के अधिकाधिक निस्तारण सुनिश्चित कराएंगे। बैठक के दौरान जिला जज ने सम्बन्धित न्यायालयोंद्व ारा प्रस्तुत पत्रवालियों का अवलोकन किया गया। साथ ही सुलह योग्य सम्भावित पत्रावलियों को विशेष लोक अदालत के दौरान निस्तारण के लिए चिह्नित किया गया। बैठक में अपर जिला जज चतुर्थ श्रीमती रेखा सिंह, सिविल जज प्रवर खण्ड/प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती आस्था श्रीवास्तव, अधिवक्ता हेमन्त कुमार पाण्डेय, ज्योति कुमार श्रीवास्तव तथा श्रीराम फाइनेंस से विशाल कुमार सिंह व गुड्डू सिंह उपस्थित रहे। आगामी 3 जुलाई को आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालत की सफलता के मद्देनजर अगली बैठक 13 जून को होगी।

# ड्यूटी के प्रति निष्ठावान होकर करें कार्य

**महराजगंज(एसएनबी)।** जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार की अध्यक्षता में उप्र लोक सेवा आयोग द्वारा अधीनस्थ सेवा प्रारम्भिक परीक्षा 2022 की सुचिता पूर्ण परीक्षा कराये जाने के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्ट्रैटिक मजिस्ट्रेट तथा विद्यालय केन्द्र व्यवस्थापकों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की गयी। साथ ही परीक्षा को पारदर्शिता व सुचिता पूर्ण तथा सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट व स्टैट्रिक मजिस्ट्रेट तथा विद्यालय केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया कि अपने ड्यूटी व कर्तव्यों के प्रति निष्ठावान होकर कार्य करें जिससे आसानी से पारदर्शी ढंग से परीक्षा को सफलतापूर्वक सम्पादित कराया जा सके।

जिलाधिकारी ने कहा कि कोई भी परीक्षा हो शान्ति व सुचिता पूर्ण कराया जाना ही मूल उद्देश्य होना चाहिए। ऐसा कोई कार्य या लापरवाही न हो जिससे परेशानियां बढ़े। स्टैट्रिक

**सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्ट्रैटिक मजिस्ट्रेट तथा विद्यालय केन्द्र व्यवस्थापकों के साथ जिलाधिकारी की बैठक**

मजिस्ट्रेट व केन्द्र ब्यवस्थापक की पूर्ण जिम्मेदारी है कि परीक्षा को पारदर्शिता के साथ करायें। पुलिस फोर्स भी केन्द्रों का निरीक्षण कर सुनिश्चित कर लें कि बाहर से किसी प्रकार की कोई दुर्व्यवस्था न हो। परीक्षा केन्द्र में कक्ष निरीक्षक व परीक्षार्थी मोबाइल, घड़ी या कोई भी इलेट्रानिक यंत्र ले जाने की अनुमति नहीं होगी । परीक्षा कक्ष में बड़ी दिवाल घड़ी लगाई जाए, जो सभी परीक्षार्थी को दिखाई दे। विद्यालय में साफ सफाई हेतु नगर पालिका व नगर पंचायतों के माध्यम से सफाई ब्यवस्था करा लिया जाय। स्ट्रैटिक मजिस्ट्रेट परीक्षा पूर्व परीक्षा कक्षों का निरीक्षण कर सुनिश्चित हो ले कि लाइट, सीसीटीबी कैमरे कार्य कर रहे है अथवा नहीं। परीक्षार्थियों की सामग्री के लिए क्लार्क रूम बनाये जाय और बैग नम्बर दिये जाय जिससे अपने नम्बर से समान को प्राप्त कर सकें।

उन्होंने कहा कि ओएमआर उत्तर पत्रकों की खोलने तथा पैकिंग की बीडियोग्राफी करायी जायेगी जो बीडियोग्राफी के साथ सीसीटीबी कैमरे में स्पष्ट होना आवश्यक होगा। पीसीएस प्रारम्भिक परीक्षा 12 जून दिन में रविवार को होना निश्चित है इसके लिए 19 परीक्षा केन्द बनाये गये हैं तथा दो पालियों सुबह 9.30 बजे से 11.30 बजे व दूसरी पाली अपराह्न 2.30 बजे से 4.30 बजे तक होगी। बैठक में मुख्य कोषाधिकारी शालीग्राम, अपर पुलिस अधीक्षक निवेश कटियार, एस डी एम फरेन्दा दिनेश कुमार मिश्रा, डीआइओएस अशोक कुमार सिंह, बीएसए,सभी केन्द्रो के प्रबन्धक व प्रधानाचार्य उपस्थित रहे।

**विषैले रसायन से नहीं मारेगा कोई मछली :** जिलाधिकारी ने शासन के निर्देश के क्रम में बताया है कि उप्र मत्स्य अधिनियम 1948 की धारा 3 उप धारा (1) के अन्तर्गत निर्गत नियम 1 से 4 को तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है। इसके तहत उन सभी जलाशयों, नदियों की समस्त जलधाराओं पर प्रभावी होंगे जो जनपद की सीमा में हैं। कोई भी व्यक्ति विस्फोटक पदार्थ अथवा कृषि रक्षा एवं व्यापारिक कार्य में प्रयुक्त होने वाले विषैले रसायन से मछली नहीं मारेगा और न ही मारने का प्रयास करेगा। साथ ही कोई भी व्यक्ति 15 जून से 30 सितम्बर 2022 तक मत्स्य जीरा अथवा अंगुलिका 2 से 10 इंच की आकार की मछली न तो पकड़ेगा और न ही बेचेगा तथा 1 जुलाई से 31 अगस्त तक प्रजननशील मछलियों को न तो कोई पकड़ेगा न ही मारेगा और न ही बेचेगा जब तक कि उसके पास मत्स्य विभाग महराजगंज उप्र द्वारा निर्गत वैध लाइसेंस न हो। जिलाधिकारी ने कहा कि शासनादेश में किये गये संशोधन के अनुसार जल खण्डों, प्राकृतिक बहाव पर लागू होगा। बहाव को रोकने अथवा अवरोध नहीं लगायेगा और न ही ऐसा करके मत्स्य जीरा, अंगुलिका की मछली नहीं पकड़ेगा। आदेशों के उल्लंघन में लगाये गये अवरोधक सामग्री, मछली जब्त कर ली जायेगी तथा आदेशों का उल्लंघन उप्र मत्स्य अभिनियम 1948 के अन्तर्गत दण्डनीय होगा।



सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्ट्रैटिक मजिस्ट्रेट तथा विद्यालय केन्द्र व्यवस्थापकों की बैठक को संबोधित करते जिलाधिकारी।

# सोने की तस्करी में एक भारतीय सहित सात लोग गिरफ्तार

- दुबई से तस्करी का सोना लाने वाले दो लोगों से मिले सुराग
- नेपाल के भैरहवा हवाई अड्डे से एक किलो सोने के साथ पकड़े गए

सोनौली, हिन्दुस्तान संवाद। सोने की तस्करी के आरोप में नेपाल पुलिस ने एक भारतीय, एक चीनी समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया है। दुबई से तस्करी का सोना लाने वाले दो लोगों से मिले सुराग के बाद यह गिरफ्तारी हुई है।

काठमांडू घाटी अपराध जांच कार्यालय की टीम ने रुपन्देही के भैहरवा हवाई अड्डे से करीब एक किलो सोने के साथ कपिलवस्तु के 29 वर्षीय संदीप चंद ठाकुरी और 42 वर्षीय सुरेश बहादुर शाही को गिरफ्तार किया है। इनके बयान के आधार पर पुलिस ने काठमांडू से चीन के एक युवक लोपसांग गल्सन व दिल्ली कृष्णनगर के अमन राजपूत को पकड़ा। इसके अलावा तीन नेपाली भी इस मामले में पकड़े गए हैं। पुलिस ने ठाकुरी के पास से 572.160 ग्राम सोना और शाही के पास से 316.81 ग्राम सोना बरामद किया है। सोने के व्यापार में चीनी व भारतीयों की संलिप्तता सामने आने के बाद पुलिस कनेक्शन का पता लगाने में जांच कर रही है। गिरफ्तार व्यक्तियों को बरामद सोने के साथ त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा सीमा शुल्क कार्यालय को सौंप दिया गया है।

# विशेष लोक अदालत को लेकर बनाई गई रणनीति

- तीन जुलाई को आयोजित की जाएगी विशेष लोक अदालत
- अधिक से अधिक वादों का निस्तारण हो लक्ष्य : जिला जज

**जासं, महराजगंज :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में तीन जुलाई को आयोजित होने वाले विशेष लोक अदालत की सफलता को लेकर सोमवार को जिला जज जयप्रकाश तिवारी की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिला जज ने कहा कि लोक अदालत में अधिक से अधिक वाद का निस्तारण हो यही लक्ष्य होना चाहिए।



बैठक में अपर जिला जज चतुर्थ रेखा सिंह, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव प्रागदत शुक्ला, आस्था श्रीवास्तव, हेमंत कुमार पांडे य, ज्योति कुमार श्रीवास्तव, विशाल कुमार सिंह, गुड्डू सिंह उपस्थित रहे।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव प्राग दत्त शुक्ल ने बताया कि अधिक से अधिक वाद के निस्तारण को लेकर अभी 13, 18 व 24 जून और दो जुलाई को भी बैठक की जाएगी ।

# पीआरडी जवानों के आश्रितों को मिलेगा अनुकंपा का लाभ

### स्थायी रूप से अपंग होने की दशा में किसी एक आश्रित को लाभान्वित कराने की योजना

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** जिले में प्रांतीय रक्षक दल के जवान के रूप में ऑनलाइन ड्यूटी का लाभ प्राप्त करने वाले जवानों की मौत व स्थायी अपंगता की स्थिति का देखते हुए उनके एक आश्रित को अनुकंपा का लाभ देने की योजना बनाई गई है।

योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए इच्छुक आवेदकों को 20 जून तक जिला युवा कल्याण विभाग में आवेदन प्रस्तुत करना होगा। आवेदन को जिम्मेदारों की ओर से निदेशालय को भेजते हुए पात्रों को लाभान्वित कराए जाने का कार्य होगा।

प्रांतीय रक्षक दल विभाग में कहने के लिए आठ सौ से अधिक जवान कार्य करते हैं। विभाग ने जब इनकी सक्रियता के लिए इनके विवरण को ऑनलाइन किया तो उसमें जिले भर से 522 लोग ही ऐसे मिले, जो अपने कार्य के प्रति सक्रिय नजर आए। विभाग की ओर से इनके विवरण को ऑनलाइन कराते हुए उन्हें कोड एलाट कर दिया गया।

ऐसे में कोड एलाट इन स्वयंसेवकों की स्थिति को देखते हुए जिला स्तरीय जिम्मेदारों से घर व परिवार की सहमति के आधार पर किसी एक आश्रित का नाम मांगा गया है, जिससे कि उन्हें संगठन से जोड़ते हुए लाभान्वित किया जा सके।

### 20 जून तक नाम उपलब्ध कराएं पात्र

प्रभारी जिला युवा कल्याण अधिकारी सुधीर श्रीवास्तव ने कहा कि मानकों को पूरा करने वाले पात्रों को योजना के लाभ के लिए 20 जून तक प्रत्येक दशा में आवेदन करना होगा। इच्छुक लोग आवेदन करना सुनिश्चित करें।

*पीआरडी स्वयंसेवक की मृत्यु व स्थायी रूप से अपंग होने पर उसके पात्र एक आश्रित को अनुकंपा का लाभ देने की व्यवस्था बनाते हुए जानकारी मांगी गई है। विभागीय जिम्मेदार 30 जून तक प्रत्येक दशा में विवरण उपलब्ध कराएं।*

**- अजातशत्रु शाही,** उप निदेशक युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल

# BASTI POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 07-06-2022

# स्मैक तस्कर नशीला पाउडर के साथ गिरफ्तार

**जासं, बभनान :** गौर पुलिस ने एक अंतरजनपदीय स्मैक तस्कर को नशीला पाउडर व गोली के साथ गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष गौर बृजेंद्र ने बताया कि सूचना मिली की एक स्मैक तस्कर बभनान कस्बे के सुर्ती हट्टा में मौजूद है। चौकी इंचार्ज बभनान जनार्दन प्रसाद पुलिस ने टीम के साथ पहुंचकर उसे धर दबोचा। तलाशी के दौरान उसके पास से 70 ग्राम नशीला पाउडर व बड़ी मात्रा में नशीली गोली बरामद हुई। पूछताछ में उसने अपनी पहचान दुर्गा प्रसाद पुत्र सुरजदीन निवासी वार्ड नंबर दस महागौरी नगर के रूप में बताई।

# बस्ती जेल प्रशासन पर हत्या का मुकदमा, अधीक्षक निलंबित

- जिला कारागार में निरुद्ध विचाराधीन बंदी की हुई थी मौत
- पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर व शरीर पर चोट के निशान
- पत्नी की तहरीर पर दर्ज हुई रिपोर्ट शासन ने की निलंबन की कार्रवाई

**जागरण संवाददाता, बस्ती :** जिला कारागार में पिटाई के चलते रविवार को हुई बंदी की मौत के मामले में जेल प्रशासन पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसके सिर व शरीर पर चोट के निशान मिले हैं। जिलाधिकारी की रिपोर्ट पर शासन ने जेल अधीक्षक डीके पांडेय को भी निलंबित कर दिया है।



कैदी विजय सोनकर ● फाइल फोटो

हरैंया थाना पुलिस ने 30 मई को वार्ड नंबर-चार, हनुमानगढ़ी निवासी विजय सोनकर को 34 पुड़िया स्मैक, 2.5 किलो गांजा व तमंचा-कारतूस के साथ गिरफ्तार किया था। मुकदमा दर्ज करउसे जेल भेज दिया गया। शनिवार की सुबह विजय की तबीयत खराब होने पर जेल प्रशासन ने प्राथमिक उपचार कराया, लेकिन रविवार की सुबह 5:30 बजे उसकी हालत फिर खराब हो गई। उसे जिला अस्पताल लाया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

विजय की पत्नी माया देवी ने परिवार के साथ रविवार को पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर आरोप लगाया कि जेल में पिटाई के चलते विजय की मृत्यु हुई है। चिकित्सकों का पैनल बनाकर रविवार को पोस्टमार्टम कराया गया। शासन ने भी जिलाधिकारी से रिपोर्ट मांग ली। जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर रविवार को शासन को रिपोर्ट भेजी गई थी। शासन ने जेल अधीक्षक को निलंबित कर दिया है।

# चक मार्ग पर अतिक्रमण करने के मामले में मुकदमा

**भानपुर, बस्ती :** सोनहा पुलिस ने करायन गांव के तीन लोगों के विरुद्ध चकमार्ग पर अतिक्रमण करने के आरोप में सार्वजनिक संपत्ति निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। लेखपाल जय प्रकाश वर्मा ने पुलिस को दिए तहरीर में लिखा है कि करायन गांव के शंभू नाथ पुत्र छोटकू, रामबली पुत्र अमरनाथ व कन्हैया पुत्र राम नरायन ने चक मार्ग संख्या 192 रकबा 0.530 हेक्टेयर पर कब्जा कर रखा है, जिससे लोगों को आने जाने में असुविधा हो रही है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच उप निरीक्षक अनिल को सौंप दी है।

# दो बच्चों को सीडब्ल्यूसी ने स्वजन को सौंपा

**जासं,बस्ती:** परशुरामपुर थाना क्षेत्र में स्थित एक गांव के निवासी दो नाबालिग बच्चों को सीडब्ल्यूसी ने उनके माता-पिता को सौंप कर बच्चों की सुरक्षा और संरक्षण की जिम्मेदारी दी है।

थाना क्षेत्र के एक गांव के दो बच्चे घर से भागकर लुधियाना चले गए थे। बच्चों के पिता ने गांव के ही एक व्यक्ति पर आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए बच्चों की खोजबीन कर दी। बच्चों के सकुशल बरामद होने पर सोमवार को परशुरामपुर पुलिस ने न्याय पीठ बाल कल्याण समिति के समक्ष बच्चों को प्रस्तुत किया। सीडब्ल्यूसी के चेयर पर्सन प्रेरक मिश्रा, सदस्य अजय श्रीवास्तव, गोवर्धन गुप्ता, डा संतोष श्रीवास्तव, मंजू त्रिपाठी की टीम ने पत्रावली का निरीक्षण करते हुए न्यायालय में उपस्थित बच्चों के माता-पिता को उन्हें सिपुर्द किया।

# चोरों के गिरोह का पर्दाफाश, पांच गिरफ्तार

## चोरी में प्रयुक्त पिकअप, दो देसी तमंचा, कारतूस व चाकू भी चोरों के पास से बरामद

**जागरण संवाददाता, बस्ती :** पुरानी बस्ती पुलिस ने चोरों के एक गिरोह का पर्दाफाश किया है। सभी पुरानी बस्ती थाने के रहने वाले हैं। पुलिस के अनुसार गिरोह के सदस्य जिले में घूम-घूमकर चोरी की वारदात को अंजाम देते हैं। इनके पास से चोरी का माल भी बरामद हुआ है।

पुरानी बस्ती थानाध्यक्ष ने बताया कि पांच जून की देर रात 2.45 बजे वह अपनी टीम के साथ रात्रि गश्त व संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग पर निकले थे। इसी बीच सूचना मिली कि हड़िया सर्विस लेन के दक्षिण दो जून की देररात में बोरा व नकदी चोरी करने वाले गिरोह के सदस्य माल गोदाम के पास मौजूद हैं।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सभी को गिरफ्तार कर लिया। इनमें राहुल कुमार, निवासी बरदहिया बाजार, अरुण कुमार, बड़ेरिया खुर्द बेलवतिया थाना पुरानी बस्ती, अक्षय कुमार, विजय कुमार और रितेश कुमार निवासीगण निर्मलीकुंड थाना पुरानी बस्ती शामिल हैं। इनके विरुद्ध चोरी और चोरी के माल की बरामदगी, आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। इनके पास से 915 बोरा लदा पिकअप, विजय कुमार व अरुण कुमार के पास से एक-एक देसी तमंचा व कारतूस राहुल और अक्षय के पास से अवैध चाकू व 1530 रुपये नकद बरामद किए गए। एसओ ने बताया कि पकड़े गए आरोपितों ने पूछताछ में स्वीकार किया कि उनका एक साथी आशीष राणा निवासी बड़ेरिया बुजुर्ग मौके से भाग निकला।

हड़िया वाले दुकान में चोरी करते समय वह भी उनके साथ था। चोरी का कुछ बोरा उसके पास भी है, जिसको उसने कहीं छिपा रखा है। पकड़े गए आरोपितों में अरुण कुमार का आपराधिक इतिहास है। पुरानी बस्ती थाने में पहले से ही तीन आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।



पुरानी बस्ती थाना मे पकड़े गए चोर व उनसे बरामद सामान की जानकारी देते थानाध्यक्ष आलोक श्रीवास्तव ● जागरण

- दो जून की रात हड़िया सर्विस रोड स्थित दुकान से चुराया था 950 बोरा
- पकड़े गए आरोपितों में अरुण कुमार का है आपराधिक इतिहास

### गिरफ्तार करने वाली टीम

चोरों के गिरोह का पर्दाफाश करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष के अलावा प्रभारी चौकी हड़िया राधारमण यादव, प्रभारी चौकी दक्षिण दरवाजा जितेंद्र सिंह, प्रभारी चौकी प्लास्टिक कांपलेक्स विनय प्रताप सिंह, हेड कांस्टेबल फयानाथ भास्कर, दुर्बल यादव, मिथुन कुमार, कांस्टेबल पवन यादव शामिल रहे।

# बाइक चोरी के मामले में अज्ञात पर मुकदमा

**बस्ती :** कोतवाली पुलिस ने दो जून को जिला चिकित्सालय बस्ती से गायब बाइक के मामले में अज्ञात के विरुद्ध चोरी का मुकदमा दर्ज किया है। वाल्टरगंज निवासी गोविंद ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि उनकी बाइक किसी चोर ने उड़ा दी।

**तालाब पर अतिक्रमण को लेकर मुकदमा**

बस्ती: परशुरामपुर पुलिस ने तालाब पर अतिक्रमण के मामले में एक व्यक्ति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। लेखपाल इंद्रनारायण ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि राजस्व ग्राम कोप के गाटा सं. 160 तालाब रकबा 0.233 हेक्टेयर पर आरोपित राजेंद्र प्रसाद पांडेय ने अवैध अतिक्रमण कर निर्माण कार्य करा लिया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है।

# फब्तियां कसने वाले पर केस

बस्ती। पैकोलिया पुलिस ने महिलाओं व लड़कियों को देखकर फब्तियां कसने पर केस दर्ज किया है। हेड कांस्टेबल विपिन कुमार भट्ट ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि इसी थाने के पेड़ार निवासी मो. जावेद ने तेनुआ बाजार में महिलाओं व लड़कियों को देखकर फब्तियां कसते हुए आपत्तिजनक इशारा किया। उसके खिलाफ आईपीसी 294 के तहत केस दर्ज किया गया है।

# शांतिभंग में आठ लोगों को भेजा जेल

रुधौली। पकरीसोयम गांव में तहसील प्रशासन द्वारा समाधान दिवस की शिकायत को लेकर नायब तहसीलदार निखिलेश कुमार द्वारा सोमवार पुलिस बल के साथ अतिक्रमण हटाने के दौरान पब्लिक उग्र हो गई।

रुधौली पुलिस आठ लोगों को पकड़ कर थाने ले आई। शान्तिभंग में पाबन्द कर जेल भेज दिया। नायब तहसीलदार ने बताया कि पकरीसोयम केरोहित शर्मा ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में आवेदन दिया था उसके 195 गाटा संख्या पर गांव के चौकीदार अवधराम द्वारा अवैध कब्जा किया गया है। जिस पर सोमवार को लेखपालों की टीम के साथ पुलिस बल ने जेसीबी से अतिक्रमण हटा रहे थे कि महिलाओं ने विरोध करना शुरु कर दिया। अवधराम, शैलेन्द्र, हरेन्द्र, नीलेश, सुनील, पुष्पा, शकुन्तला, शीला को थाने ले आये।

# तालाब की भूमि पर अतिक्रमण, मुकदमा

**बस्ती।** परशुरामपुर पुलिस ने राजस्व ग्राम कोप में तालाब की भूमि पर अतिक्रमण करके निर्माण करने के मामले में मुकदमा दर्ज किया है।

इस संबंध में लेखपाल इन्द्र नारायण निवासी डहडा मिश्र ने राजेन्द्र प्रसाद पांडेय निवासी कोप थाना परशुरामपुर के खिलाफ लोक संपत्ति क्षति निवारण के तहत मुकदमा दर्ज किया है। संवाद

# छप्पर जलाने का आरोप, केस

बस्ती। दुबौलिया थाना क्षेत्र के जगदंबा प्रसाद ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि पशुओं को बांधने के लिए बने छप्पर व पास में बने एक अन्य छप्पर में गांव के विपिन कुमार व रंगीता देवी ने आग लगा दी। जिससे छप्पर नष्ट हो गया। वहीं मुंडेरवा के खजुही उर्फ बासगांव निवासी संजय कुमार ने बिजली बनाने की बात को लेकर मारपीट में चार लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया है।

# मारपीट के 10 मामलों में 30 पर केस

संवाद न्यूज एजेंसी

### पुरानी बस्ती, वाल्टरगंज, परशुरामपुर, दुबौलिया व गौर थाने के मामले

**बस्ती।** अलग-अलग थानाक्षेत्रों में विभिन्न कारणों से हुई मारपीट के 10 मामलों में पुलिस ने 30 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

जानकारी के मुताबिक कोतवाली पुलिस ने चननी निवासी गिरीश चन्द्र मिश्रा की तहरीर पर अनूप मिश्रा, रवि मिश्रा व प्रियांशु मिश्रा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। पुरानी बस्ती पुलिस ने सुंदर टाकिज के पास मारपीट के मामले में बैजनाथ गुप्ता की तहरीर पर ऋषभ गुप्ता निवासी सुंदर टाकिज थाना पुरानी बस्ती के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

वाल्टरगंज पुलिस ने देईपार बुजुर्ग में शराब पीकर अपशब्द कहने के मामले में चिंगोली उर्फ श्याम रथी की तहरीर पर राम सजीवन व मीरा पत्नी रामसजीवन निवासी गण देईपार बुजुर्ग पर मुकदमा दर्ज किया है। इसी थाने के खमरिया गांव की तबस्सुम पुत्री उम्मत अली की तहरीर पर नूरजहां पत्नी हयात अली, कमर जहां पुत्री हयात अली, अतीका,शाहीन व अन्जुम पुत्रीगण बरकत अली निवासी खमरिया के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। परशुरामपुर थाने के रानीपुर (बेरता) में मारपीट व धमकी देने के मामले में राम नेवाज की तहरीर पर राम अजोर, दीपक, लालजी व सुबेदार निवासी रानीपुर (बेरता) के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

इसी मामले में दूसरे पक्ष के गंगाराम ने चिन्ताराम, राम नेवाज, संत कुमार व शेषराम के विरुद्ध तहरीर दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। गौर थाने के सुल्तानपुर में मारपीट के मामले में रीता देवी पुत्री राम कुमार ने संदीप कुमार निवासी नगर पंचायत बभनान थाना गौर के विरुद्ध तहरीर दी। नगर थाने के भोयर उपाध्याय गांव में मारपीट के मामले में सुनील कुमार ने मिंटू के खिलाफ तहरीर दी। दुबौलिया थाने में भिउरा निवासी अश्वनी उर्फ राजू ने जितेंद्र पुत्र छोटेलाल, जितेन्द्र पुत्र ज्ञानदास, सुजीत कुमार, जितेन्द्र पुत्र शिवमूरत निवासी भिउरा के विरुद्ध तहरीर दी।

वहीं रुधौली थाने में खम्हरिया गांव में हुए विवाद के मामले में राम अधारे ने गांव के ही एक व्यक्ति पर मुकदमा दर्ज कराया। मुंडेरवा थाने के खजुही उर्फ बांसगांव में बिजली बनाने की बात को लेकर अपशब्द कहते हुए मारपीट के मामले में संजय कुमार ने अजय, पतेलू, शोभा पत्नी रामलौट व रामलौट निवासी गण खजुही उर्फ बांसगांव थाना मुंडेरवा के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने सभी मामलों में मुकदमा दर्ज कर तफ्तीश शुरू की है।

# विवेचना बाद सामने आएगी बंदी की मौत की सच्चाई

बस्ती, निज संवाददाता। जिला जेल में निरुद्ध बंदी विजय सोनकर की पोस्टमार्टम रिपोर्ट व बंदी के परिजनों के आरोप के आधार पर कोतवाली में जेल प्रशासन के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया गया है। इस केस में कोई नामजद नहीं किया गया है। ऐसे में जेल के भीतर किन परिस्थितियों में बंदी की पिटाई हुई और इसमें कौन शामिल रहा, इन सब सवालों का जवाब फिलहाल पुलिस के पास भी नहीं है। दूसरी तरफ जेल अधीक्षक ने जेल के भीतर बंदी की पिटाई के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया था। कोतवाल संजय कुमार का कहना है कि मुकदमे की विवेचना शुरू कर दी गई है। जेल में जाकर तहकीकात कर साक्ष्य संकलित किया जाएगा।

> जेल में निरुद्ध बंदी विजय की मौत के मामले में उसकी पत्नी माया की तहरीर पर जेल प्रशासन पर हत्या का केस दर्ज किया है। विवेचना के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।
>
> -आशीष श्रीवास्तव, एसपी

# जेल अधीक्षक निलंबित, जेल प्रशासन पर हत्या का केस दर्ज

## पोस्टमार्टम रिपोर्ट में चोट लगने से मौत की पुष्टि के बाद की गई कार्रवाई

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** जिला कारागार में निरुद्ध 38 वर्षीय बंदी की मौत के मामले में जेल अधीक्षक डीके पांडेय को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही जेल प्रशासन पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है।

यह कार्रवाई बंदी के शव के पोस्टमार्टम की रिपोर्ट में चोट लगने से मौत की पुष्टि होने के बाद की गई है। मृत बंदी विजय सोनकर निवासी वार्ड नंबर चार हनुमानगढ़ी हर्रैया की पत्नी माया देवी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

जानकारी के मुताबिक विचाराधीन बंदी विजय को 30 मई 2022 को पुलिस ने एनडीपीएस व आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। उसके परिजनों का आरोप है कि 30 मई को पुलिस उसे घर से उठाकर ले गई थी। इसके बाद स्मैक, गांजा व कट्टा-कारतूस के साथ गलत तरीके से गिरफ्तारी दिखाकर जेल भेज दिया था।

आरोप लगाया कि जेल में बंदी रक्षकों की पिटाई के कारण उसके सिर, हाथ, चेहरे आदि शरीर के कई अंगों में गंभीर चोट लगी थी। रविवार को सुबह विजय सोनकर की हालत नाजुक होने पर जेल प्रशासन ने उसे जिला अस्पताल भेजवाया, जहां पहुंचते ही उसे मृत घोषित कर दिया गया था।

उसकी मौत होने की जानकारी मिलते ही परिवार के लोग जिला अस्पताल पहुंच गए और जेल प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाने लगे। उन लोगों ने एसपी से शिकायत कर प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की थी। उधर, जेल अधीक्षक दिलीप पांडेय का कहना था कि विचाराधीन बंदी विजय सोनकर की शनिवार की रात तबीयत बिगड़ी थी। रात में उसे दवा दी गई थी।

रविवार की सुबह जेल खुलने के वक्त करीब साढ़े पांच बजे विजय सोनकर की तबीयत फिर से बिगड़ने पर उसे त्वरित इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। यहां इलाज के दौरान चिकित्सक ने सुबह छह बजकर पांच मिनट पर मृत घोषित कर दिया था। सीएमओ स्तर से गठित चिकित्सकों के पैनल ने पोस्टमार्टम किया।

### तफ्तीश में उजागर होगी चोट लगने की वजह

**एसपी** आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर जेल प्रशासन के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया गया है। यह चोट बंदी को कैसे आई, इसकी तफ्तीश की जा रही है। आरोप है कि जेल अधीक्षक की शह पर बंदी रक्षकों ने विजय सोनकर समेत कई बंदियों की पिटाई की थी। जिनमें विजय सोनकर की हालत बिगड़ गई। पिटाई करने वाले बंदियों और पर्यवेक्षण अधिकारियों को मुकदमे में शामिल किया जाएगा।



# दो नाबालिग बच्चों को सीडब्ल्यूसी ने माता पिता को सौंपा

बस्ती। जनपद के परशुरामपुर थाना क्षेत्र स्थित एक गांव के दो नाबालिग बच्चों को सीडब्ल्यूसी ने माता-पिता को सौंपा। उनके सुरक्षा और संरक्षण की जिम्मेदारी भी माता पिता को दी है।

थाना क्षेत्र के एक गांव के दो बच्चे घर से भागकर लुधियाना चले गए थे, बच्चे के पिता ने गांव के ही एक व्यक्ति पर आरोप लगाते हुए थाना परशुरामपुर को तहरीर दी थी। मुकामी थाने में तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करते हुए दोनों बच्चों की खोजबीन कर बरामद कर लिया। बच्चों के सकुशल बरामद कर सोमवार को परशुरामपुर पुलिस ने न्याय पीठ बाल कल्याण समिति के समक्ष बच्चों को प्रस्तुत करते हुए बच्चों को उचित सुपुर्दगी में देने का निवेदन किया। सीडब्ल्यूसी की चेयरपर्सन प्रेरक मिश्रा, सदस्य अजय श्रीवास्तव, गोवर्धन गुप्ता, डॉ. संतोष श्रीवास्तव, मंजू त्रिपाठी की टीम ने पत्रावली का निरीक्षण करते हुए न्यायालय में उपस्थित माता-पिता से बातचीत की। उन्हें बच्चों की सुरक्षा और संरक्षण, संपोषण की जिम्मेदारी सौंपी। संवाद

# बोरा चोर गिरोह के पांच गुर्गे गिरफ्तार

बस्ती। थाना पुरानी बस्ती पुलिस ने बोरा चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पांच गुर्गों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए बोरा चोरों के कब्जे से चोरी के साढ़े नौ सौ जूट के बोरे, दो अवैध तमंचा और कारतूस, चोरी में प्रयुक्त पिकअप गाड़ी और साढ़े 15 सौ रुपये बरामद किया किए गए हैं। गिरोह का एक गुर्गा फरार हो गया, जिसकी पुलिस को तलाश है।

पुरानी बस्ती थानाध्यक्ष आलोक कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि सोमवार तड़के करीब पौने तीन बजे माल गोदाम के पास गिरोह को पकड़ा गया। पूछताछ में पता चला कि इन्हीं लोगों ने दो/तीन जून की रात थानाक्षेत्र के हड़िया चौराहे के पास स्थित दुकान से 10 हजार रुपये नकदी व 16 सौ बोरों की चोरी की थी। गिरफ्तार आरोपियों में राहुल निवासी बरदहिया बाजार थाना पुरानी, अरुण निवासी बड़ेरिया खुर्द बेलवतिया थाना पुरानी बस्ती, अक्षय, विजय व रितेश निवासी निर्मलीकुंड थाना पुरानी बस्ती शामिल हैं। चोरी किए गए 16 सौ बोरों में से बाकी बोरे आशीष राणा निवासी बड़ेरिया बुजुर्ग थाना पुरानी बस्ती के पास हैं जो गिरफ्तारी के समय गाड़ी से कूदकर भाग गया था। संवाद

# दहेज उत्पीड़न में पति व ससुर नामजद

बस्ती। दुबौलिया थाने पर तहरीर देकर अन्नू यादव ने आरोप लगाया है कि ससुराल में दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित किया गया। अपशब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर छावनी थाने के रमदत्तपुर निवासी पति रवि कुमार यादव, ससुर रामकरन यादव व घर के अन्य सदस्य अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# तालाब की भूमि पर अतिक्रमण का केस

बस्ती। परसरामपुर पुलिस ने कोप ग्रामसभा में तालाब की भूमि पर अतिक्रमण करके निर्माण करने के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। इस संबंध में लेखपाल इन्द्र नारायण निवासी डहडा मिश्र की तहरीर पर राजेन्द्र प्रसाद पांडेय निवासी कोप के खिलाफ लोक संपत्ति क्षति निवारण के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## सरेराह अश्लील हरकत करने वाला गिरफ्तार

**पैकोलिया।** थानाक्षेत्र के तेनुआ रोड के पास महिलाओं व लड़कियों से अश्लील हरकत करने के मामले में एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार पांडेय ने बताया कि थाने के हेड कांस्टेबल विपिन भट्ट कांस्टेबल आशीष चौहान और महिला आरक्षी सोनाली तिवारी के साथ एंटी रोमियो टीम तेनुआ रोड पर थे। एक युवक आने-जाने वाली लड़कियों और महिलाओं पर फब्तियां कस रहा था और इशारे कर रहा था। जिससे महिलाएं असहज महसूस कर रहीं थीं। पकड़े गए युवक ने अपना नाम कद्दू उर्फ मोहम्मद जावेद निवासी तेनुआ थाना पैकोलिया बताया। आरोपी युवक पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कारवाई की जा रही है। संवाद

# किशोरी को भगाने वाले पर मुकदमा

पैकोलिया। पैकोलिया थाना क्षेत्र के एक गांव में घर से शौच के लिए गयी किशोरी को बहाल-फुसलाकर भगा ले जाने का मामला प्रकाश में आया है।

परिजनों ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया कि 17 वर्षीय किशोरी कक्षा 11 की छात्रा है। रविवार को घर से दोपहर में शौच के लिए गयी थी काफी देर बाद घर नहीं लौटी। तलाश करने पर सफलता नहीं मिली। आसपास के ग्रामीणों ने परिजनों को बताया कि सड़क पर खड़ी एक कार में लड़की बैठकर चली गयी। पुलिस ने तहरीर पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दिया है।

# चोरी के सामान के साथ पांच शातिर गिरफ्तार

**बस्ती, निज संवाददाता।** पुरानी बस्ती पुलिस ने चोरी के सामान के साथ पांच शातिरों को गिरफ्तार किया है। टीम ने चोरी किए गए साढ़े नौ सौ जूट का बोरा, दो अवैध तमंचा-कारतूस, चोरी में प्रयुक्त पिकअप और 1550 रुपया नगद बरामद किया है। चोरी में शामिल एक अन्य शातिर फरार है, जिसकी तलाश पुलिस कर रही है।

पुरानी बस्ती थानाध्यक्ष आलोक कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि रविवार/सोमवार की देर रात करीब पौने तीन बजे माल गोदाम के पास से मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पता चला कि इन्हीं लोगों ने दो/तीन जून की रात इसी थाना क्षेत्र के हड़िया चौराहा सर्विस लेन स्थित एक दुकान से 10 हजार रुपये नकदी व 16 सौ बोरों की चोरी किया था।

- पुरानी बस्ती पुलिस ने माल गोदाम के पास से की धरपकड़
- घटना में प्रयुक्त पिकअप के साथ कट्टा-कारतूस व अन्य सामान बरामद

गिरफ्तार आरोपितों में राहुल निवासी बरदहिया बाजार थाना पुरानी, अरूण निवासी बड़ेरिया खुर्द बेलवतिया थाना पुरानी बस्ती, अक्षय, विजय व रितेश निवासीगण निर्मलीकुण्ड थाना पुरानी बस्ती शामिल हैं। पुलिस के पूछताछ करने पर आरोपियों ने बताया कि बोरे को बेचने के लिए इसी पिकअप से हम लोग ले गये थे, लेकिन बोरा बिक नहीं पाया। पुलिस के अनुसार इनका एक गिरोह है जो हाइवे पर रात के समय सुनसान स्थानों पर दुकान/मकान का ताला तोड़कर चोरी करता है।



पुरानी बस्ती थाने पर चोरी की घटना का खुलासा करते थानाध्यक्ष आलोक श्रीवास्तव।

पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि चोरी किए गए 16 सौ बोरों में से बाकी बोरे आशीष राणा निवासी बड़ेरिया बुजुर्ग थाना पुरानी के पास है जो गिरफ्तारी के समय गाड़ी से कूदकर भाग गया था। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष पुरानी बस्ती आलोक श्रीवास्तव, प्रभारी चौकी हड़िया राधारमण यादव, प्रभारी चौकी दक्षिण दरवाजा जितेन्द्र सिंह, प्रभारी चौकी प्लास्टिक काम्पलेक्स विनय प्रताप सिंह, हेड कांस्टेबल फयानाथ भास्कर, दुर्बल यादव, मिथुन कुमार, कांस्टेबल पवन यादव शामिल रहे।

# लेखपाल को एयरगन दिखाकर धमकाया, पकड़े गए आरोपी



लेखपाल और आरोपियों की कार आमने-सामने। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**भानपुर।** तहसील में एयरगन दिखाकर एक लेखपाल को धमकाना दो लोगों को भारी पड़ गया। लेखपाल को एयरगन दिखाकर अभद्रता करने वाले दोनों व्यक्तियों को लेखपाल की शिकायत पर एसडीएम गिरीश कुमार झा ने होमगार्डों से पकड़वाकर विधिक कार्रवाई के लिए सोनहा पुलिस के हवाले कर दिया।

सोमवार दोपहर को एक सफेद रंग की कार में सवार दो व्यक्ति तहसील परिसर में एसडीएम कार्यालय के सामने बने रास्ते से होकर जा रहे थे कि तभी सामने से एक लेखपाल भी अपनी कार से आ गए और उन्होंने सामने से आ रही कार को किनारे करने की गुजारिश की।

इसी बात को लेकर दोनों में बहस हो गई तभी सामने की कार में सवार अधेड़ उम्र के व्यक्ति ने अपने चालक को कार से एयरगन निकालने का निर्देश दिया और दोनों ने लेखपाल को एयरगन दिखाकर धमकाया, जिससे डर कर लेखपाल तुरंत भाग कर एसडीएम के कार्यालय में घुस गए और एसडीएम को घटना की सूचना दी। इस पर एसडीएम ने हंगामा कर रहे दोनों व्यक्तियों को अपने होमगार्डों से पकड़वाकर बैठा लिया। जिसे बाद में विधिक कार्रवाई के लिए सोनहा पुलिस के हवाले कर दिया गया।

# घर से भागे दो नाबालिगों को परिजनों को सौंपा

- दो नाबालिग घर से भागकर चले गए थे लुधियाना
- केस दर्ज कर दोनों नाबालिगों को पुलिस ने किया बरामद

बस्ती, हिन्दुस्तान संवाद। परशुरामपुर थाना क्षेत्र स्थित एक गांव के रहने वाले दो नाबालिगों को सीडब्ल्यूसी ने माता-पिता को सौंपा।

बाल कल्याण समिति ने नाबालिगों की सुरक्षा व संरक्षण की जिम्मेदारी माता-पिता को दी है। थाना क्षेत्र के एक गांव के दो नाबालिग घर से भागकर लुधियाना चले गए थे। बच्चे के पिता ने गांव के ही एक व्यक्ति पर आरोप लगाते हुए थाना परशुरामपुर को तहरीर सौंपी थी, मुकामी थाने में तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करते हुए दोनों नाबालिगों की खोजबीन कर बरामद कर लिया। उनके सकुशल बरामद होने पर सोमवार को परसरामपुर पुलिस ने न्यायपीठ बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया। सीडब्ल्यूसी के चेयर पर्सन प्रेरक मिश्रा, सदस्य अजय श्रीवास्तव, गोवर्धन गुप्ता, डॉ. संतोष श्रीवास्तव, मंजू त्रिपाठी की टीम ने पत्रावली का निरीक्षण करते हुए न्यायालय में उपस्थित माता-पिता से बातचीत कर नाबालिगों को उनकी सुरक्षा और संरक्षण, समपोषण की जिम्मेदारी सौंपी।

# पुलिस के पेच में फंसा एक हजार स्कूली ड्राइवरों का चरित्र सत्यापन

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** मंडल के 1057 स्कूली बस चालकों का चरित्र व डीएल का सत्यापन नहीं हो सका है। इससे यह अंदाजा लगाना मुश्किल हो रहा है कि अभिभावकों के बच्चों को स्कूल तक आवागमन कराने वाला चालक अपराधी है कि ईमानदार। इस कार्य में जहां बेसिक शिक्षा विभाग लापरवाही बरत रहा है, वहीं पुलिस विभाग की भी कार्यप्रणाली सवालों के दायरे में आ चुकी है।

स्कूली वाहनों में घटने वाली आपराधिक घटनाओं से सीख लेते हुए सुप्रीम कोर्ट व भारत सरकार के निर्देशानुसार सभी स्कूल वाहनों के चालकों का डीएल व चरित्र सत्यापन करवाना अनिवार्य किया गया है। मंडल के कुल 1924 स्कूली वाहनों में 1057 चालकों का चरित्र व डीएल सत्यापन नहीं हो सका है।

इनमें सबसे अधिक बस्ती में 852 के सापेक्ष 530, संतकबीरनगर में 542 के सापेक्ष 402 व सिद्धार्थनगर में 530 के सापेक्ष 125 चालकों का न तो चरित्र सत्यापन हो सका है और न ही उनके डीएल को सत्यापित करने की जहमत उठाई गई है। अधिकांश चालकों के अनुसार उनको सबसे अधिक परेशानी थानों पर हो रही है। चरित्र सत्यापन के लिए उन्हें बेवजह दौड़ाकर परेशान किया जाता है।

## स्कूली वाहनों के चालकों का डीएल व चरित्र सत्यापन करने में हो रही लापरवाही

### बोले आईजी रेंज



आईजी रेंज राजेश मोडक ने कहा कि मामला संज्ञान में आ गया है। तीनों जिलो के जिम्मेदारों से इस संबंध में जानकारी लेकर जल्द से जल्द कार्रवाई करा दी जाएगी।

तीनों जिलों के प्रशासनिक अधिकारियों को पत्र लिखकर सत्यापन में सहयोग करने की मांग की गई है। **-सगीर अहमद अंसारी**
आरटीओ, प्रशासन,

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 07-06-2022

आदि मौजूद रहे।

# डिब्बा, कंटेनर में पेट्रोल न दें अन्यथा कार्रवाई तय

■ बढ़नी।

**सहारा न्यूज ब्यूरो**

पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह के निर्देश पर थानाध्यक्ष (ढेबरुआ) जीवन त्रिपाठी की अध्यक्षता में क्षेत्र के पेट्रोल पंप संचालकों के साथ एक विशेष बैठक की गई, जिसमे सभी पंप संचालकों को निर्देश दिया गया कि केवल वाहनों में ही डीजल, पेट्रोल दिया जाय। बैठक में थानाध्यक्ष ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को डिब्बे कंटेनर/पिपिया आदि में पेट्रोल कत्तई न दें। नशे की हालत में कोई चालक गाड़ी पेट्रोल भराने पहुँचे तो अविलंब पुलिस को सूचित करें। थाना प्रभारी ने सभी संचालकों को निर्देशित किया कि उपरोक्त निर्देशों का कड़ाई से पालन करें अन्यथा विधिक कार्यवाही की जाएगी। संचालकों ने निर्देशों का पालन करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। गोष्ठी में मैनेजरगण विपिन कुमार श्रीवास्तव, सत्येंद्र कुमार, रामसेवक यादव आदि मौजूद रहे।

गुणवत्ता बनी रहे।

# हत्यारोपी गिरफ्तार

**खेसरहा (एसएनबी)** । मजदूर साथी की बात ही बात में हुई तकरार में कुदाल के बेंट से मारकर गंभीर रूप से घायल करने वाले बिहारी श्रमिक को खेसरहा पुलिस द्वारा 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया गया। बता दें कि आरोपी मिथुन मांझी पुत्र अमीरख मांझी साकिन सिधौरा टोला उत्तमपुर थाना वजीरगंज जनपद गया, राज्य बिहार का निवासी है। वर्तमान में खेसरहा थाना क्षेत्र के दनियापार गांव स्थित खान ब्रिक फील्ड पर रहकर ईंट पाथने का काम करता था। शनिवार की वाली रात्रि में मिथुन ने तू-तू, मैं-मैं के दौरान अपने साथी श्रमिक गोरा माझी को कुदाल के बेंट से मारकर घायल कर दिया। घायल को मरणासन्न देख मिथुन मौके से फरार हो गया था। मृतक की पत्नी की तहरीर पर थाना स्थानीय में पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुअसं 62/2022 धारा 304 आईपीसी के तहत मुकदमा पंजीकृत था।

# थानाध्यक्ष ने किया पौधरोपण

**खेसरहा** । विश्व पर्यावरण के अवसर खेसरहा थाना परिसर में थानाध्यक्ष



संग अन्य पुलिस कर्मियों ने पौधरोपण किया। पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह के आदेश व सुरेश चन्द्र रावत अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थानाध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा स्थानीय थाना परिसर में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण किया गया। थानाध्यक्ष श्री वर्मा ने कहा कि वर्तमान में पर्यावरण की सुरक्षा अति आवश्यक है। धरती व जीवन को बचाने के लिए हर एक को वृक्ष लगाना ही होगा।

शहर 30s

# अभियान में 30 वाहनों का किया चालान

सिद्धार्थनगर। यातायात पुलिस ने सोमवार को सनई तिराहा, साड़ी तिराहा, पेट्रोल पम्प तिराहा, सिद्धार्थ तिराहा व पावर हाउस तिराहा, बांसी कस्बा आदि स्थानों पर यातायात नियमों को लेकर लोगों को जागरूक किया। साथ ही वाहन चेकिंग के दौरान यातायात नियमों का पालन न करने वाले 30 वाहनों का चालान भी कर दिया और 30500 रुपये शमन शुल्क वसूलने की कार्रवाई की।

# दुष्कर्म के आरोपित को भेजा जेल

जासं, बांसी : जिले के एक गांव की किशोरी को डरा धमका कर उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में कोतवाली पुलिस ने सोमवार को एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।



आरोपित युवक शरद चंद्र मौर्य बांसी नगर पालिका के वार्ड गांधी नगर का निवासी है। कोतवाल संजय मिश्रा ने बताया कि रविवार की दोपहर बांसी किसी काम से आई किशोरी को आरोपित ने अकेले देखा तो अपनी बाइक पर बैठा लिया और रतन सेन डिग्री कालेज के पास सुनसान जगह पर पहले उसकी पिटाई की, फिर दुष्कर्म किया। किशोरी शाम को थाने पहुंच कर मुकदमा पंजीकृत कराई। आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# पेट्रोल पंप संचालकों को पढ़ाया नियमों का पाठ



ढेबरूआ थाना में पेट्रोल पंप संचालकों के साथ बैठक करते एसओ जीवन त्रिपाठी ● जागरण

- कानपुर की घटना को संज्ञान में लेने के बाद सतर्क हुई पुलिस
- ढेबरुआ पुलिस ने की बैठक, लगाई बोतल में पेट्रोल बेचने पर रोक

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर** : ढेबरुआ थाना की पुलिस ने सोमवार को पेट्रोल पंप संचालक व व्यापारियों के साथ बैठक की। इसमें उन्होंने इन्हें नियमों का पाठ पढ़ाया। विगत कानपुर की घटना को संज्ञान में लेने के बाद पुलिस ने सतर्कता बरतनी शुरू कर दी है। आवश्यक वस्तु अधिनियम के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। यातायात नियमों का भी हवाला दिया। पंप पर सीसी कैमरे को सही रखने व सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के लिए निर्देशित किया। डिब्बा, कंटेनर, बोतल में पेट्रोल नहीं बेचने के लिए कहा। पकड़े जाने पर कार्रवाई की चेतावनी दी।

एसओ ढेबरुआ जीवन त्रिपाठी ने कहा पंप पर डिब्बा व बोतल में पेट्रोल बेचा जा रहा है। यहां से लेने के बाद इसे ग्रामीण क्षेत्र की छोटी-छोटी दुकानों पर फुटकर मात्रा में दुकानदार बेच रहे हैं। यह कानूनन गलत है।

गर्मी के मौसम में तापमान बढ़ रहा है। अत्याधिक ज्वलंतशील होने के कारण दुर्घटना की आशंका बन जाती है।

घटना घटित होने की स्थिति में जान-माल की हानि संभावित है। अराजकतत्व भी इसका लाभ उठा सकते हैं। नशे की हालत में कोई पेट्रोल भराने जाता है तो तत्काल पुलिस को सूचित करें।

उन्होंने कहा कि पंप संचालक को ध्यान देना होगा कि नियम का अनुपालन करने के दौरान किसी किसान को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। खेती का समय होने के कारण किसान डीजल की खरीदारी कर रहे हैं।

बढ़नी पंप के प्रबंधक विपिन कुमार श्रीवास्तव, मढ़नी के सत्येंद्र कुमार, भरौली के रामसेवक यादव आदि मौजूद रहे।

# एटीएम कार्ड चोरी कर रुपये निकालने वाला गिरफ्तार

**जासं, बांसी :** एटीएम कार्ड चोरी कर पचास हजार रुपये निकालने वाले एक ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक को पुलिस ने दबोचा है। गिरफ्तार आरोपित के पास से पुलिस ने चोरी का एटीएम कार्ड व 15260 रुपये बरामद किया है। आरोपित सुनील कुमार चौधरी शिव नगर थाना डिड़ई के ग्राम करहवा के निवासी है।

बीते 31 मई को गांव निवासी राम प्रताप आरोपित के ग्राहक सेवा केंद्र पर गए थे। वह अपना एटीएम देकर उससे रुपये निकालने को कहे। रुपये लेकर राम प्रताप घर चले आए और एटीएम वहीं भूल गए। दूसरे दिन उनके खाते से जब 50 हजार रुपये निकल गए तो उन्हें अपने एटीएम का ध्यान आया। वह उसे खोजते हुए ग्राहक सेवा केंद्र पर पहुंचे जहां आरोपित ने उन्हें उल्टा सीधा कह कर भगा दिया। थक हार वह इसकी सूचना पुलिस को दिए। पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद मुकदमा पंजीकृत कर सोमवार को आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।

**एटीएम सहित दो दुकानों का टूटा ताला : बेवां, डुमरियागंज :** बेवां चौराहे पर बेखौफ चोरों ने एक ही रात चार दुकानों के ताले तोड़ डाले। पुलिस चौकी से थोड़ी ही दूरी निजी कंपनी के एटीएम का ताला तोड़ा। पुलिस सहायता केंद्र के सामने राम गौतम पुत्र राम मिलन के फल की दुकान से चोरों ने आठ हजार रुपया मूल्य के फल चोरी किए। वहीं अफसर अली की दुकान का कुंडी तोड़कर चालीस हजार रुपये मूल्य के फल 35 सौ नकद चोर उठा ले गए। सुबह घटना की जानकारी होने पर पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर दी।

# फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने दबोचा

बांसी। बांसी पुलिस ने फरार चल रहे दुष्कर्म के एक आरोपित को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया है।

प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार मिश्र ने बताया कि बांसी कस्बे के गांधीनगर नरकटहा निवासी शरद चंद्र मौर्य पुत्र बृजलाल मौर्य पर धारा 376, 328, 323 के तहत मुकदमा दर्ज था। बांसी पुलिस रेप केआरोपित की तलाश कर रही थी।

सोमवार को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपित रानीगंज तिराहे पर घूम रहा है और कहीं भागने की फिराक में है। सूचना के बाद टीम के साथ मौके पर पहुंचकर उसे गिरफ्तार कर लिया।

# कामयाबीः भगाई गई किशोरी बरामद

सिद्धार्थनगर। चिल्हिया थाना क्षेत्र के एक गांव से बहला फुसला कर भगाई गई किशोरी को पुलिस ने 24 घंटे के अंदर बरामद कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित मोहाना थाना क्षेत्र का निवासी है।

चिल्हिया थानाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र कुमार ने बताया कि क्षेत्र के एक गांव की किशोरी को मोहाना क्षेत्र के सीतापुर निवासी राजेश उर्फ सुनील पुत्र रामलाल रविवार को भगा ले गया था।केस दर्ज कर पुलिस तलाश कर रही थी। सोमवार को एसआई वीरेंद्र कुमार कुवंर, हेड कांस्टेबल रविंद्र कुमार यादव, अभय नारायण राय, महिला सिपाही नीलम राय ने किशोरी को बरामद लिया।

# मारपीट के दौरान हुई मृत्यु का आरोपित गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, घोसियारी, सिद्धार्थनगर:** ईंट भट्ठे पर बीते शुक्रवार की रात दो मजदूरों में हुई मारपीट में घायल एक मजदूर की मृत्यु में आरोपित मजदूर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना के बाद से आरोपित फरार हो गया था। आरोपित मिथुन मांझी बिहार के गया जनपद स्थित वजीरगंज थान के ग्राम सिंधौरा का निवासी है। मृतक गोरा माझी व आरोपित दोनों एक ही गांव के निवासी हैं।

शराब के नशे में मिथुन माझी ने गोरा माझी को कुदाल की बेंट से मार दिया था। जिसकी उपचार के दौरान अस्पताल में मृत्यु हो गई थी। उसी समय से आरोपित फरार था। सोमवार को करीब दस बजे थानाध्यक्ष खेसरहा अशोक कुमार वर्मा हमराहियों के साथ गश्त पर थे, तभी बांसी- बेलौहा मार्ग स्थित कड़जहर ग्राम के पास उसे संदिग्ध स्थित में गिरफ्तार कर लिया। टीम में उपनिरीक्षक संजीत कुमार सिंह, आरक्षी जय सिंह चौरसिया, हरेकृष्णा, आशीष वर्मा मौजूद रहे।

# हाईवे पर हादसे का कारण जानकर निवारण करेगी पुलिस

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** हाईवे पर हो रहे हादसों को रोकने के लिए पुलिस उसका कारण जान रही है। इसके बाद उसके निवारण और बचाव के उपाय किए जाएंगे। इसमें थानाध्यक्षों के सुझाव के आधार पर कार्य किए जाएंगे। हादसे से बचाव के लिए बोर्ड लगाए जाएंगे। माना जा रहा है कि इस पर कार्य होने से सड़क हादसों में काफी हद तक कमी आएगी।

सड़क हादसों में बढ़ते मौत के ग्राफ को देखते हुए पुलिस के साथ ही स्वंयसेवी संस्थाएं, परिवहन विभाग लोगों को जागरूक कर रहे हैं। इसके बाद भी हादसों में इजाफा हो रहा है। अब जिले की पुलिस ने हाईवे पर होने वाले हादसों से सबक लेते हुए उसमें कमी लाने और रोकने के लिए कवायद शुरू की है। इसमें हाईवे पर पड़ने वाले थानों की पुलिस अपने क्षेत्र में होने वाले हादसों का कारण जान रही है। किन स्थानों पर अधिक हादसे हो रहे हैं, उसका कारण क्या है। क्या किया जाए, जिससे हादसे रुक सकें।

### हादसे के कारण व निवारण के संबंध में थानाध्यक्षों से मांगे गए सुझाव

इस संबंध में पुलिस कार्यालय की ओर से थानाध्यक्षों से रिपोर्ट मांगी गई है। उनसे रिपोर्ट मिलने के बाद एनएच, परिवहन विभाग और पुलिस की संयुक्त बैठक होगी। इसमें जिसके जिम्मेदारी में जो कार्य होगा, वह विभाग उससे संबंधित बचाव के उपाय करेगा।

### इन थानों की रिपोर्ट मिलने के बाद किए जाएंगे उपाय

ककहरवा एनएच मोहाना, बांसी नौगढ़ पर सदर, जोगिया, बांसी, शिवनगर डिड़ई थानाध्यक्ष, गोरखपुर-बढ़नी एनएच की चिल्हिया, शोहरतगढ़ और ढेबरुआ पुलिस रिपोर्ट देगी। उन्हें अपने क्षेत्र में सर्वाधिक हादसे वाले स्थान का नाम, हादसे की वजह, अंधा मोड, डिवाइडर, सड़क के गड्ढे, आसपास सड़क के करीब सटा पेड़ सहित अन्य कारण बताने हैं। साथ ही सुझाव देना है कि क्या किया जाए, जिससे उक्त स्थान पर हादसे न हों।






पेट्रोल पंप संचालकों के साथ आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते एसओ जीवन त्रिपाठी। संवाद

# नशे में हों बाइक सवार तो पुलिस को दें सूचना : एसओ

**परसा।** ढेबरुआ थाना परिसर में सोमवार को थानाध्यक्ष जीवन त्रिपाठी की अध्यक्षता में थाना क्षेत्र के पेट्रोल पंप संचालकों के साथ गोष्ठी हुई।

इस दौरान थानाध्यक्ष ने मौजूद सभी पेट्रोल पंप संचालकों से निवेदन किया कि वह किसी भी व्यक्ति को डिब्बे, पिपिया आदि में पेट्रोल न दें। नशे की हालत में कोई पेट्रोल भराने जाए तो पुलिस को सूचित करें। गोष्टी में विजय ऑटोमोबाइल बढनी के मैनेजर विपिन कुमार श्रीवास्तव, केसी ऑटोमोबाइल्स मढनी के मैनेजर सत्येंद्र कुमार तथा बुद्धा फीलिंग स्टेशन भरौली ढेबरुआ के मैनेजर रामसेवक आदि मौजूद रहे। संवाद

# सड़क पर खड़े वाहनों का पुलिस ने किया चालान

बढनी। स्थानीय नगर में जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए बढ़नी पुलिस ने रविवार शाम पांच बजे नगर के सड़कों पर खड़ी 30 गाड़ियों का चालान किया। खाली गाड़ियों का रूट डायवर्जन कर कस्बे में लगा जाम खुलवाया। बढ़नी कस्बे में प्रति दिन जाम की स्थिति बनी रहती हैं।

लोग सड़क पर ही वाहन खड़ा कर इधर उधर निजी कार्य में व्यस्त हो जाते हैं। जिससे घंटों तक जाम लग जाता है। नोमेंसलैंड से लेकर रेलवे क्रासिंग तक वाहनों की लंबी लाइन लगी रहती हैं। जिसको लेकर बढ़नी चौकी प्रभारी बृजेश सिंह ने पुलिस टीम के साथ सड़क पर खड़े 30 वाहनों का चालान किया। जो बड़े वाहन नेपाल से लौट रहे थे। उनका रूट डायवर्जन किया। इस संबंध चौकी इंचार्ज ने कहा कि बढ़नी कस्बे में जाम मुक्त करने के लिए प्रतिदिन अभियान चलाया जाएगा। तभी राहगीर सुगमता से आ जा सकेंगे। संवाद

# सिर पर चोट से गई थी जान, आरोपी गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

## ईंट-भट्टे पर मजदूर पर मामूली कहासुनी में फावड़े के बेंट से किया था हमला

**बांसी।** मामूली विवाद पर साथ काम करने वाले मजदूर पर बेंट से हमला करने वाले गैर इरादतन हत्या के आरोपी को खेसरहा पुलिस ने क्षेत्र के कडजहर गांव के पास से सोमवार को दबोच लिया। पूछताछ करने के बाद उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस के मुताबिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर पर गंभीर चोट लगने से जान जाने की बात कही गई है।

एसओ खेसरहा अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि क्षेत्र के दनियापार ईंट भट्टा पर काम करने वाले एक बिहारी मजदूर ने अपने साथी मजदूर को आपसी कहा सुनी में शनिवार की देर रात कुदाल की बेंट से मार दिया था, जिससे उसकी मौत हो गई थी। उसकी पहचान मिथुन मांझी निवासी साकिन सिधौरा टोला उत्तमपुर थाना वजिरगंज जनपद गया बिहार का निवासी है। जो मौजूदा समय में क्षेत्र के दनियापार गांव स्थित एक ईंट भट्ठे ईंट पाथने का काम करता था। शनिवार की देर रात में मिथुन ने तू तू -मैं मैं के दौरान अपने साथी श्रमिक गोरा माझी को कुदाल के बेंट से मारकर घायल कर दिया। घायल को मरणासन्न देख मिथुन मौके से फरार हो गया था। मृतक की पत्नी की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज करके उसकी गिरफ्तारी के लिए टीम लगा दी गई थी। सोमवार सुबह मुखबिर से सूचना मिली के आरोपी क्षेत्र के कडजहर गांव के पास मौजूद है।

# एसपी के हस्तक्षेप पर दर्ज हुआ केस आरोपी गया जेल

**सिद्धार्थनगर।** रुपये निकालते समय धोखे से एटीएम कार्ड चोरी कर 50 हजार रुपये बैंक खाता से निकालने के मामले का जब एसपी ने संज्ञान लिया तो पुलिस ने केस दर्ज किया। सोमवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। उसके कब्जे से नकदी और चोरी का एटीएम कार्ड भी बरामद हुआ है। पूछताछ के बाद उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

शिवनगर डिडई थाना क्षेत्र के कुरहवा गांव निवासी रामप्रताप के मुताबिक वह गांव के ही अनिल चौधरी के यहां एटीएम से रुपये निकालने के लिए गया था। उसका आरोप था कि वहीं पर उसने 3500 रुपये निकाले और एटीएम कार्ड चुरा लिया। इसके बाद बैंक खाते से 50 हजार रुपये बस्ती जाकर निकाल लिया।

जब मोबाइल पर मैसेज के जरिए रुपये निकल जाने की जानकारी मिली तो एटीएम कार्ड और रुपये मांगने गया। इसमें धमकी और जाति सूचक शब्द का प्रयोग किया गया। मामले में कार्रवाई के लिए गए तो केस दर्ज नहीं हुआ। पीड़ित ने आरोप लगाया कि एसपी को शिकायती पत्र दिया तो उन्होंने केस दर्ज कराने की बात कही। इसके बाद सीओ की ओर से सुलह समझौता कराने का दबाव बनाया गया। फिर मामले की शिकायत एसपी से की। संवाद

# SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 07-06-2022

# खून लगा बोगदा बरामद, वांछित गिरफ्तार

संतकबीरनगर (एसएनबी)। थाना कोतवाली खलीलाबाद के डड़वा में गत दिवस हुए व्यक्ति की हत्या के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को सोमवार को गांव के तिराहे के पास से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से 01 अदद बोगदा खून लगा हुआ बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय/जेल रवाना किया। निरीक्षक अपराध दीपक कुमार दूबे ने बताया कि वादिनी फरीदा खातून पत्नी मोहम्मद रुस्तम उर्फ भोलू निवासी डड़वा थाना कोतवाली खलीलाबाद द्वारा सूचना दिया गया कि उसके पति रात में घर के बाहर दरवाजे पर तखत डालकर सोये हुए थे। समय करीब सुबह 5.00 बजे पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही मो. मेराज पुत्र मो. इमरान, मो. इमरान पुत्र मो. इस्लाम व अमिरुन्निशा पत्नी मो. इमरान एकाएक हत्या करने की नीयत से




एक राय होकर मेरे दरवाजे पर आ गये। जिसके बाद मो. मेराज अपने एक हाथ में धारदार बोगदा व एक हाथ में चाकू लिए था। मो. इमरान ने प्रार्थिनी के पति का हाथ व अमीरुन्निशा ने पैर पकड़ लिया और मो. मेराज ने हत्या करने की नीयत से मेरे पति के सिर व गले पर बोगदे से कई बार वार कर दिया जिससे वे गंभीर रुप से घायल हो गये थे। जिन्हें अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उनकी मृत्यु हो गई। अस्पताल में डाक्टरों द्वारा उन्हे मृत घोषित कर दिया गया। उक्त घटना के संबंध में थाना कोतवाली खलीलाबाद पर मु.अ.सं. 309/2022 धारा 302,504,506,34 भादवि पंजीकृत किया गया था। घटना में संलिप्त वांछित अभियुक्त मेराज पुत्र मो. इमरान निवासी डड़वा थाना कोतवाली खलीलाबाद को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया।

# दबंगों के कब्जे से सम्पत्ति मुक्त कराने की गुहार

धंनघटा (एसएनबी)। धनघटा थाना क्षेत्र के छोटी रूपिन गांव स्थित मायके की पैतृक सम्पत्ति पर गांव के ही कुछ दबंगों द्वारा कब्जा करने का आरोप एक महिला ने लगाया है। एसडीएम धनघटा को प्रार्थनापत्र देकर अपनी मायके की पैतृक सम्पत्ति को दबंगों के कब्जे से मुक्त कराने की गुहार लगाई है। एसडीएम को दिए गए प्रार्थनापत्र में स्व. हरिवंश पुत्र गुदर की बेटी प्रमिला देवी ने बताया कि उसकी ससुराल गोरखपुर जिले के बेलघाट थानान्तर्गत एकौना गांव में है। मायके में भी उसका कोई नहीं है जिसके चलते उसे मायके से लेकर ससुराल, तक देखभाल करनी पड़ती है। प्रार्थनापत्र में बताया कि बीते दिनों उसके ससुराल में रहने के दौरान गांव निवासी दबंग रामलखन पुत्र स्व. घुरई और उनके बेटे रामसिंह, जयसिंह, नरसिंह व निन्कू मिलकर उसके माता-पिता के पुस्तैनी मकान को तोड़-फोड़ कर ढहा दिया। मकान ढहाने के दौरान निकलीं करीब 10 हजार ईंट उक्त सभी ने बेच दिया। आम का पेड़ और बांस की खूंटी कटवा कर बेच दिया। उसकी पैतृक दो बीघे के करीब जमीन भी उक्त दबंगों ने कब्जा कर लिया है। उक्त सभी दबंगों के उपर पांच साल पूर्व गांव के ही एक युवक की हत्या करने का आरोप प्रार्थनापत्र में लगाते हुए महिला प्रमिला देवी ने बताया कि हत्या के आरोप में जेल जाने के बाद अभी हाल में ही उक्त सभी जमानत पर रिहा होकर घर पहुंचे है और दबंगई के बल पर उसके माता-पिता की पैतृक सम्पत्ति पर कब्जा कर लिए हैं जिसका विरोध करने पर उक्त सभी अमादा फौजदारी हो जा रहे है। महिला ने दिए गए प्रार्थनापत्र में एसडीएम से मायके की पैतृक सम्पत्ति को उक्त दबंगों के कब्जे से मुक्त कराने की मांग की है।

# पुलिस संरक्षण में चल रहा कच्ची शराब का कारोबार

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा थाना क्षेत्र के पौली इलाके के माझा क्षेत्र में कच्ची शराब का कारोबार लोगों की जीविका का मुख्य साधन बन गया है। क्षेत्र के दर्जनों गांवों मे सैकड़ों परिवार बड़े पैमाने पर इसी धंधे को खुलेआम कर रहे है और उसी से होने वाली आमदनी से परिवार का पूरा खर्च चला रहे है। स्थानीय पौली पुलिस चौकी की पुलिस भी दिन डूबने के बाद इन गांवों में जाने की हिम्मत नहीं जुटा पाती है। लोगों की माने तो दिन में ही चौकी के पुलिसकर्मी गांव-गांव पहुंच कर धंधा करने की छूट देने की एवज में अपने हिस्से की रकम की वसूली कर लेते है उसके बाद सभी धंधेवाज खुलेआम कच्ची शराब बनाकर बेचते है। यह धंधा सुबह ही शुरु हो जाता है और देर रात तक जारी रहता है। जानकारी के अनुसार पुलिस चौकी पौली क्षेत्र के खरबुजहिया, पड़रिया, नकहां, तेजपुर, खड़कपुर, हरिवंशपुर, घुरहा, गागरगाड़, नरायनपुर व माझा चहोड़ा गांव में यह धंधा इन दिनों तेजी से चल रहा है। धंधे की हालत यह है कि घर की महिलाओं के साथ मिलकर लोग कच्ची शराब तैयार करते है उसके बाद दुकान सजाकर ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए महिलाएं को अपनी-अपनी दुकान पर बैठा देते हैं। उसके बाद खुलेआम शराब की बिक्री घर-घर देर रात तक चलती रहती है। इतना ही नहीं इन गांवो में तैयार होने वाली कच्ची शराब की सप्लाई पूरे धनघटा थाना क्षेत्र के अलावा गैर जिलों तक भी की जाती है। इन गांवों की हालत यह है कि गांव के शरीफ लोगों का घर से निकलना दुश्वार हो गया है। क्षेत्र के ओमप्रकाश यादव, रामयज्ञ यादव, परमात्मा, हरिओम व रामनवल सहित कई अन्य ने बताया कि उक्त सभी गांवों में कितना भी जरुरी कार्य क्यो न पड़ जाय लेकिन दिन डूबने के बाद उक्त गांवों में जाने की हिम्मत नहीं होती है। उक्त ग्रामीणों ने बताया कि इन गांवों में धंधे को बंद कराने के लिए पूर्व में कई बार जिम्मेदार लोगों से लिखित मांग की गई लेकिन धंधे को बंद कराने का कोई प्रयास प्रशासन द्वारा नहीं किया गया। उक्त ग्रामीणों ने बताया कि यह पूरा खेल पौली पुलिस चौकी पर तैनात पुलिसकर्मियों के संरक्षण में हो रहा है। लोगों ने बताया कि अभी तो कच्ची शराब का सेवन करके लोग अकसर मारपीट ही कर रहे है लेकिन अगर इस धंधे पर तत्काल लगाम नहीं लगाई गई तो भविष्य में बड़ी घटना भी हो सकती है।

उक्त ग्रामीणों ने तत्काल इस धंधे पर पाबन्दी लगाने की मांग स्थानीय पुलिस व पुलिस उच्चाधिकारियों से की है। इस बारे मे पौली पुलिस चौकी इंचार्ज ने धंधे को पुलिसिया संरक्षण होने के आरोपों को एक सिरे से खारिज करते हुए कहा कि जल्द ही पुलिस चौकी पर तैनाती हुई है। उन्होंने कहा कि जिन गांवों मे कच्ची कारोबार हो रहा है जानकारी कर जल्द ही सघन अभियान चलाकर इस धंधे पर पूर्ण तरह से रोक लगा दी जाएगी।

**धनघटा थाना का पौली क्षेत्र**

स्थानीय पौली पुलिस चौकी में तैनात पुलिसकर्मियों के संरक्षण में फल-फूल रहा है यह धंधा

क्षेत्रवासी कई बार इस कारोबार को बंद करने की कर चुके हैं मांग

# फरार दुष्कर्म के आरोपी के घर कुर्की की नोटिस

नाथनगर।

सहारा न्यूज ब्यूरो

धनघटा थाना क्षेत्र के तेजपुर गांव निवासी फरार चल रहे दुष्कर्म के आरोपी के घर पर महुली पुलिस के द्वारा न्यायालय के आदेश के अनुपालन में सोमवार को कुर्की की नोटिस चस्पा की गई तथा गांव में मुनादी भी कराई गई। जानकारी के अनुसार धनघटा थाना क्षेत्र के तेजपुर गांव निवासी रोहित पुत्र संतराम के विरूद्ध महुली थाने में धारा 365,376,504 व 506 आईपीसी के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया था। मुकदमा पंजीकरण के बाद से ही उक्त अभियुक्त फरार चल रहा था। महुली पुलिस उसकी तलाश सरगर्मी से कर रही थी इस तलाश के दौरान महुली पुलिस ने अभियुक्त के घर और उसके संभावित ठिकानों पर दबिश भी दिया लेकिन अभियुक्त का पता नहीं चला। फरार चल रहे उक्त अभियुक्त के खिलाफ न्यायालय द्वारा कुर्की किए जाने के लिए धारा 82 के तहत अभियुक्त के घर नोटिस चस्पा करने और गांव में तथा आसपास के क्षेत्रों में मुनादी करने का आदेश पारित किया। न्यायालय के आदेश के अनुपालन में सोमवार को महुली पुलिस अभियुक्त के घर तेजपुर पहुंच गई और उसके दरवाजे पर कुर्की का नोटिस चस्पा कर दिया इसके साथ ही पुलिस ने आसपास के क्षेत्र में मुनादी भी करा दिया।

# तमंचा व कारतूस बरामद, आरोपी गिरफ्तार

संतकबीरनगर (एसएनबी)। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ़ चलाये जा रहे अभियान में अवैध शस्त्र रखने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार ने जिले के समस्त प्रभारी निरीक्षकों-थानाध्यक्षों को दिया है। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना कोतवाली खलीलाबाद के उ.नि. सत्येन्द्र यादव ने कां. लाल



प्रताप सिंह, कां. मनीष कुमार के साथ चेकिंग के दौरान आकाश कुमार पुत्र स्व. संतलाल प्रसाद निवासी दक्षिण कोलिया थाना गीडा जनपद गोरखपुर को 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध थाना कोतवाली खलीलाबाद पर आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर कार्रवाई की। इसी क्रम में जिले में वांछितों व न्यायालय में हाजिर न होने वाले अभियुक्तों के खिलाफ जारी गैर जमानतीय वारण्ट के तहत फरार चल रहे आरोपियों की गिरफ़्तारी जारी है। सोमवार को थाना दुधारा अंतर्गत प्रभारी चौकी बाघनगर उ.नि. विनोद कुमार यादव ने कां. प्रमोद कुमार यादव एक नफर वारण्टी मुस्ताक अहमद पुत्र नियाज अहमद निवासी उसरा शहीद थाना दुधारा को गिरपतार कर न्यायालय रवाना किया।

# घायल किशोरी की इलाज के दौरान मौत

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा थाना क्षेत्र में राम-जानकी मार्ग पर डिहवा गांव के समीप बीते 27 मार्च की शाम मार्ग दुर्घटना में घायल हुई किशोरी की सोमवार की सुबह मौत हो गयी। दुर्घटना में घायल होने के बाद से किशोरी कोमा में चली गयी थी और परिजन उसका गोरखपुर मेडिकल कालेज से लेकर केजीएमसी लखनऊ तक इलाज कराए लेकिन किशोरी कोमा से बाहर नहीं निकल सकी। जानकारी के अनुसार गोरखपुर जिसे के बांसगांव थानान्तर्गत धमौर गांव निवासी किशोरी खुसबू पुत्र उमेशचन्द धनघटा थाना क्षेत्र के जेखौती गांव में अपने ननिहाल में रहकर पढ़ाई कर रही थी। बीते 27 मार्च की शाम को खुशबू अपनी सहेली जेखौती गांव निवासी काजल पुत्री रामनवल के साथ थाना क्षेत्र के डिहवा बाजार से कोचिंग पढ़कर साइकिल से अपने ननिहाल जा रही थी। उसी दौरान पीछे से एक स्कार्पियो नम्बर यूपी 50 ए आर 2220 तेज रफ्तार पहुंचा और खुशबू और उसकी सहेली काजल को जोरदार टक्कर मार दिया जिससे दोनो बुरी तरह से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ी। दुर्घटना के बाद पहुंचे ग्रामीणों ने दोनों सहेलियों को तत्काल इलाज के लिए सीएचसी हैंसर बाजार पहुंचाया जहां से पहले जिला अस्पताल और बाद में डाक्टरों ने गोरखपुर मेडिकल कालेज रेफर कर दिया था। काजल को इलाज के बाद स्वस्थ होकर घर पहुंच गयी लेकिन खुशबू इलाज के दौरान कोमा में चली गयी। गोरखपुर मेडिकल कालेज के डाक्टरों की सलाह पर परिजन उसे लेकर केजीएमसी लखनऊ भी ले गए जहां उसका इलाज हुआ लेकिन वह कोमा से बाहर नहीं निकल सकी। इस बीच परिजन गोरखपुर शहर स्थित रचित हास्पिटल में ले जाकर खुसबू का इलाज करा रहे थे कि उसी दौरान सोमवार की सुबह ननिहाल में उसकी मौत हो गयी। किशोरी के मौत की सूचना पर उसके ननिहाल जेखौती गांव पहुंची धनघटा पुलिस ने उसके शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक धनघटा विनय कुमार पाठक ने कहा कि किशोरी के मौत के सम्बन्ध में अभी लिखित सूचना नहीं मिली है। लिखित सूचना मिलते ही मुकदमा दर्ज कर दुर्घटना में शामिल वाहन समेत उसके चालक को कब्जे में लेकर कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

**गोरखपुर जिले के बांसगाव थानान्तर्गत धमौर गांव निवासी मृतका धनघटा थाना क्षेत्र के जेखौती गांव अपने ननिहाल में रहकर करती थी पढाई**

## चार के विरूद्ध शान्तिभंग की आशंका में कार्रवाई

नाथनगर (एसएनबी)। महुली थाना क्षेत्र के नाथनगर कस्बे में दो भाईयों के बीच पैतृक संपत्ति को लेकर सोमवार को विवाद छिड़ गया। विवाद की सूचना पाकर मौके पर पहुंची महुली पुलिस ने मामले को शान्त कराया और दोनों पक्षों से 4 लोगों के खिलाफ शान्तिभंग की आशंका में कानूनी कार्रवाई करते हुए 151 के तहत चालान कर दिया। जानकारी के अनुसार महुली थाना क्षेत्र के लखनापार गांव निवासी हेमनाथ पाल और अशोक पाल का नाथनगर स्थित काली रोड पर एक पैतृक मकान है जिसे लेकर सोमवार को दोनों भाईयों के बीच विवाद हो गया। घटना की सूचना पाकर मौके पर महुली पुलिस पहुंच गई। पहले तो पुलिस ने मामले को निपटाने के लिए दोनों पक्षों को समझाने-बुझाने का प्रयास किया लेकिन विवाद उग्र होता देख महुली पुलिस ने विवाद में शामिल लखनापार गांव निवासी अमितोश पाल पुत्र नागेन्द्र पाल,सुमित पाल व अमित पाल पुत्रगण हेमनाथ पाल तथा अभिषेक पाल पुत्र अशोक पाल को शान्तिभंग की आशंका में गिरफ्तार कर थाने पहुंचा दिया बाद में उक्त चारो के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई पूरी करते हुए चारो को 151 के तहत चालान कर दिया। इस संबंध में पूछे जाने पर प्रभारी निरीक्षक महुली केडी सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए उक्त चारो के विरूद्ध शान्तिभंग की आशंका मे कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी गई है।

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

बखिरा(एसएनबी)। एसपी के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बखिरा पुलिस ने नाबालिगा से दुष्कर्म करने के आरोपी युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय/जेल भेज दिया। यह घटना बीते 30 मई की है। पुलिस ने 31 मई को पीड़ित पिता की तहरीर पर मामले में धारा 363 भादवि के तहत केस दर्ज करने के बाद पीड़िता को बरामद करके मामले की विवेचना कर रही थी। बाद में पुलिस ने दुष्कर्म समेत अन्य धारा जोड़ दिया था। प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के राजेडीहा चौकी अंतर्गत एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने तहरीर देकर बीते 30 मई की रात में अपनी नाबालिग पुत्री के गायब होने की सूचना दी थी। जिस पर पुलिस सुसंगत धारा में केस दर्ज कर मामले की जांच में जुटी थी। जांच के दौरान पीड़िता द्वारा ज्ञात हुआ कि उसे उसके गांव का ही एक लड़का उठा ले गया था और उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया था। विरोध करने पर आरोपी ने पीड़िता को जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस आरोपी के खिलाफ पूर्व में दर्ज मुकदमे में धारा 376,506 भादवि व 3/4 पाक्सो ऐक्ट की बढ़ोत्तरी करके आरोपी की तलाश में जुट गई थी। शनिवार को मुखबिर की सूचना पर एसआई विवेकानंद तिवारी व कां मुकेश वर्मा व दीपक वर्मा ने खजुरी नहर पुलिया के पास से आरोपी सचिन को गिरफ्तार कर न्यायालय/जेल भेज दिया।

# दहेज हत्या का लगाया आरोप, कार्रवाई की मांग

संतकबीरनगर। कोतवाली खलीलाबाद के सुगापंखी में बुधवार को पंखे से लटकता महिला का शव मिलने के मामले में उसके भाई ने पुलिस को तहरीर दे कार्रवाई की मांग की है। उसने तहरीर में ससुराली जनों पर दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाया है। बखिरा थाने के ग्राम मीखाडांड़ निवासी अरविन्द गुप्ता पुत्र शिवपाल ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है।

# चाचा की हत्या के आरोपित भतीजे को पुलिस ने दबोचा

फॉलोअप

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। खलीलाबाद कोतवाली पुलिस ने डंड़वा गांव में चाचा की हत्या के मामले में वांछित आरोपित को दबोचने में कामयाबी हासिल की है।

उसकी गिरफ्तारी से उन लोगों ने राहत की सांस ली है, जिन लोगों को वह हत्या की धमकी दे रहा था। पुलिस ने आला कत्ल भी बरामद किया है। मामले में आरोपित दो लोगों को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार वादिनी फरीदा खातून पत्नी रुस्तम उर्फ भोलू निवासी डंड़वा थाना कोतवाली खलीलाबाद ने सूचना दी कि उसके पति रात में घर के बाहर दरवाजे पर सोये हुए थे। सुबह पांच बजे पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही मेराज पुत्र मोहम्मद इमरान, मोहम्मद इमरान पुत्र मोहम्मद इस्लाम व अमिरुन्निशा पत्नी मोहम्मद इमरान एकाएक हत्या करने की नीयत से एक राय होकर दरवाजे पर आ गए। मोहम्मद मेराज अपने एक हाथ में धारदार बोगदा व एक हाथ में चाकू लिए था। मोहम्मद इमरान ने पति का हाथ व अमीरुन्निशा ने पैर पकड़ लिया और मोहम्मद मेराज ने हत्या करने की नीयत से पति के सिर व गले पर बोगदे से कई बार वार किया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। अस्पताल ले जाते समय उनकी मृत्यु हो गई।

# सोशल मीडिया पर रहेगी पुलिस की पैनी नजर

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। वर्तमान परिवेश में सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट डालने से समाज मे बढ़ती दरारों को लेकर पुलिस प्रशासन गंभीर हो गया है। भड़काऊ पोस्ट से सांप्रदायिक तनाव बढ़ने की घटना को देखते हुए पुलिस विभाग के उच्च अधिकारियों ने सोमवार को वायरलेस जरिये सभी प्रभारी निरीक्षकों को सोशल मीडिया पर चल रही खबरों पर नजर रखने का निर्देश दिया है।

पिछले दिनों कानपुर में साम्प्रदायिक तनाव को लेकर पुलिस प्रशासन सतर्क हो गया है। सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट डालने वालों को चिन्हित कर प्रभावी कार्रवाई करने का निर्णय लिया है। उच्च अधिकारियों के निर्देश पर जनपद के सभी प्रभारी निरीक्षकों ने सोशल मीडिया पर निगाह रखना शुरू कर दिया है।

## आज सभी थानों पर होंगी बैठकें

पुलिस उच्चाधिकारियों के निर्देश पर मंगलवार को सभी थानों पर पीस कमेटी की बैठक बुलाई जा रही है। मंगलवार को होने वाली बैठक की तैयारी शुरू कर दी है। बैठक में सभी धर्मों के लोगों को हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। बैठक में सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट डालने वालों को चिन्हित करने में स्थानीय लोगों से सहयोग करने की अपील की जाएगी।

# असलहा के साथ एक गिरफ्तार

संतकबीरनगर। खलीलाबाद कोतवाली पुलिस ने अवैध असलहा के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने चेकिंग के दौरान आकाश कुमार निवासी दक्षिण कोलिया थाना गीडा जनपद गोरखपुर को पकड़ा। तलाशी के दौरान उसके पास से एक अवैध तमंचा .315 बोर व एक जिंदा कारतूस .315 बोर बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपित अभियुक्त के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर कानूनी कार्रवाई की।

# पुलिस ने 29 वाहनों से वसूला शमन शुल्क

संतकबीरनगर। जनपद पुलिस टीम ने जांच के दौरान यातायात नियम तोड़ने के मामले 29 वाहनों के चालकों से शमन शुल्क वसूल किया। स्थानीय पुलिस ने बैंक, वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की गहनता से जांच किया। पुलिस टीम ने यातायात नियम का उल्लंघन करने के मामले में 29 वाहनों के चालकों से 16 हजार 500 रूपए शमन शुल्क वसूल किया।

# शोहदों की धरपकड़ के लिए हुई चेकिंग

संतकबीरनगर। जनपद पुलिस टीम ने शोहदों की धर पकड़ के लिए विभिन्न स्थानों पर चेकिंग की। महिलाओं एवं बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से थानों पर गठित एंटी रोमियो स्क्वायड टीम ने थाना क्षेत्र के स्कूलों, सार्वजनिक स्थानों, प्रमुख चौराहों, कस्बों, प्रमुख बाजारों, मन्दिर, शापिंग मॉल आदि के आस-पास सघन चेकिंग की।

# 22 आरोपितों पर पुलिस ने कसा शिकंजा

संतकबीरनगर। जनपद पुलिस ने विभिन्न मामले में 22 आरोपितों को दबोचकर कानूनी शिकंजा कसा। जानकारी के अनुसार कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने दो, दुधारा तीन, धनघटा एक, महुली छह, मेंहदावल छह और बखिरा पुलिस ने तीन आरोपितों को दबोचकर शांति भंग की आशंका में चालान किया। थाना दुधारा पुलिस ने एक वारण्टी अभियुक्त मुश्ताक अहमद को गिरफ्तार किया।

# दो माह से जिंदगी-मौत के बीच झूल रही किशोरी ने दम तोड़ा

धनघटा,हिन्दुस्तान संवाद । धनघटा थाना क्षेत्र के डिहवा बाजार में दो माह पूर्व स्कार्पियों की ठोकर से घायल किशोरी ने रविवार रात इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। किशोरी का इलाज केजीएमयू लखनऊ में चल रहा था। किशोरी की मौत से परिजनों में दुख का पहाड़ टूट पड़ा। शव का पोस्टमार्टम कराया गया। दुर्घटना के मामले में धनघटा पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

गोरखपुर जनपद के बांसगांव अंतर्गत ग्राम धमौर निवासी उमेश की पुत्री खुशबू (17) धनघटा थाने के ग्राम जखौती स्थित ननिहाल में रहकर पठन पाठन का कार्य करती थी। दो माह पूर्व खुशबू कोचिंग से सहेली काजल के साथ घर लौट रही थी। इसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार स्कार्पियो ने ठोकर मार दिया। ठोकर लगने से खुशबू गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने घायल किशोरी को केजीएमयू में भर्ती कराया। दो माह से खुशबू कोमा में इलाज के दौरान जिंदगी मौत से संघर्ष कर रही थी। किशोरी के परिजनों ने इलाज में रात दिन एक कर दिया। लेकिन रविवार की रात डॉक्टरों की कोशिश खुशबू को नहीं बचा सकी। बेटी के इलाज में अनेक तकलीफों का सामना कर रहे परिजनों को निराशा का सामना करना पड़ा। खुशबू की मौत से ननिहाल जखौती से लेकर धमौर तक गम का माहौल छा गया। मौत से परिजनों की आंखें आसुओं से भर गई।

- धनघटा के डिहवा बाजार में हुई थी दुर्घटना, रविवार की रात हो गई मौत
- कोमा में जाने से लखनऊ के अस्पताल में चल रहा था इलाज

"लड़की की मौत के मामले में दुर्घटना करने वाली स्कार्पियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। शव लखनऊ से आने के बाद पोस्टमार्टम कराया गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**विनय कुमार पाठक**

प्रभारी निरीक्षक धनघटा

# पुलिस ने किया पैदल गश्त लोगों को सुरक्षा का भरोसा

मेंहदावल : पुलिस ने मेंहदावल कस्बे में पैदल गश्त कर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। इस दौरान पटरियों पर अतिक्रमण किए लोगों को चेतावनी दी गई। दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट लगाने को लेकर जागरूक करते हुए बिना हेलमेट के मिलने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई। चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने के लिए कहा गया, नहीं लगाने पर जुर्माना लगाने का निर्देश दिया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक जयवर्धन सिंह सहित छह पुलिसकर्मी मौजूद रहे। (जासं)

# तमंचा और कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर: कोतवाली खलीलाबाद के उप निरीक्षक सत्येंद्र यादव, आरक्षी लाल प्रताप सिंह, मनीष कुमार की टीम ने सोमवार को राष्ट्रीय राजमार्ग गोरखपुर-लखनऊ के डीघा के पास दबिश दी। इस दौरान गोरखपुर जनपद के गीडा थाना के कोलिया निवासी आकाश कुमार को रोक लिया। जांच करने पर इनके पास से एक तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। गिरफ्तार किए गए इस युवक के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

# कोर्ट के आदेश पर पत्नी समेत छह आरोपितों पर हुई कार्रवाई

- दो माह पूर्व साले की शादी में झीनखाल बंजरिया गांव स्थित ससुराल में आया था युवक
- पत्नी को आपत्तिजनक स्थिति में देखने पर किया विरोध, पीटकर किया गया था घायल

**जासं, संतकबीर नगर:** कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर पत्नी समेत छह लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। दो माह पूर्व साले की शादी में झीनखाल बंजरिया गांव स्थित ससुराल में आए गोरखपुर के युवक को पीटकर घायल कर दिया गया था। छत से नीचे फेंक दिए जाने से युवक की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई थी।

गोरखपुर जिले के सहजनवा थाना के चकिया गांव निवासी बलिराम ने कोतवाली खलीलाबाद थाने में दी गई तहरीर में यह उल्लेख किया है कि उनके भाई घनश्याम की शादी वर्ष 2017 में थाना के झीनखाल बंजरिया निवासी सुनीता देवी से हुई थी। उनके भाई की पांच वर्षीय बेटी निधि व तीन साल की बेटी बेबी है। बिना बताए सुनीता अक्सर मायके जाती थी। भाई के विरोध करने पर वह जान से मरवा देने की धमकी देती थी। एक अप्रैल 2022 को उनका भाई ससुराल में साले की शादी में गया हुआ था। पत्नी सुनीता देवी को किसी के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया था। विरोध करने पर पत्नी सुनीता देवी, बृजेश, गोलू, महंगू व मनसरा देवी तथा दुधारा थाने के पचपोखरी गांव निवासी युवक के साथ लाठी-डंडे से पीटकर घायल कर दिया था। भाई को छत से नीचे फेंक दिया था, इससे उनकी मृत्यु हो गई। इस घटना के मामले में पुलिस को तहरीर दी गई थी लेकिन पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया था। इस पर न्यायालय का शरण लेना पड़ा। कोतवाली प्रभारी विजय नारायण प्रसाद ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर छह लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

# हत्या के तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर : कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने हत्या के मामले में नामजद तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। डड़वा गांव में शनिवार को सुबह के समय एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई थी। पुलिस मुकदमा दर्ज करके आरोपितों की तलाश में जुटी हुई थी।

कोतवाली खलीलाबाद थाने में दी गई तहरीर में डड़वा गांव निवासी फरीदा खातून ने यह उल्लेख किया है कि बीते शुक्रवार की रात उनके पति मो. रुस्तम उर्फ घोलू घर के बाहर चारपाई पर सोये हुए थे। शनिवार की सुबह पांच बजे पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही मेराज, इमरान व अमिरुन्निशा उनके पास आ गये। मेराज के एक हाथ में गड़ासा व दूसरे हाथ में चाकू था। इमरान ने उनके पति का हाथ व अमीरुन्निशा ने पैर पकड़ लिया। मेराज ने उसके पति के सिर व गले पर वार कर दिया। इससे उनकी मौत हो गई। इस मामले में पुलिस इन तीनों लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी में जुटी हुई थी। इमरान व अमिरुन्निशा को गिरफ्तार कर रविवार को ही जेल भेज दिया था। सोमवार को मुख्य आरोपित मेराज को डड़वा चौराहे से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कोतवाली प्रभारी विजय नारायण प्रसाद ने बताया कि इनके पास से हत्या में प्रयोग किया गया गड़ासा व चाकू बरामद कर लिया गया है।

# हत्या मामले में पति ससुर समेत तीन लोगों पर केस

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर: कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने सोमवार को सुगापंखी गांव निवासी पति, ससुर समेत तीन लोगों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न व हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। चार दिन पूर्व विवाहित की हत्या के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है।

बखिरा थाने में दी गई तहरीर में भीखाडांड़ गांव निवासी अरविंद कुमार गुप्त ने उल्लेख किया है कि उनकी बहन अंजली की शादी वर्ष 2018 में कोतवाली खलीलाबाद के सुगापंखी गांव निवासी संतोष गुप्त के साथ हुई थी। शादी में दान-दहेज दिया गया था। शादी के बाद एक बेटा व एक बेटी पैदा हुई।

पति संतोष, ससुर बहरैची, ननद गीता दहेज के रूप में उसकी बहन से दो पहिया वाहन मांगने लगे। बहन ने रुपया न होने की बात कही तो ये लोग उसे पीटते थे। बहन ने इसकी जानकारी उन्हें दी। इस पर उन्होंने संपर्क किया। बाइक न देने पर बहन को जान से मार देने की धमकी दी गई। एक जून को सुबह करीब नौ बजे इन तीनों लोगों ने अंजली के गले में फंदा लगाकर कुंडी से लटका दिए। इससे उसकी मृत्यु हो गई। कोतवाली प्रभारी विजय नारायण प्रसाद ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## 29 वाहन चालक नहीं दिखा सके जरूरी कागजात

**संतकबीर नगर :** जनपद के विभिन्न थानों की पुलिस ने सोमवार को सरकारी अस्पताल व बैंक शाखाओं के परिसर, चौराहा, तिराहा आदि जगहों पर वाहनों की जांच की। इस दौरान मांगने पर जरूरी कागजात न दिखा सकने पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत 29 वाहन चालकों से 16 हजार 500 रुपये समन शुल्क की वसूली की गई। इससे दो पहिया वाहन चालकों में खलबली मची रही।

# हत्या के आरोप में पत्नी समेत छह पर केस दर्ज

अमर उजाला ब्यूरो

संतकबीरनगर। कोर्ट के आदेश सोमवार को कोतवाली पुलिस ने पति की हत्या के आरोप में पत्नी समेत छह के खिलाफ केस दर्ज किया। पुलिस मामले की जांच में उजागर होने वाले तथ्य के आधार पर कार्रवाई करने की बात कही।

गोरखपुर जिले के सहजनवां क्षेत्र के चकिया तिवारीपुर निवासी बलिराम का आरोप है कि उसके भाई घनश्याम की शादी वर्ष 2017 में सुनीता देवी निवासी झीनखाल बंजरिया कोतवाली के साथ हुई थी। उसके भाई के दो बच्चे पांच वर्षीय निधि और तीन वर्षीय बेबी है। आरोप है कि शादी के बाद से ही भाई का पत्नी से संबंध अच्छा नहीं था। आरोप है कि सुनीता वीडियो कॉलिंग से किसी से बात बातचीत करती थी और बिना कारण के मायके आती-जाती थी।

## कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शुरू की जांच

इसका भाई घनश्याम विरोध किया करते थे। आरोप है भाई को उसकी पत्नी जान से मरवा देने की धमकी देती थी। एक अप्रैल 2022 को भाई के साले की शादी थी। घनश्याम साले की शादी में ससुराल गए थे। आरोप है कि भाई पत्नी को कथित प्रेमी के साथ देखकर आपत्ति जताई।

इसी बात पर सुनीता और उसके पिता महंगू, मां मनसरा देवी, भाई बृजेश, गोलू व झिनकू निवासी पचपोखरी थाना दुधारा ने भाई घनश्याम को काफी मारापीटा। आरोप है कि भाई को छत पर ले जाकर लोग ढकेल दिया। चोट लगने के कारण उसके भाई की मौत हो गई। आरोप है कि लोगों ने उसके भाई की हत्या कर दी।

# पति समेत तीन के खिलाफ दहेज हत्या का केस

संतकबीरनगर। पांच दिन पहले कोतवाली क्षेत्र के सूगापंखी में विवाहिता की हुई मौत के मामले में सोमवार को पुलिस ने पति, ससुर समेत तीन के खिलाफ दहेज हत्या का केस दर्ज किया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

बखिरा क्षेत्र के भीखाडाड़ निवासी अरविंद गुप्ता का कहना है कि बहन अंजनी की शादी कोतवाली क्षेत्र के सूगापंखी निवासी संतोष गुप्ता के साथ वर्ष 2018 में हुई थी। तीन साल का बेटा और एक साल की बेटी है। आरोप है कि शादी से ही पति संतोष और ससुर बहरैची व ननद गीता दहेज में बाइक की मांग करते आ रहे थे। संवाद

# तमंचा कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

संतकबीरनगर। कोतवाली पुलिस ने सोमवार को चेकिंग के दौरान कांशीराम आवास के पास से एक युवक को तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। इंडस्ट्रीयल एरिया चौकी इंचार्ज सत्येंद्र यादव ने बताया पूछताछ में पकड़े गए आरोपी की पहचान आकाश कुमार निवासी दक्षिण कोलिया थाना गीडा जनपद गोरखपुर के रूप में हुई। तलाशी में पकड़े गए आरोपी के पास से 315 बोर का तमंचा और कारतूस बरामद हुआ। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट का केस दर्ज किया गया। ब्यूरो

# पांच नामजद समेत सात पर केस दर्ज, जांच में जुटी पुलिस

संवाद न्यूज एजेंसी

**धनघटा।** दो दिन पहले महुली क्षेत्र के कढुई गांव के शख्स की पिटाई कर तालाब से मछली उठा ले जाने के आरोप में पुलिस ने सोमवार को पांच नामजद और दो अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

कढुई निवासी राधेश्याम का आरोप है कि उसके भाई के नाम से तहसील प्रशासन ने पोखरे का दस वर्षीय मत्स्य पालन का पट्टा दिया है। इसमें मछली का बच्चा (जीरा) डाला गया है। आरोप है कि शनिवार शाम को जब वह पोखरे में पंपिंग सेट से पानी भर रहा था, उसी दौरान गांव के विक्रम कुछ सहयोगियों के साथ हॉकी और तमंचा लेकर पहुंच गए। आरोप है कि लोग जबरदस्ती पोखरे से मछली पकड़ कर ले जाने की बात कहने लगे। जब उसने आपत्ति की तो वे भड़क गए। हॉकी डंडे से उसे मारने पीटने लगे। आरोप है कि लोग तमंचा सटाकर पोखरे की सारी मछली को उठा ले गए और जाति सूचक शब्दों से अपमानित किया।

एसओ केडी सिंह ने बताया कि इस मामले में विक्रम, सुधीर निवासी कढुई, अभिजीत निवासी कोदवट, हुम्मन, भोला निवासी सिंदुरिया तथा दो अन्य नाम पता अज्ञात के खिलाफ बलवा, चोरी, मारपीट, तोड़फोड़, जानमाल धमकी व दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया गया है।

## मारपीट कर विवाहिता को निकाला

**धनघटा।** दहेज की मांग को लेकर ससुरालियों ने मारपीट कर रविवार शाम को एक विवाहिता को घर से निकाल दिया। ऐसा आरोप लगाते हुए पीड़िता ने सोमवार को महुली थाने में पति समेत चार ससुरालियों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, मारपीट और जानमाल की धमकी का केस दर्ज कराया है।

पीड़ित वंदना का आरोप है कि उसका विवाह कुछ वर्ष पहले कोल्हुआ में गोलू उर्फ प्रभाकर तिवारी के साथ हुई। विदाई में उसके पिता ने दहेज के रूप में दो लाख दस हजार नकदी, चेन, अंगूठी, घड़ी के साथ करीब साढ़े चार लाख का घरेलू सामान और बाइक दिया था। कुछ दिन तक सब ठीक ठाक चला। बाद में ससुराल वाले दहेज की और मांग करने लगे। इसके लिए पति, सास बार-बार उसे मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना देने लगे। रविवार शाम करीब छह बजे उसे मारपीट कर घर से भगा दिया। वह मायके चली आई।

एसओ केडी सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर पति गोलू उर्फ प्रभाकर तिवारी, सास नीलम तिवारी, देवर कान्हा तिवारी और ससुर दीनानाथ तिवारी के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, प्रताड़ना, मारपीट, जानमाल धमकी का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। संवाद

# हत्या का मुख्य आरोपी पकड़ा गया

## तंत्रमंत्र से नुकसान पहुंचाने के शक में रिश्ते के बाबा का कर दिया था कत्ल

अमर उजाला ब्यूरो

संतकबीरनगर। कोतवाली क्षेत्र के डड़वा में युवक की हुई हत्या का मुख्य आरोपी भागने की फिराक में था। पुलिस ने सोमवार को उसे टेमा रहमत के पास से गिरफ्तार किया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने डड़वा गांव के पूरब बगीचे में झाड़ में छुपाए गए बोगदा को बरामद किया।



हत्यारोपी मोहम्मद मेराज।

पुलिस की पूछताछ में मुख्य उसने बताया कि तंत्रमंत्र के जरिए रिश्ते के बाबा उसे नुकसान पहुंचाना चाहते थे। उसी वजह से उसने बोगदा से तीन बार उनके गर्दन कर प्रहार कर मौत के घाट उतार दिया।

इंस्पेक्टर क्राइम दीपक दूबे और एसएसआई राकेश मिश्र ने बताया कि शनिवार सुबह डड़वा गांव निवासी मोहम्मह रुस्तम उर्फ भोलू की धारदार हथियार से प्रहार कर हत्या कर दी गई थी। उनकी पत्नी फरीदा खातून ने पट्टीदार मोहम्मद मेराज, मोहम्मद इमरान व अमिरुन्निशा पत्नी मोहम्मद इमरान के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में रविवार को आरोपी दंपती मोहम्मद इमरान और अमीरुन्निशा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। जबकि मुख्य आरोपी मोहम्मद मेराज पुलिस की पकड़ से दूर था।

सोमवार को सूचना मिली कि हत्या का मुख्य आरोपी मोहम्मद मेराज बाहर भागने की फिराक में है। सूचना के आधार पर टेमा रहमत के पास से उसे गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी मोहम्मद मेराज ने बताया कि मृतक मोहम्मद रुस्तम उर्फ भोलू उसके रिश्ते के बाबा लगते थे। वे झाड़ फूंक का काम करते थे। शक था कि तंत्रमंत्र के जरिए रिश्ते के बाबा उसे नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहे थे। इसी वजह से उसने घटना की योजना बनाई। घटना से दो दिन पहले वह पट्टीदारी के रिश्ते के बाबा के घर से ही मांग कर भोजन किया था। मौका पाकर उसने बोगदा से गर्दन पर ताबड़तोड़ तीन बार प्रहार कर उन्हें मौत के घाट उतार दिया। मुख्य आरोपी की निशानदेही पर गांव के पूरब बगीचे के झाड़ में छुपाए गए घटना में प्रयुक्त बोगदा को बरामद किया गया। पकड़े गए मुख्य आरोपी को जेल भेज दिया गया।

# GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 07-06-2022



करनैलगंज सर्किल में धर्मगुरुओं व लोगों से संवाद करते एसपी। • हिन्दुस्तान

# एसपी ने धर्मगुरुओं से किया संवाद

गोण्डा। सुरक्षा और कानून व्यवस्था के मद्देनजर करनैलगंज सर्किल के धर्मगुरुओं और गणमान्य लोगों के साथ एसपी संतोष कुमार मिश्रा ने बैठक की। उन्होंने इस दौरान संवाद स्थापित कर शासन के आदेशों से सभी को अवगत कराया। इससे पहले उन्होंने छह माह से ज्यादा लंबित विवेचनाओं के निस्तारण के लिए सभी थानों का अर्दली रूम किया।

# बीडीसी को अगवा करने की शिकायत

अलावल देवरिया। थानाक्षेत्र के सिंहपुर निवासी युवक ने अपनी क्षेत्र पंचायत सदस्य मां को अगवा करने का सनसनीखेज आरोप चार लोगों पर लगाया है। उसने एएसपी सहित धानेपुर पुलिस से शिकायत की है। जिसपर पुलिस छानबीन में जुट गई है। सोमवार को ब्लाक प्रमुख पद के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच नामांकन किया गया है। वहीं नामांकन करने वाले प्रत्याशियों की ओर से क्षेत्र पंचायत सदस्यों को अपने खेमे में लाने की भी कवायद चल रही है। इसी बीच सोमवार की शाम को थाना क्षेत्र के सिंहपुर गांव की रहने वाली एक महिला क्षेत्र पंचायत सदस्य के नाटकीय ढंग से लापता हो गई। पुत्र की ओर से धानेपुर पुलिस से शिकायत की गई है। सिंहपुर निवासी रवि पांडे के मुताबिक उनकी बीडीसी मां चंद्रावती को क्षेत्र के ही चार लोग अपने साथ लेकर कहीं चले गए हैं। जिससे परिवार के लोग काफी परेशान हैं। ब्लाक प्रमुख नामांकन व चुनाव संबंधित जायजा लेने पहुंचे एएसपी और सीओ के समक्ष ही पीड़ित की ओर से शिकायत की गई है। इस पर एएसपी ने धानेपुर थानाध्यक्ष को त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया है प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है।

# अपहृत किशोरी को बरामद किया गया

खरगूपुर। एक ईंट भट्ठे से अपहरण की गई किशोरी को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर बरामद कर लिया लेकिन आरोपी भाग निकला।

स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव में एक ईंट भट्टे से एक मजदूर की 17 वर्षीय बेटी को उसी भट्ठे पर काम करने वाले मजदूर द्वारा अपरहण कर ले जाया गया। पीड़ित पिता ने थाना कटरा बाजार क्षेत्र के खिदूरा गांव निवासी विनोद चौहान के विरुद्ध बेटी के अपरहण किए जाने की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। थानाध्यक्ष कुबेर तिवारी ने बताया कि उप निरीक्षक चंद्र भूषण पांडे ने पुलिस सहयोगियों के साथ 24 घंटे के भीतर अपहरण की गई किशोरी को परसपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर से बरामद कर लिया। वहीं आरोपी पुलिस पकड़ से दूर बना है। बरामद किशोरी का बयान लिया जाएगा। भेजा गया है।

# महिला से दुष्कर्म के आरोपी को दबोचा

रामापुर। कौड़िया थाना पुलिस ने दुष्कर्म के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना अध्यक्ष मदनलाल गौतम ने बताया कि बनगाई के खम्हरिया निवासी ननकू वर्मा को गिरफ्तार किया गया है। वह थाना क्षेत्र के एक महिला के साथ हुई दुष्कर्म के आरोप में वांछित था और कई दिनों से फरार चल रहा था। आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

# दुराचार के आरोपी को गिरफ्तार किया

इटियाथोक। नाबालिग के साथ दुराचार करने के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। कोतवाल करुणाकर पांडेय ने बताया कि लड़की के साथ दुराचार करने के आरोपी मो. शादाब पुत्र अब्दुल रऊफ निवासी ग्राम चुरिहार पुर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उपनिरीक्षक विश्वास कुमार चतुर्वेदी आरक्षी देशदीप गिरी सुनील कुमार यादव और महिला आरक्षी आरती सिंह ने आरोपी युवक को गिरफ्तार किया।

# महिलाओं पर फब्तियां कसने का आरोपी गिरफ्तार

गोण्डा। मनकापुर थाने की पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर महिलाओं और लड़कियों को देखकर फब्तियां कसने के आरोप में अमरजीत नामक युवक को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस बताया कि आरोपी अमरजीत पुत्र सुकई थानाक्षेत्र के मौजा रामगढ़ टांगिया के हरदवा का रहने वाला है।

# तरबगंज पुलिस ने आरोपी को पकड़कर भेजा जेल

गोण्डा। थाना तरबगंज पुलिस ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान गोवध निवारण अधिनियम के आरोपी जमालुद्दीन को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि जमालुद्दीन पुत्र मुराद अली क्षेत्र के निर्मल पुरवा परियावां का रहने वाला है। उसे उप निरीक्षण सोमप्रताप सिंह ने अपनी टीम के साथ पकड़ा।

# नोबेल पुरस्कार विजेता कैलाश समेत तीन के खिलाफ वारंट

संवादसूत्र, गोंडा : वर्ष 2004 में बालश्रम के लिए नेपाल, दार्जीलिंग व अन्य शहरों से लाई गई 11 किशोरियों को सर्कस से मुक्त कराने के मामले की सुनवाई कर रहे विशेष न्यायाधीश गिरोहबंद अधिनियम/ पंचम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजबहादुर रामदेव यादव ने कड़ा रुख अख्तियार किया है। गवाह के तौर पर कई बार समन के बाद भी पेश न होने पर नोबेल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी समेत तीन के खिलाफ जमानती वारंट जारी किया गया है। प्रकरण की अगली सुनवाई 23 जून को होगी।

15 जून 2004 में कर्नलगंज में सर्कस लगा था। इसमें बाल श्रमिक किशोरियों के शोषण की सूचना पर गैर सरकारी संगठन बचपन बचाओ आंदोलन के प्रमुख कैलाश सत्यार्थी यहां पहुंचे थे। किशोरियों से जानकारी हासिल करने के दौरान ही सर्कस संचालक ने उन पर हमला बोल दिया था। आरोप लगा था कि उन पर तमंचा तक तान दिया गया था। यही नहीं, उन पर शेर छोड़ने के लिए पिंजरा

**वर्ष 2004 में कर्नलगंज में सर्कस में किशोरियों को छुटाने का मामला, विशेष न्यायाधीश गिरोहबंद अधिनियम ने दिया आदेश**

तक खोल दिया गया था। प्रशासनिक अधिकारियों ने पिंजरे को बंद कराया था। हमले में घायल कैलाश सत्यार्थी का इलाज गोंडा में कराया गया था। यहां से 11 किशोरियों को भी मुक्त कराया गया था। कर्नलगंज कोतवाली में मुकदमा किया था। अब इस मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश गिरोहबंद अधिनियम एडीजे पंचम राम बहादुर रामदेव यादव कर रहे हैं। सहायक शासकीय अधिवक्ता अनीता साहू ने बताया कि साक्ष्य के लिए नई दिल्ली के एल-छह कालका जी निवासी कैलाश सत्यार्थी, देवरिया के बढ़नपुरा निवासी राजेंद्र प्रसाद व एसआइ रतन सिंह को पेश होने के लिए समन जारी किया गया था। पेश न होने पर न्यायालय ने वारंट जारी किया है। इसकी सूचना पुलिस अधीक्षक को दी गई है।

# पुलिस की सूझबूझ से शादी, सुबह विदा हुए बराती

हलधरमऊ (गोंडा) : परसागोंडरी के बटपुरवा गांव निवासी जवाहर लाल के बेटी की शादी त्योरासी निवासी अंबरीश के साथ थी। रविवार की शाम बारात आई थी। देर रात खाना खाने के दौरान नशे में धुत बाराती मारपीट करने लगे। दोनों पक्ष के लोग आमने-सामने आ गए। मारपीट में प्रेम गुप्ता, दद्दन कुमार, सनी, संजय व वर पक्ष के लोग चोटिल हो गए। इससे नाराज होकर दूल्हा वापस लौट गया तो घर वालों ने बालपुर चौकी पर सूचना दी। बालपुर चौकी प्रभारी नीरज सिंह ने कहा कि जब वह मौके पर पहुंचे तो देखा कि दूल्हा समेत सभी बाराती वापस जा चुके है। दूल्हे के पिता और कुछ लोगों को गांव वालों ने रोक रखा था। दूल्हे के पिता को समझा-बुझाकर दूल्हे को वापस बुलाया गया। शादी के बाद वर-वधू दोनों को विदा कराया गया। गांव के मनोहर नाथ तिवारी, वेद प्रकाश तिवारी ने कहा कि शादी टूट चुकी थी लेकिन, पुलिस की सक्रियता से रिश्ता दोबारा जुड़ गया।

# बच्चों को बनाएं संस्कारवान, उन्हें अनुशासित जीवन की दें सीख

संसू, गोंडा: बच्चों के भीतर संस्कार विकसित करने के लिए हर किसी को सजग होना होगा। हर नागरिक की जिम्मेदारी है कि वह आने वाली पीढ़ी को अनुशासित जीवन के साथ ही उनमें सकारात्मक सोच विकसित करें। यह जीवन की दशा व दिशा तय करने में काफी सहायक होता है।

सोमवार को शहीदे आजम सरदार भगत सिंह इंका के समीप एक सेवा कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने कहा कि नौनिहालों को शिक्षा के साथ ही संस्कार से जोड़ा जाय। यह तभी संभव है, जब बच्चों को उचित मार्गदर्शन मिल सके। बच्चों में ज्ञानवर्द्धक गतिविधियों को बढ़ाया जाय। महिला थानाध्यक्ष पूनम यादव ने कहा कि यह एक बेहतर मुहिम है। गर्मी की छुट्टियों में बच्चों को विभिन्न गतिविधियों जोड़ने का प्रयास सराहनीय है। एक सेवा की साक्षी अरोरा ने तीन दिवसीय समर कैंप के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में परी खटवानी, उज्ज्वल लधवानी, शांभवी रस्तोगी, अनुष्का अग्रवाल,



शहीदे आजम सरदार भगत सिंह इंका के समीप आयोजित समर कैंप में प्रतिभागी परी को प्रमाणपत्र देते अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज बाएं • जागरण

हरीश जायसवाल, गीत अरोरा, माधुरी अरोरा, कार्तिक अग्रवाल, लक्ष कालानी, टीनू, आरव अग्रवाल, मिष्ठी कालानी, धैर्य टंडन को एएसपी ने सम्मानित किया। कार्यक्रम में रेखा कालरा, आशा, वंदना, निधि, सारिका, एकता, गुंजन, अनीता मौजूद थी।

# तीन पर मारपीट का मुकदमा

वजीरगंज :चंदापुर निवासी राम जियावन गुप्ता ने थाने पर तहरीर देकर कहा कि जमीन के विवाद को लेकर विपक्षी विंध्या प्रसाद तिवारी, प्रमोद तिवारी, विजय तिवारी ने अभद्रता करते हुए पिटाई की। थानाध्यक्ष चंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि तहरीर के आधार पर मुकदमा किया गया है। (संसू)

## विवेचना का करें निस्तारण

: गोंडा छह माह से अधिक समय से लंबित विवेचनाओं का निस्तारण गुणवत्ता पूर्ण ढंग से किया जाय। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाय। एसपी गोंडा संतोष कुमार मिश्र ने कर्नलगंज सर्किल के सभी विवेचकों का अर्दली रूम किया। उन्होंने लंबित विवेचनाओं की स्थिति के बारे में जानकारी हासिल की। एसपी ने 15 दिन के भीतर लंबित मुकदमों की विवेचना गुणवत्ता पूर्ण तरीके से करने का निर्देश दिया। साथ ही महिला संबंधी अपराधों के निस्तारण को लेकर विशेष प्रयास करने को कहा। सीओ कर्नलगंज मुन्ना उपाध्याय मौजूद थे।

# अपहृत किशोरी को पुलिस ने किया बरामद

संसू, खरगूपुर (गोंडा) : एक ईंट भट्ठे से अपहरण की गई किशोरी को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर बरामद कर लिया लेकिन, आरोपित भागने में सफल हो गया। ईंट भट्ठे से मजदूर की बेटी का अपहरण हो गया था। पीड़ित पिता ने कटरा बाजार के खिदूरा गांव निवासी विनोद चौहान के खिलाफ मुकदमा कराया था। थानाध्यक्ष कुबेर तिवारी ने कहा कि उप निरीक्षक चंद्र भूषण पांडेय ने अपने सहयोगियों के साथ 24 घंटे के भीतर किशोरी को मोबाइल लोकेशन के आधार पर परसपुर के शाहपुर गांव से बरामद कर लिया। शीघ्र ही आरोपित को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इसके लिए आरोपित के संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है।

## आग पर पाया काबू

धानेपुर : गोंडा उत्तरौला मार्ग पर स्थित शुकुलपुर गांव के समीप रविवार की रात में मांगलिक कार्यक्रम था। कार्यक्रम के दौरान चिंगारी पास के झाड़ी में चली गई। इससे झाडियों में आग लग गई। डायल 112 पुलिस व अग्निशमन दल को जानकारी दी गई। फायर ब्रिगेड के सहयोग से आग पर काबू पाया गया। (संसू)

## आरोपित गिरफ्तार

धानेपुर : थानाध्यक्ष संजय कुमार गुप्ता ने कहा कि ग्राम धनोहरी निवासी रामकुबेर वर्मा को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उन्होंने कहा कि आरोपित के खिलाफ कई मुकदमे हैं। वह फरार चल रहा था। थानाध्यक्ष ने कहा कि उपनिरीक्षक दिनकर शुक्ला की टीम ने गिरफ्तार किया है। (संसू)

## दुष्कर्म आरोपित गिरफ्तार

इटियाथोक : दुष्कर्म के मामले में आरोपित मुहम्मद शादाब निवासी चुरिहारपुर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष करुणाकर पांडेय ने कहा कि किशोरी के साथ दुष्कर्म किए जाने के मामले में आरोपित के खिलाफ मुकदमा किया गया था। (संसू)

## दो पक्षों में मारपीट

इटियाथोक : विनोहनी गांव निवासी दिव्यांग नरसिंह वर्मा ने दी गई तहरीर में कहा कि विपक्षी हीरालाल, राजमणि, रोहित, दिनेश ने पुरानी रंजिश के कारण उनकी दीवार गिरा दी। विरोध करने पर भाभी व भतीजी को पीट दिया। वह घर पहुंचा तो उसकी भी पिटाई कर दी। (संसू)

## आरोपित गिरफ्तार

आर्यनगर : कौड़िया के छिरास गांव निवासी भरत लाल शुक्ल को मारपीट करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष मदनलाल गौतम ने कहा कि आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है। (संसू)

## दुष्कर्म आरोपित गिरफ्तार

आर्यनगर : कौड़िया के खम्हरिया गांव निवासी नन्हकू वर्मा को दुष्कर्म मामले में पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष मदनलाल गौतम ने कहा कि एक दिन पूर्व युवती ने नन्हकू पर मुकदमा कराया था। (संसू)

# गोवध में वांछित आरोपी गिरफ्तार

**तरबगंज।** ग्रामसभा परियावां के मजरा निर्मल पुरवा में गोवंश के अवशेष मिलने के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। 15 मई की रात एक बाग में गोवंश का अवशेष मिला था। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर घटना की पड़ताल शुरू कर दी थी। उसमें तीन आरोपी 19 मई को व दो आरोपी 23 मई को गिरफ्तार किए गए थे। गोवध मामले में छठवें आरोपी जमालुद्दीन निवासी निर्मल पुरवा परियांवा वांछित चल रहा था। चौकी प्रभारी भानपुर सोम प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपी जमालुद्दीन को आजादनगर के पास से गिरफ्तार कर लिया गया है। (संवाद)

# अपहृत किशोरी मिली

**रुपईडीह।** अपहृत किशोरी को पुलिस ने 24 घंटे के अंदर तलाश लिया। मामला थाना क्षेत्र खरगूपुर के एक ईंट भट्ठा से जुड़ा हुआ है। थानाध्यक्ष कुबेर तिवारी ने बताया कि किशोरी का परिवार भट्ठा पर काम करता है। पिता के मुताबिक उसकी 17 वर्षीय पुत्री बीते दिन लापता हो गई। उसने एक युवक पर अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया था। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम ने मोबाइल लोकेशन के आधार पर किशोरी को परसपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर चौराहा से तलाश लिया। (संवाद)

# आतिशबाजी से झाड़ियों में लगी आग

**मुजेहना।** देवरिया अलावल में बरातियों की आतिशबाजी से झाड़ियों में आग लग गई। डायल 112 पुलिस के जवान राहुल गौड़ ने बताया कि शुकुलपुर स्थित एक मैरिज हाल में कहीं से बरात आई थी। मैरिज हॉल में पहुंचने से पहले बराती जश्न मनाते चल रहे थे। किसी ने आतिशबाजी छोड़ी जिससे सड़क के किनारे झाड़ियो में आग लग गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। (संवाद)

# गैंगस्टर का आरोपी गिरफ्तार

**मुजेहना।** प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार गुप्ता के नेतृत्व में थाना धानेपुर की टीम ने यूपी गैंगस्टर एक्ट में वांछित आरोपी रामकुबेर वर्मा को गिरफ्तार किया है। आरोपी ग्राम धनोहरी मौजा बरईपारा थाना धानेपुर का रहने वला है। इंस्पेक्टर ने बताया कि वह काफी दिनों से वांछित चल रहा था। (संवाद)

# मारपीट में नौ पर केस

**परसपुर (गोंडा)।** कस्बा परसपुर सहित दो स्थानों पर दो पक्षों में मारपीट हो गई। मामले में नौ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। पहली घटना साईं तकिया की है। यहां के निवासी गुड्डू ने तहरीर देकर बताया कि ननकऊ, ददुदन, इरफान व रिजवान तथा वह सभी परसपुर चौराहे पर लाई-चूरा की दुकान लगाते हैं। पुरानी रंजिश में आरोपियों ने सुबह उसके बेटे जीशान की लाठी-डंडा से पिटाई कर दी। वह बचाने के लिए बेटे राजा व रवि संग पहुंचा तो उन्हें भी पीटा। गुड्डू की तहरीर पर ननकऊ, ददुदन, इरफान व रिजवान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। इसी प्रकरण में ननकऊ ने भी मुकदमा दर्ज कराया है। कहा कि गुड्डू, राजू, राजा व रवि ने अभद्रता कर पिटाई की। उसका बेटा मेराज बचाने दौड़ा तो उसे भी पीटा। ननकऊ की तहरीर पर गुड्डू, राजू, राजा व रवि के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। दूसरी घटना ग्राम उतरौला हरदीटांड़ की है। यहां के निवासी रमेश विश्वकर्मा ने कहा कि चुनावी रंजिश को लेकर आरोपी राजू पासवान ने उसके घर पर आकर पिटाई की। रमेश की तहरीर पर राजू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। संवाद

# खाते से 1.30 लाख उड़ाए

**उमरीबेगमगंज (गोंडा)।** क्षेत्र के सुभाष इंटर कॉलेज के शिक्षक व अमदही निवासी आनंद प्रताप सिंह सोमवार को अपने क्रेडिट कार्ड का पिन जनरेट कर रहे थे। तभी अनजान नंबर से उन्हें कॉल आई। फोन करने वाले ने खुद को बैंक कर्मचारी बताते हुए ओटीपी व आधार नंबर बताने को कहा। इसके बाद आनंद के खाते से कई बार में एक लाख 30 हजार रुपये उड़ा दिए गये। आनंद ने साइबर सेल सहित उमरीबेगमगंज थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने मामले में बैंककर्मियों की भूमिका संदिग्ध होने का आरोप लगाया है। संवाद

# BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 07-06-2022

हिन्दुस्तान

# अतिक्रमण पर छह लोगों पर एक-एक हजार का जुर्माना

तुलसीपुर। आदर्श नगर पंचायत तुलसीपुर के मुख्य बाजार में गत दिनों अतिक्रमण हटवाए जाने के बाद ईओ संपूर्णानंद तिवारी ने नगर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान दोबारा अतिक्रमण मिलने पर छह दुकानदारों से जुर्माना वसूला गया। साथ ही दुकानदारों से प्लास्टिक की प्रतिबंधित थैली, थर्माकोल का गिलास, प्लेट बिक्री को लेकर भी चेताया। ईओ ने नगर के नई बाजार चौक में अतिक्रमण को लेकर औचक जांच किया। इस दौरान अतिक्रमण हटाए जाने के बावजूद भी छह दुकानदारों ने सड़क के पटरियों पर दुकान बढ़ा कर लगा रखे थे। जिससे आवागमन कर रहे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

# अभियान में चौपाल लगाकर लोगों को किया जागरूक

**बलरामपुर :** मिशन शक्ति अभियान के तहत नेपाल सीमा से सटे गांवों में बाल विवाह, भिक्षावृत्ति, बालश्रम व मानव तस्करी की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। जिले के पांच थानों में अभियान चलेगा। उप निरीक्षक ममता सिंह यादव ने बताया कि कोतवाली जरवा के नवलगढ़ में चौपाल लगाकर लोगों को जागरूक किया गया। (संसू)

# अभियुक्त गिरफ्तार

**संसू, ललिया :** नाबालिग के साथ छेड़खानी करने वाले टाप-टेन हिस्ट्रीशीटर अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर नाबालिग के साथ छेड़खानी करने वाले अभियुक्त हैदर अली निवासी झागीडीह को जेल भेज दिया गया है।

# पुलिसकर्मियों ने फिट रहने के लिए सीखे योग के गुर

**संवादसूत्र, बलरामपुर :** पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना के निर्देशन में रिजर्व पुलिस लाइन में योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। योग प्रशिक्षक डा. वीरेंद्र विक्रम सिंह ने पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को योग के गुर सिखाकर निरोग रहने की नसीहत दी।

योग प्रशिक्षक ने कहा कि पुलिसकर्मियों को शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए योग अत्यंत आवश्यक है। सूर्य नमस्कार, प्राणायाम, सिंहासन, शीर्षासन से न सिर्फ बीमारियों का उपचार किया जाता है, बल्कि योग हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाकर नई-ऊर्जा का संचार करता है। कहा कि योगासन शरीर को शक्तिशाली एवं लचीला बनाए रखता है। साथ ही तनाव से भी मुक्ति दिलाता है, जो हमारे दैनिक जीवन के लिए आवश्यक है। योग व प्राणायाम से चिंता मुक्ति, शरीर की प्रतिरोधक क्षमता में सुधार, वजन में कमी, सही समय पर सही निर्णय लेने की क्षमता, विभिन्न बीमारियों से छुटकारा, पेट संबंधित रोगों से मुक्ति एवं ऊर्जा में वृद्धि होती है। प्रतिसार निरीक्षक किशन लाल गौतम मौजूद रहे।

# 20 लीटर शराब संग दबोचा

**बलरामपुर।** कोतवाली जरवा की पुलिस ने 20 लीटर अवैध शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाल पवन कुमार कनौजिया ने सोमवार को बताया कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान बघेलखंड निवासी नानबाबू को 20 लीटर अवैध शराब के साथ रेशम फार्म महदेईया मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया। (संवाद)

# बाल विवाह व बालश्रम के प्रति किया जागरूक

**बलरामपुर।** महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन की तरफ से मिशन शक्ति अभियान के तहत बीते दिन भारत-नेपाल सीमा पर बाल विवाह, भिक्षावृत्ति, बालश्रम व मानव तस्करी की रोकथाम के लिए लोगों को जागरूक किया गया। एक से 20 जून तक जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। आरक्षी पप्पू सिंह, आरक्षी सलमान वारसी, आरक्षी बृजमोहन, महिला आरक्षी अंकिता सिंह व रंजना रावत की टीम ने भारत-नेपाल सीमा के ग्राम रतनवा, भटपुरवा, पिपरा व महादेव बांकी आदि गांवों में लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व ग्राम रोजगार सेवकों ने भी प्रतिभाग कर लोगों को बाल विवाह, भिक्षावृत्ति, बालश्रम व मानव तस्करी की रोकथाम के प्रति जागरूक करते हुए सहयोग की अपील की। (संवाद)

# महिलाओं को किया जागरूक

**बलरामपुर।** जिले के 15 कोतवाली व थाना क्षेत्रों में बीते दिन बेटियों व महिलाओं को जागरूक करने के लिए एंटी रोमियो टीमों ने जागरूकता अभियान चलाया। बेटियों व महिलाओं को पुलिस महकमे की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। एसपी राजेश कुमार सक्सेना व एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव के निर्देशन में एंटी रोमियो टीमों ने गांवों में भ्रमण कर मिशन शक्ति के तहत बेटियों व महिलाओं को आत्मरक्षा के प्रति जागरूक किया। इस दौरान गांवों, नगरों व कस्बों में कराए गये कार्यक्रमों में बेटियों व महिलाओं को हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई। एंटी रोमियो टीम ने बेटियों व महिलाओं को यातायात नियमों की भी जानकारी दी। (संवाद)

BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 07-06-2022

# भू माफिया गब्बर समेत तीन पर गैंगस्टर

- गब्बर पर दर्ज हैं पांच दर्जन से अधिक केस
- पुलिस जानकारी देने से कर रही आनाकानी

बहराइच, संवाददाता। सूबे की सरकार की कड़ाई के बाद भू माफिया देवेन्द्र प्रताप सिंह गब्बर सहित तीन के विरुद्ध जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र ने गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाई की है। यह तीनों आरोपी जिला कारागार में निरुद्ध हैं।

पयागपुर थाने के पिपरी मोहन गांव निवासी देवेन्द्र प्रताप सिंह गब्बर, उसके सहयोगी पिपरी मोहन गांव निवासी महेन्द्र प्रताप सिंह व नगर कोतवाली के कानूनगोपुरा निवासी मनीष कुमार जायसवाल के विरुद्ध देहात व नगर कोतवाली में दूसरे की सम्पत्ति हड़पने का केस दर्ज है। जबकि देवेन्द्र प्रताप सिंह गब्बर पर पांच दर्जन से अधिक आपराधिक केस दर्ज हैं। यह तीनों आरोपी जिला कारागार में निरुद्ध हैं। गब्बर सिंह व मनीष जायसवाल को लखनऊ में एसटीएफ ने गिरफ्तार किया था।

एक माह पूर्व देवीपाटन मंडल मुख्यालय पर डीआईजी उपेन्द्र कुमार अग्रवाल ने भू माफियाओं के विरुद्ध शासन की मंशा के मुताबिक कड़ी कार्रवाई न किए जाने पर गहरी नाराजगी जताई थी।

# 'नया सवेरा' बच्चों के जीवन में लाएगा खुशहाली

- बौद्धिक विकास के साथ समाज की मुख्य धारा से जुड़ेंगे ऐसे बच्चे
- कामकाजी बच्चों वाले हॉट स्पॉट बालश्रम से मुक्त घोषित होंगे

**34** ग्राम पंचायतों को हाट स्पाट चुना गया

**15** शहरी क्षेत्र के वार्ड भी हाट स्पाट बने

**21** ग्राम पंचायत चित्तौरा ब्लॉक व 13 महसी से चयनित हुए

बहराइच, संवाददाता। जिले में बाल श्रम से आजाद कराए गए बच्चों का शैक्षिक व बौद्धिक विकास कर समाज की मुख्य धारा से जोड़ने की पहल की जा रही है। नया सवेरा कार्यक्रम के तहत जनगणना वर्ष 2011 के आकड़ों के मुताबिक चिन्हित 20 से अधिक कामकाजी बच्चों वाले हॉटस्पॉट गांवों को बालश्रम मुक्त घोषित करने के भी प्रयास किए जा रहे हैं।

श्रम विभाग व यूनीसेफ के संयुक्त तत्वावधान में नया सवेरा योजना का शुभारम्भ 12 जून 2017 को अन्तर्राष्ट्रीय बालश्रम विरोध दिवस के अवसर पर किया गया था। योजना के प्रथम चरण में जनपद बहराइच सहित 20 जिलों को शामिल किया गया था। योजना के तहत बालश्रम से सर्वाधिक प्रभावित ग्रामों और शहरी वार्डों को चिन्हित कर कार्यवाही भी जारी है। बहराइच में 34 ग्राम पंचायत और 15 शहरी क्षेत्र वार्ड सहित कुल 49 हॉट-स्पॉट चिन्हित किए गए है। 34 ग्राम पंचायतों में 21 ग्राम पंचायत ब्लाक चित्तौरा तथा 13 ब्लाक महसी से लिए गए हैं।

## 36 बच्चों को मिल रहा बाल श्रमिक विद्या का लाभ

श्रम विभाग की ओर से संचालित बाल श्रमिक विद्या योजना के तहत कामकाजी, ड्रॉपआउट, अनियमित और बालश्रमिक बच्चे, जिनके माता या पिता या माता और पिता दोनों की मृत्यु हो गई हो। ऐसे 100 बच्चों जिनमें 56 बालक और 44 बालिकाएं शामिल हैं, उन्हें एक माह की किश्त प्रति बालक एक हजार तथा प्रति बालिका को 1200 प्रतिमाह की दर से आर्थिक सहायता के रूप में दी जा रही है। ऐसे 36 बच्चों को श्रम विभाग की बाल श्रमिक विद्या योजना का लाभ मिल रहा है। सीडीओ कविता मीना की ओर से सहायक श्रम आयुक्त को बाल श्रम से मुक्त कराए गए गच्चों एवं उनके परिवारों को केन्द्र व राज्य सरकार की ओर से संचालित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से भी जोड़ने को कहा गया है।

## 1401 परिवार कर्मकार योजना में पंजीकृत

बहराइच। जिले में नया सवेरा योजना के तहत 49 ग्राम पंचायत व वार्ड के कुल 1401 परिवारों को उत्तर प्रदेश भवन व अन्य निर्माण कर्मकार योजना के तहत पंजीकृत किया गया है। जिसमें 253 बाल श्रमिक परिवार के व 1148 अन्य परिवार शामिल हैं। अब तक 202 बाल श्रमिक परिवार और 409 अन्य परिवार कुल 611 परिवारों को लाभी मिल चुका है।

# बालश्रम से मुक्त हुए बच्चों के जीवन में आएगा 'नया सवेरा'

**जागरण संवाददाता, बहराइच :** जनगणना वर्ष 2011 के आकड़ों के अनुसार चिह्नित 20 से अधिक कामकाजी बच्चों वाले हाट-स्पाट गांवों को बालश्रम मुक्त घोषित करने के लिए नया सवेरा योजना चलाई जा रही है। इसकी समीक्षा सोमवार को सीडीओ ने बैठक में की।

योजना के तहत जिले में 34 ग्राम पंचायत और 15 शहरी क्षेत्र वार्ड 49 हाट-स्पाट चयनित किए गए हैं। बाल श्रम उन्मूलन की जिला स्तरीय समिति की बैठक में मुख्य विकास अधिकारी कविता मीना ने सहायक श्रम आयुक्त सिद्धार्थ मोदियानी को निर्देश दिया कि बालश्रम से मुक्त हुए बच्चों एवं उनके परिवारों को दूसरी अन्य योजनाओं व विभागों से समन्वय स्थापित कर जोड़ा जाए।

गैर सरकारी संगठनों, स्वैच्छिक संस्थाओं से भी सहयोग प्राप्त किया जाए। बीएसए को निर्देश दिया कि बाल श्रम से मुक्त हुए बच्चों का उनकी आयु के अनुसार स्कूलों में शत-प्रतिशत नामांकन भी सुनिश्चित कराएं।



कविता मीना, सीडीओ • जागरण

इस मौके अपर जिलाधिकारी मनोज, डीपीओ जीडी यादव, डीपीआरओ उमाकांत पांडेय, दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी एके गौतम, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह, सतीश श्रीवास्तव, श्रवण कुमार शुक्ल मौजूद रहे।

# गब्बर सिंह समेत तीन पर गैंगस्टर की कार्रवाई

## भूमि विवाद को लेकर घोषित हुआ था एक लाख का इनाम, भेज दिया गया था जेल

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** जमीन के विवाद में जिला जेल में बंद माफिया देवेंद्र प्रताप सिंह उर्फ गब्बर सिंह समेत तीन लोगों के विरुद्ध डीएम ने गैंगस्टर की कार्रवाई की संस्तुति दे दी है। जिलाधिकारी कार्यालय में देवेंद्र प्रताप सिंह को सूचीबद्ध करते हुए गैंगस्टर घोषित कर दिया गया है। इससे गब्बर व उसके सहयोगियों की मुश्किलें और बढ़ सकती हैं।

बीते वर्ष मार्च माह में केडीसी तिराहे पर महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण करने सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ पहुंचे थे। पयागपुर के मोहना माफी गांव निवासी व जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र प्रताप सिंह उर्फ गब्बर सिंह ने सीएम योगी को स्मृति चिन्ह भेंट किया था। तभी से वह क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया था। कुछ ही दिन बाद एक भूमि विवाद को लेकर उसके ऊपर एडीजी जोन ने एक लाख रुपये का इनाम घोषित कर गिरफ्तारी का आदेश दिया था। इसके बाद देवेंद्र सिंह व उसके सहयोगियों को जेल भेज दिया गया था। देवेंद्र प्रताप सिंह के ऊपर अयोध्या, प्रयागराज, गोंडा, पयागपुर, कोतवाली नगर और देहात में कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस अधीक्षक केशव प्रसाद चौधरी ने बताया कि देवेंद्र प्रताप सिंह उर्फ गब्बर सिंह व उसके दो अन्य सहयोगियों के खिलाफ कोतवाली नगर ने गैंग चार्ट तैयार किया था। इसे डीएम डॉ. दिनेश चंद्र को भेजा गया था। वहां से कार्रवाई की संस्तुति मिल गई। इसकी सूचना न्यायालय भेजी जा रही है।

## पुलिस के हत्थे चढ़ीं कच्ची शराब बना रहीं दो युवतियां

**नानपारा (बहराइच)।** कोतवाली नानपारा पुलिस ने ग्राम खटिकनपुरवा में रविवार शाम छापा मारकर दो युवतियों को कच्ची शराब बनाते हुए गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान मौके से कच्ची शराब, शराब बनाने के उपकरण व लाहन भी बरामद की गई। दोनों युवतियों को आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल रवाना कर दिया गया। कोतवाली नानपारा पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर ग्राम खटिकनपुरवा में छापा मारा। इस दौरान दो युवतियों को कच्ची शराब बनाते गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों युवतियों की पहचान मगरू व शिवानी के रूप में हुई। मौके से पुलिस को 40 लीटर कच्ची शराब, 275 किलोग्राम लाहन, 650 ग्राम नौसादर व यूरिया और शराब बनाने के उपकरण भी बरामद हुए। दोनों युवतियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया। छापा मारने वाली टीम में उपनिरीक्षक मनोज कुमार सिंह, प्रवीण कुमार, कृष्णचंद यादव, दिव्या शुक्ला व अल्पना देवी शामिल रहीं। संवाद



# अनफिट स्कूली वाहनों का पंजीयन होगा निरस्त

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** जर्जर व अधोमानक स्कूली वाहनों के संचालन पर अंकुश लगाने के लिए एआरटीओ महकमा सख्ती बरत रहा है। 228 विद्यालयों को स्कूली वाहन मानक के अनुसार दुरुस्त कराते हुए उनकी फिटनेस कराने के लिए विभाग की ओर से नोटिस जारी किया गया था। अब वाहनों को मानक के अनुसार दुरुस्त न कराने व उनकी फिटनेस में लापरवाही बरतने वाले विद्यालयों के वाहनों का पंजीयन निरस्त कराने की तैयारी शुरू की गई है।

काफी संख्या में ऐसे विद्यालय हैं जिनके संचालक छात्र-छात्राओं को घर से स्कूल लाने व ले जाने में जर्जर या अधोमानक वाहनों का प्रयोग कर रहे हैं। इससे नौनिहाल कभी भी दुर्घटना के शिकार हो सकते हैं। ऐसे वाहनों पर अंकुश लगाने के लिए लगभग एक माह पूर्व एआरटीओ प्रशासन राजीव कुमार व एआरटीओ प्रवर्तन ओपी सिंह ने स्कूलों में जाकर वाहनों की जांच की थी। इस दौरान विभिन्न विद्यालयों में स्कूली वाहन अधोमानक व बिना फिटनेस के संचालित होते पाए गये थे। ऐसे में सभी विद्यालय संचालकों को शीघ्र ही वाहनों को मानक के अनुसार दुरुस्त कराते हुए फिटनेस कराने के निर्देश जारी किए गये थे। इसके बाद भी काफी संख्या में विद्यालय संचालकों ने वाहनों को मानक के अनुसार दुरुस्त नहीं कराया। इस पर एआरटीओ विभाग से 228 विद्यालयों को चिन्हित करते हुए नोटिस जारी कर दिया गया है। शीघ्र ही ऐसे वाहनों का पंजीयन निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

### 228 स्कूलों को एआरटीओ ने भेजा था नोटिस

### निरस्त किया जाएगा पंजीयन

अधोमानक स्कूली वाहनों पर अंकुश लगाने के लिए कई बार विद्यालयों को चेतावनी दी गई। इसके बाद उन्हें नोटिस भी जारी किया गया। काफी संख्या में ऐसे विद्यालय हैं जिन्होंने इस ओर ध्यान नहीं दिया। अब ऐसे विद्यालयों को चिन्हित कर वाहनों का पंजीयन निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी। – **ओपी सिंह,** एआरटीओ, प्रवर्तन।



# SHRAWASTI POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 07-06-2022

# पुलिस पर हमले के दो आरोपी बंदी

**कामयाबी**

- संगठित चोर गिरोह के सदस्य हैं दोनों आरोपी पुलिस पर की थी फायरिंग
- घेराबंदी कर पुलिस ने दोनों आरोपियों को दबोचा, चोरी का माल भी किया बरामद

**गिरंटबाजार, संवाददाता।** रात गश्त के दौरान पुलिस पर असलहे से जानलेवा हमले के दो आरोपियों को पुलिस ने अवैध तमंचे व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। आरोपियों के विरुद्ध वांछित धाराओं में मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

मल्हीपुर थाना प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह व निरीक्षक राम नवल यादव टीम के साथ रविवार को रात्रि गश्त कर रहे थे। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि दो मोटरसाइकिल पर सवार तीन संदिग्ध व्यक्ति चोरी का सामान लेकर मनवरिया दीवान जंगल से निकलकर साइफन के रास्ते से होकर जा रहे हैं। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक टीम के साथ मुखबीर की ओर से बताये गये स्थान पर गाड़ाबन्दी की गयी। कुछ देर बाद दो बाइक आती दिखाई दी। पास आने पर पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया। लेकिन पुलिस टीम को देख कर बाइक मौके पर छोड़ कर तीनों संदिग्ध भागने लगे। तब पुलिस टीम ने घेराबन्दी कर आरोपियों को पकड़ने की कोशिश की तो एक व्यक्ति ने 312 बोर तमंचे से पुलिस टीम पर फायर झोंक किया जिसमें पुलिस जवान बाल बाल बच गए। पुलिस ने किसी तरह दो आरोपियों को धर दबोचा जबकि एक आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से एक अदद तमंचा, कारतूस, एक चोरी की बाइक व दो अदद चोरी के पंपिंग सेट बरामद कर जब्त कर लिया। साथ ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान मुजम्मिल उर्फ सलीम पुत्र हनीफ निवासी कानीबोझी व शकील पुत्र सोहराब निवासी लक्ष्मनपुर गंगापुर थाना मल्हीपुर के रूप में हुई। आरोपियों के विरुद्ध वांछित धाराओं में मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार आरोपियों का एक संगठित गिरोह है। आरोपी जनपद व आस पास के जनपदों से मोटरसाइकिल की चोरी, घरों में चोरी, नकबजनी व सम्पत्ति सम्बन्धी अपराध करने के अभ्यस्त अपराधी है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

# अवैध तमंचे के साथ एक आरोपी बंदी

**श्रावस्ती।** अपराध व अपराधियों के विरुद्ध पुलिस की ओर से चलाए जा रहे अभियान में एक आरोपी अवैध तमंचे के साथ पकड़ा गया। इकौना पुलिस रविवार को क्षेत्र में गश्त कर रही थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने एक व्यक्ति के कब्जे से एक अदद अवैध तमंचा व कारतूस बरामद किया। बरामद तमंचा व कारतूस को जब्त कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# अवैध चाकू के साथ एक गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** जिले में अपराधियों के विरुद्ध पुलिस की ओर से लगातार गिरफ्तारी अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने एक आरोपी को चाकू के साथ गिरफ्तार किया। रविवार शाम को इकौना थाना क्षेत्र में पुलिस की टीम गश्त कर रही थी। तलाशी के दौरान व्यक्ति के कब्जे से एक अदद अवैध चाकू बरामद हुआ। इस पर बरामद चाकू को जब्त कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# विश्व योग दिवस की तैयारियों पर मंथन किया

**श्रावस्ती,संवाददाता।** 21 जून को विश्व योग दिवस जिले में मनाया जाएगा। जिसकी तैयारियों को लेकर सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की गई। बैठक में योगाभ्यास की तैयारियों व आयोजनों को लेकर मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि विश्व योग दिवस के मौके पर जिले में विभिन्न स्थलों पर योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसको सफल बनाने के लिए अभी से सभी तैयारियां प्रारम्भ कर दी जाएं। डीएम ने कहा कि विभिन्न विभागों से समन्वय बनाकर इसकी कार्ययोजना तथा योगाभ्यास कराने के लिए मास्टर ट्रेनरों के माध्यम से विभिन्न स्थानों पर आयोजित होने वाले योगाभ्यास कार्यक्रम के लिए प्रशिक्षकों की तैनाती करके उन्हें योगाभ्यास कराने के लिए दक्ष किया जाय। ताकि जिले में विश्व योग दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले योग दिवस कार्यक्रम के दिन योगाभ्यास से अधिक से अधिक लोगों को जोड़कर कार्यक्रम को सफल बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि योग दिवस के दिन जिला मुख्यालय, तहसील, ब्लाक, ग्राम पंचायत, विभूतिनाथ मन्दिर व सीताद्वार मंदिर पर योग दिवस का आयोजन किया जायेगा। जिससे अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ प्राप्त हो सके। उन्होंने सभी उपजिलाधिकारियों, खण्ड विकास अधिकारियों, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला क्रीड़ाधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिया है कि आपस में समन्वय बनाकर योग दिवस पर योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित कराए जाएं और इस कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों के साथ-साथ एनसीसी के छात्र-छात्राओं व युवक मंगल दलों से जुड़े युवक, युवतियों को भी प्रतिभाग कराया जाय। जिलाधिकारी ने क्षेत्रीय आयुर्वेद अधिकारी को निर्देश दिया कि वे विभिन्न विभागों से समन्वय स्थापित कर कार्ययोजना तैयार करें, ताकि इस कार्यक्रम को सफल बनाया जा सके।



बैठक में मौजूद डीएम व अन्य अधिकारी

उन्होंने कहा कि जिला मुख्यालय भिनगा स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम में योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया जाए। यहां पर पांच हजार लोगों को योगाभ्यास कराने की जिम्मेदारी जिला क्रीड़ाधिकारी को सौंपी गई। बैठक में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा. अशोक कुमार पाण्डेय, सीडीओ अनुभव सिंह, एएसपी केशव चन्द्र गोस्वामी, एसडीएम भिनगा प्रवेन्द्र कुमार, इकौना आरपी चौधरी, जमुनहा सौरभ शुक्ला, एसडीएम रोहित, आशुतोष, बीएसए प्रभुराम चौहान, जिला क्रीडाधिकारी शिवकुमार यादव आदि मौजूद रहे।

# छेड़खानी व धमकी देने वाला आरोपी गिरफ्तार

श्रावस्ती। मल्हीपुर पुलिस ने सोमवार को छेड़खनी करने व जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जनपद में अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस अधीक्षक की ओर से सभी थाना प्रभारियों को अपराधियों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। मल्हीपुर प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्द्धन सिंह टीम के साथ क्षेत्र में वांछितों व वारंटियों की तलाश में भ्रमण कर रहे थे। इस दौरान पुलिस ने पोक्सो एक्ट के वांछित आरोपी ननकऊ खां पुत्र जाकिर खा रामपुर दाखिला रामपुर बस्ती थाना मल्हीपुर को गिरफ्तार कर लिया।

## अपहृता सकुशल बरामद आरोपी गिरफ्तार हुआ

श्रावस्ती। अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान में मल्हीपुर पुलिस ने अपहृता को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मल्हीपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवती रविवार को लापता हो गई थी। युवती के परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज किया था। पुलिस ने अपहृता को बरामद कर एक आरोपी शाहरुख खान पुत्र रोशन खान बेगमपुर थाना को गिरफ्तार कर लिया।

# अपहृता सकुशल बरामद आरोपी गिरफ्तार हुआ

श्रावस्ती। अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान में मल्हीपुर पुलिस ने अपहृता को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मल्हीपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवती रविवार को लापता हो गई थी। युवती के परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज किया था। पुलिस ने अपहृता को बरामद कर एक आरोपी शाहरुख खान पुत्र रोशन खान बेगमपुर थाना को गिरफ्तार कर लिया।

## जांची कोर्ट परिसर की सुरक्षा

**श्रावस्ती** : सोमवार को प्रतिसार निरीक्षक विनोद सिंह ने पुलिस टीम के साथ भिनगा तहसील व न्यायलय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। सुरक्षा में लगे पुलिसकर्मियों को सतर्क रहकर मुस्तैदी से ड्यूटी करने के निर्देश दिए। (वि.)

## चाकू के साथ गिरफ्तार

**श्रावस्ती** : इकौना पुलिस टीम ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुझहनिया निवासी दीपकराम को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके कब्जे से एक अदद चाकू बरामद हुआ। आरोपित के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। (वि.)

# पुलिस टीम पर जानलेवा हमले के दो आरोपित किए गए गिरफ्तार

- तमंचा, कारतूस, चोरी की बाइक व अन्य सामान बरामद
- रात में गश्त के दौरान मल्हीपुर पुलिस टीम ने की कार्रवाई

**जासं, श्रावस्ती :** मल्हीपुर पुलिस टीम ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान पुलिस टीम पर तमंचे से जानलेवा हमले के आरोपित दो शातिर चोरों को दबोच लिया। इनके कब्जे से तमंचा, कारतूस, चोरी की बाइक व पंपिंग सेट बरामद हुआ है। पूछताछ के बाद आरोपितों को जेल भेजा गया है।

एसपी अरविंद कुमार मौर्य ने बताया कि एएसपी केशव चंद गोस्वामी व सीओ भिनगा अतुल कुमार चौबे के नेतृत्व में मल्हीपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन पुलिस टीम के साथ रात में गश्त पर थे। इसी दौरान दो बाइक पर सवार तीन व्यक्ति संदिग्ध सामान लेकर मनवरिया दीवान जंगल से साइफन के रास्ते से होकर जा रहे थे। संदेह होने पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर रोकने का प्रयास किया तो आरोपित बाइक छोड़ कर भागने लगे। टीम ने पकड़ने की कोशिश की तो मुजम्मिल उर्फ सलीम ने पुलिस टीम पर 315 बोर तमंचे से फायर कर दिया। पुलिस टीम ने बचते-बचाते कानीबोझी निवासी मुजम्मिल उर्फ सलीम व लक्ष्मनपुर गंगापुर निवासी शकील को दबोच लिया। अंधेरे का फायदा उठाकर कानीबोझी निवासी हफीज भागने में सफल रहा। आरोपितों के कब्जे से तमंचा, पांच कारतूस, चोरी की बाइक, दो पंपिंग सेट बरामद हुए। फरार आरोपित की गिरफ्तारी के लिए टीम लगाई गई है। एसपी ने बताया कि आरोपितों का एक संगठित गिरोह है। इनकी ओर से जिला व आसपास के जनपदों से बाइक चोरी, नकबजनी व संपत्ति संबंधी अपराध किया जाता था। पहले क्षेत्र के गांवों में घूमकर चोरी करने वाले विद्यालय, घर, स्थानों की रेकी कर परिवार व आसपास के लोगों के बारे में जानकारी एकत्र करते थे। इसके बाद बाइक में फर्जी नंबर प्लेट लगाकर रात में रेकी किए गए स्थान से कुछ दूरी पर बाइक खड़ी कर चोरी की घटना को अंजाम देते थे। आरोपितों ने विगत दिनों में मल्हीपुर क्षेत्र के विद्यालय व घरों में कई चोरी की घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया। चोरी की बाइकों का नंबर प्लेट बदल कर व अन्य चोरी के सामान को नेपाल राष्ट्र व अन्य जनपदों में बेच देते थे।

# विश्व योग दिवस की अभी से शुरू करें तैयारी : डीएम



कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित विश्व योग दिवस की तैयारी बैठक में मौजूद डीएम नेहा प्रकाश (बाएं से दूसरे), सीडीओ अनुभव सिंह (दाएं से दूसरे) व अन्य अधिकारी ● जागरण

**जासं, श्रावस्ती :** 21 जून को आयोजित होने वाले विश्व योग दिवस को सफल बनाने को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में तैयारी बैठक हुई। अध्यक्षता डीएम नेहा प्रकाश ने की। उन्होंने कहा कि योग दिवस को भव्यता पूर्वक मनाने के लिए अभी से तैयारियां शुरू कर दें। मास्टर ट्रेनरों के माध्यम से प्रशिक्षकों की तैनाती कर योगाभ्यास के लिए उन्हें दक्ष करें।

डीएम ने कहा कि विश्व योग दिवस पर अधिक से अधिक लोगों को योगाभ्यास से जोड़कर कार्यक्रम को सफल बनाना है। विभिन्न योग वेलनेस सेंटर व इंटर कालेजों में योग प्रशिक्षकों व सहायकों की अगुवाई में योग शिविर का आयोजन होगा। जिला मुख्यालय, तहसील, ब्लाक व ग्राम पंचायत, विभूतिनाथ मंदिर व सीताद्वार मंदिर पर योग दिवस का आयोजन किया जाएगा। जिले वासियों से योगाभ्यास में बढ़-चढ़कर भारीदारी निभाने की अपील की है। एसडीएम, बीडीओ, डीआइओएस, जिला क्रीड़ाधिकारी, डीपीआरओ व बीएसए आपस में समन्वय बनाकर योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित कराएं। वरिष्ठ नागरिकों के साथ एनसीसी के छात्र-छात्राओं व युवक मंगल दल से जुड़े युवक व युवतियों की भी सहभागिता सुनिश्चित कराएं। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक अधिकारी विभागों से समन्वय बनाकर कार्ययोजना तैयार करें। जिला मुख्यालय भिनगा स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम में योगाभ्यास कार्यक्रम होगा। यहां पांच हजार लोगों को योगाभ्यास कराने के लिए जिला क्रीड़ाधिकारी को जिम्मेदारी दी है।

# युवक को पहले पीटा, अब दे रहे जानमाल की धमकी

**जासं, श्रावस्ती :** सोनवा क्षेत्र के बरदेहरा भारी गांव में दबंगों ने युवक की पिटाई कर दी। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी, 18 दिन बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। आरोपित युवक को जानमाल की धमकी दे रहे हैं। पीड़ित ने एसपी अरविंद कुमार मौर्य से मिलकर न्याय की फरियाद की है।

बरदेहरा भारी गांव निवासी बलवंत कुमार का आरोप है कि नेवरिया निवासी सारिक ने फोन से बात कर उसके स्कार्पियो वाहन को 19 मई को बुक कराया था। गूगल-पे से पांच सौ रुपये बयाना जमा किया था। वह समय पर गाड़ी लेकर पहुंचा तो नेवरिया मोड़ पर पहले से मौजूद दीपक, सारिक व देवा यादव ने उसे मारपीट कर स्कार्पियो की चाबी छीन ली। अपनी जान बचाकर वहां से भागा और बरदेहरा मोड़ पर बैठा था। आरोपित यहां भी पहुंच गए। जबरन उसे वाहन में बिठाकर बहराइच लेकर चले गए। इस दौरान उसके पास मौजूद 17 हजार 500 रुपये छीन लिए। रात भर बंधक बनाए रखा। सुबह बहराइच रेलवे स्टेशन के पास सुनसान स्थान पर छोड़ दिया। किसी तरह वह घर पहुंचा और फिर सोनवा थाने पर पहुंच कर पुलिस को घटना के संबंध में शिकायती पत्र दिया।

# चोरों ने पुलिस पर तमंचे से किया फायर, दो गिरफ्तार

## चोरी की बाइक, दो पंपिंग सेट, तमंचा और कारतूस बरामद

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** जिले में वाहन व पंपिंग सेट सहित अन्य सामान चुराने वाला गिरोह सक्रिय हैं। इनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस अभियान चला रही है। इस दौरान मनवरिया दीवान जंगल से निकलकर साइफन जाने वाले मार्ग पर पुलिस ने रविवार को चोरों की घेराबंदी किया। खुद को घिरता देख चोरों ने पुलिस टीम पर तमंचे से फायर कर दिया। पुलिस की घेराबंदी में दो चोर पकड़े गये। इनके कब्जे से पुलिस ने चोरी का सामान व तमंचा बरामद किया।

मल्हीपुर थाने में तैनात प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह व निरीक्षक रामनवल यादव क्षेत्र भ्रमण पर निकले थे। इस दौरान उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि दो मोटरसाइकिलों पर तीन लोग संदिग्ध सामान लेकर मनवरिया दीवान जंगल से निकलकर साइफन के रास्ते से जा रहे हैं। इस पर पुलिस टीम ने नाकाबंदी की। इस दौरान दो मोटरसाइकिल आती दिखीं। रोकने पर बाइक सवार वाहन छोड़कर भागने लगे। घेराबंदी करने पर मुजम्मिल उर्फ सलीम ने पुलिस टीम पर तमंचे से फायर कर दिया। कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने मुजम्मिल निवासी कानीबोझी व शकील निवासी लक्ष्मनपुर गंगापुर को गिरफ्तार कर लिया। इनका एक अन्य साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला। इनके कब्जे से पुलिस ने एक तमंचा व जिंदा कारतूस बरामद किया। वहीं, पूछताछ में मोटर साइकिल भी चोरी की निकली।

गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी के दो पंपिंग सेट भी बरामद किए। एसपी अरविंद कुमार मौर्य ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों का संगठित गिरोह है। ये पहले क्षेत्र के गांवों में रेकी कर जानकारी एकत्र करते हैं। इसके बाद घटना को अंजाम देते हैं। गिरफ्तार आरोपियों पर पहले से ही कई मामले दर्ज हैं। सभी को जेल भेज दिया गया है।

### तमंचा व चाकू के साथ दो आरोपी दबोचे

**श्रावस्ती।** इकौना पुलिस ने रविवार को गस्त के दौरान एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से पुलिस ने एक तमंचा व दो कारतूस बरामद किया। गिरफ्तार युवक की पहचान थाना क्षेत्र के मुझहनिया निवासी मोहम्मद सलीम उर्फ निमई पुत्र गोली के रूप में हुई। वहीं पुलिस ने गस्त के दौरान मुजहनिया निवासी दीपक राम पुत्र गंगाराम को चाकू के साथ गिरफ्तार किया। जिनके विरुद्ध पुलिस ने आर्म्स एक्ट में कार्रवाई की है। (संवाद)

### कच्ची शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** गिलौला पुलिस ने रविवार रात गस्त के दौरान हनाभारी निवासी छोटकऊ पुत्र भगई को गिरफ्तार किया। जिसके पास से पुलिस ने बीस लीटर कच्ची शराब बरामद की। पुलिस ने आबकारी अधिनियम में कार्रवाई की है। जिला पुलिस ने रविवार रात आठ लोगों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया। जिनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई कर उन्हें संबंधित एसडीएम के समक्ष पेश किया गया। (संवाद)

# 64 वाहनों का हुआ चालान

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस ने सोमवार को विभिन्न चेकपोस्ट, बैरियर सहित कई स्थानों पर संदिग्ध वाहनों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस ने वाहनों की जांच कर 64 वाहनों का ई-चालान किया। संवाद

# गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारित करें प्रार्थना पत्र

## सैनिक सम्मेलन, कानून व्यवस्था व अपराध नियंत्रण के लिए हुई गोष्ठी

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** पुलिस लाइन सभागार में रविवार को सैनिक सम्मेलन, कानून व्यवस्था व अपराध नियंत्रण के लिए गोष्ठी का आयोजन किया गया। अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक ने की, इस दौरान उन्होंने मौजूद प्रभारियों को अपराधियों पर नकेल कसने व अपराध पर नियंत्रण के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

सम्मेलन में पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य ने सांप्रदायिक भावना भड़काने वालों, असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने व छोटी से छोटी बातों का संज्ञान लेने, सोशल मीडिया पर निगरानी रखने के साथ-साथ डिजिटल वालेंटियर ग्रुप को अपडेट कर उनके

### बैंक व लेनदेन वाले स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश

साथ नियमित मीटिंग कर सहयोग लेने का निर्देश दिया। अवैध शराब निर्माण, भंडारण, परिवहन व बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण लगाने, चोरी व लूट की घटनाओं की रोकथाम के लिए रात्रि गश्त व क्षेत्र भ्रमण करने को कहा। लंबित जनशिकायतों एवं आईजीआरएस पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों को समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने के लिए कड़े निर्देश दिए। बैंक व लेनदेन वाले स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने समेत कई निर्देश दिये।

लंबित विवेचनाओं, विशेषकर अनावरित अभियोगों के निस्तारण, वांछित अभियुक्तों, इनामिया, जिलाबदर, एनबीडब्ल्यू के विरूद्ध अभियान चलाकर गिरफ्तारी करने व शातिर अपराधियों के विरुद्ध गुंडा, गैंगेस्टर आदि की कार्रवाई करने, मार्ग दुर्घटनाओं को रोकने, यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने व अतिक्रमण हटवाने के लिए सभी थाना प्रभारी सहित यातायात प्रभारी को निर्देशित किया। बालिकाओं एवं महिलाओं के विरूद्ध होने वाले अपराधों पर प्रभावी कार्रवाई करने, एंटी रोमियो टीम द्वारा अभियान को निरंतर जारी रखने पर बल दिया। शस्त्र लाइसेंस धारकों का शत प्रतिशत सत्यापन करने, भूमि विवाद से संबंधित प्रकरणों में प्राप्त प्रार्थना-पत्रों में राजस्व टीम के साथ समन्वय स्थापित कर मौके पर जाकर निस्तारण कराने, थानों पर लंबित माल मुकदमातों, वाहनों व मालों के निस्तारण करने को कहा।